संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, रविवार, 03 नवंबर 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

HAPPY भाई दूज

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 | वर्षः 18 अंकः 303 पृष्ठः 12 | RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

### आदर्श विचार



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं। - भगवत गीता"

### मन की बात



"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं।
-स्वामी विवेकानंद"

# भारत-कनाडा के रिश्तों में फिर आई खटास

● उच्चायोग का अफसर तलब; 3 दिन पहले कनाडा ने कहा था- शाह खालिस्तानियों पर हमला करवा रहे, भारतीय अफसरों पर नजर रख रही कनाडाई सरकार

**टीम एक्शन इंडिया**

**ओटावा/नई दिल्लीः भारत** ने कनाडा के उस बयान पर आपत्ति जताई है, जिसमें कहा गया था कि कनाडा में खालिस्तानियों पर एक्शन के पीछे गृह मंत्री अमित शाह हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शनिवार को बताया कि एक नवंबर को कनाडाई उच्चायोग के अफसर को तलब किया गया। इस दौरान कहा गया कि अमित शाह पर लगाए आरोप निराधार और बेतुके हैं। कनाडाई अधिकारी जानबूझकर भारत को बदनाम करने की रणनीति के तहत आरोप लगा रहे हैं। फिर अंतरराष्ट्रीय मीडिया में इसे लीक करते हैं। इससे दोनों देशों के संबंधों पर गंभीर असर पड़ेगा। दरअसल, कनाडा के विदेश उप-मंत्री डेविड मॉरिसन ने 29 अक्टूबर को एक संसदीय पैनल में दावा किया था कि अमित शाह ने कनाडा में सिख खालिस्तानियों को निशाना बनाने का आदेश दिया था।

**भारतीय अफसरों पर नजर रख रही कनाडाई सरकारः** रणधीर जायसवाल ने कहा, 'हमारे कुछ वाणिज्य दूतावास अधिकारियों को हाल ही में कनाडा सरकार की तरफ से सूचना दी गई थी कि



**रिश्तों में कड़वाहट**

**विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शनिवार को बताया कि एक नवंबर को कनाडाई उच्चायोग के अफसर को तलब किया गया**

वे ऑडियो और वीडियो निगरानी में हैं। उनके कम्युनिकेश को भी बाधित किया गया है।' 'हमने औपचारिक रूप से इसका भी विरोध किया है। हम ऐसे काम को राजनयिक और वाणिज्य कन्वेंशन का उल्लंघन मानते हैं। तकनीकी बातों का हवाला देकर, कनाडा सरकार इस चीज को सही नहीं ठहरा सकती है। हमारे राजनयिक पहले से ही उग्रवाद और हिंसा के माहौल में काम कर रहे हैं।'

**दिवाली सेलिब्रेशन कैंसिल करने पर भी बोले जायसवालः** कनाडा में दिवाली सेलिब्रेशन कैंसिल होने पर प्रवक्ता ने कहा- हमने इससे जुड़ी कुछ खबरें सुनी हैं। यह बहुत दुखद है कि वहां पर माहौल इस स्तर पर पहुंच गया है। कनाडा की संसद पार्लियामेंट हिल में दिवाली उत्सव रद्द करने की खबरें सामने आईं थी। रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि भारत के साथ चल रहे राजनयिक गतिरोध के बीच दिवाली समारोह को रद्द कर दिया गया।

**मॉरिसन ने माना- अमेरिकी अखबार को जानकारी दी थी :** मॉरिसन ने 29 अक्टूबर को यह भी माना था कि उन्होंने ही अमेरिकी अखबार वॉशिंगटन पोस्ट को अमित शाह का नाम बताया था और भारत-कनाडा मीटिंग से जुड़ी जानकारी दी थी। अमित शाह ने खालिस्तानियों को निशाना बनाने का आदेश दिया था। जब कनाडाई अधिकारी ने खुलकर भारत सरकार के किसी मंत्री का नाम लिया। इससे पहले 16 अक्टूबर को कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो ने एक आयोग के सामने कहा था कि पिछले साल सितंबर 2023 में जब उन्होंने हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंट्स के शामिल होने का आरोप लगाया था।

## कनाडा की राजनीति पर भारत सख्त

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः भारत** ने आरोप लगाया है कि कनाडा लगातार भारत की वैश्विक स्तर पर छवि खराब करने के अनर्गल प्रयास कर रहा है। भारत ने कड़ी चेतावनी दी है कि द्विपक्षीय संबंधों पर इसके गंभीर परिणाम होंगे।

भारत का हालिया बयान कनाडा में सुरक्षा संबंधी स्थाई समिति की सुनवाई के दौरान गृहमंत्री अमित शाह का नाम आने के संबंध में आया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शनिवार को साप्ताहिक पत्रकार वार्ता में कहा कि कल कनाडा के दूतावास के प्रतिनिधि को इस संबंध में तलब किया गया था और राजनयिक नोट दिया गया था। प्रवक्ता ने कहा कि 29 अक्टूबर को ओटावा में



सार्वजनिक सुरक्षा और राष्ट्रीय सुरक्षा पर स्थाई समिति कार्रवाई के संदर्भ में एक राजनयिक नोट प्रतिनिधि को सौंपा गया है। जिसमें बताया गया कि भारत सरकार उप मंत्री डेविड मॉरिसन द्वारा समिति के समक्ष भारत के केंद्रीय गृह मंत्री के बारे में व्यक्त किए गए अनर्गल और निराधार संदर्भों का कड़े से कड़ा विरोध करती है। उन्होंने कहा कि कनाडा के उच्चाधिकारी भारत को बदनाम करने और अन्य देशों को प्रभावित करने की सुविचार रणनीति के तहत जानबूझकर अंतरराष्ट्रीय मीडिया को निराधार आक्षेप लीक करते हैं। यह भारत के उस दृष्टिकोण की ही पुष्टि करता है जो भारत सरकार लंबे समय से वर्तमान कनाडा सरकार के राजनीतिक एजेंडा और उसके व्यवहार के तौर-तरीके के बारे रखता रहा है। न्होंने कहा कि इस तरह की गैर जम्मेदाराना कार्रवाइयों से द्विपक्षीय संबंधों पर गंभीर परिणाम होंगे।

## रक्षा मंत्री ने फील्ड गन फैक्टरी का निरीक्षण किया



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को उत्तर प्रदेश में कानपुर स्थित एडवांस्ड वेपन्स एंड इक्विपमेंट इंडिया लिमिटेड (एडब्ल्यूईआईएल) की इकाई, फील्ड गन फैक्टरी का दौरा किया और महत्वपूर्ण स्वदेशी रक्षा क्षमताओं का जायजा लिया। एक सरकार प्रवक्ता ने आज यहां यह जानकारी देते हुए बताया कि एडब्ल्यूईआईए को टैंक टी-90 और धनुष गन सहित विभिन्न आर्टिलरी गन तथा टैंकों की बैरल और ब्रीच असेंबली के निर्माण में विशेषज्ञता हासिल है। इस दौरान रक्षा मंत्री ने महत्वपूर्ण स्वदेशी रक्षा क्षमताओं का जायजा लेने के लिए फैक्टरी के हीट ट्रीटमेंट और न्यू असेंबली शॉप सहित प्रमुख सुविधाओं का निरीक्षण किया।

**रक्षा क्षमता**

**फील्ड गन फैक्टरी का दौरा किया और महत्वपूर्ण स्वदेशी रक्षा क्षमताओं का जायजा लिया**

## कश्मीर में 36 घंटे में तीन एनकाउंटर, तीन आतंकी ढेर, चार जवान घायल

**टीम एक्शन इंडिया**

**श्रीनगरः** जम्मू-कश्मीर के अंतर्गत श्रीनगर के खानयार इलाके में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में सीआरपीएफ के दो जवान और दो पुलिसकर्मी घायल हो गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि शनिवार को खानयार इलाके में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में सीआरपीएफ के दो जवान और दो पुलिसकर्मी घायल हो गए। उन्होंने बताया कि इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की



सूचना मिलने के बाद सुरक्षाबलों ने सुबह खानयार में घेराबंदी की और तलाशी अभियान शुरू किया। जिसके बाद खानयार में सेना के जवानों ने आतंकियों का ठिकाना ध्वस्त कर दिया है। जारी वीडियो में खानयार में मौजूद आतंकियों के ठिकाने से आसमान में धुएं का गुबार उठता हुआ नजर आ रहा है। वहीं, इलाके में सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ के दौरान पीछे से गोलियों की आवाजें भी सुनी जा सकती हैं। मिली जानकारी के अनुसार, सेना ने आतंकियों को बाहर निकालने के लिए मकान को तबाह किया जिससे सेना उन्हें पकड़ सके। इसके लिए जवानों ने घर के एक हिस्से में आग लगा दी। पिछले कई घंटों से यहां एनकाउंटर जारी है।

**मुठभेड़ में एक आतंकी ढेर :** मौजूदा समय में खानयार में मुठभेड़ जारी है। गोलीबारी में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के दो जवान और दो पुलिसकर्मी घायल हो गए। उन्हें सेना के 92 बेस अस्पताल ले जाया गया।

### अनंतनाग में दो आतंकी मारे गए

**शनिवार** को जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले के शांगस और लारनू में सुरक्षाबलों ने दो आतंकवादियों को ढेर कर दिया। इस बाबत अफसरों ने बताया कि मुठभेड़ दक्षिण कश्मीर जिले के शांगस-लारनू इलाके में हल्कन गली के पास हुई। मारे गए दोनों आतंकियों में से एक विदेशी और दूसरा स्थानीय था। आतंकियों ने बडगाम जिले के मगाम इलाके के अंतर्गत मजहामा में दो गैर-कश्मीरियों को गोली मार दी थी। घायल युवकों की पहचान उत्तर प्रदेश निवासी उस्मान और सूफियान के रूप में हुई।

## संसद का शीतकालीन सत्र 25 नवंबर से

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः 18वीं** लोकसभा का पहला शीतकालीन सत्र 25 नवंबर से शुरू होगा। रिपोर्ट्स के अनुसार सत्र 20 दिसंबर तक चलेगा। इसमें वन नेशन-वन इलेक्शन और वक्फ विधेयक समेत कई बिल पेश होने के आसार हैं। इसके अलावा जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा देने का प्रस्ताव भी पास किया जा सकता है। 18वीं लोकसभा का



पहला मानसून सत्र 22 जुलाई से 9 अगस्त तक चला था। पूरे सत्र में कुल 15 बैठकें हुईं, जो लगभग 115 घंटे तक चलीं थी। सत्र के दौरान सदन की प्रोडक्टिविटी 136% रही। इसी सत्र में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 23 जुलाई को सदन में केंद्रीय बजट 2024-2025 पेश किया। इस पर कुल 27 घंटे और 19 मिनट तक चर्चा चली, जिसमें 181 सदस्यों ने भाग लिया। सत्र में कुल 65 प्राइवेट मेम्बर बिल भी पेश किए गए थे। इसके अलावा लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने बताया कि, इस सत्र के दौरान देश के कई हिस्सों में आए लैंडस्लाइड, बाढ़ और जान-माल के नुकसान पर भी चर्चा हुई।

**सत्र की तैयारी**

**20 दिसंबर तक चलेगा, वन नेशन-वन इलेक्शन और वक्फ विधेयक बिल पेश होने के आसार**

## स्वाति मालीवाल ने सीएम हाउस के बाहर काला पानी छिड़का

**टीम एक्शन इंडिया**

**आम** आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल शनिवार को दिल्ली सीएम आवास पहुंची। मालीवाल अपने साथ बोतल में काला पानी लेकर पहुंचीं थीं। उन्होंने घर के बाहर पानी को छिड़का और बोतल गेट के पास रख दी।

मालीवाल ने कहा- यह वही काला पानी है जो दिल्ली की जनता पी रही है। उन्हें (सीएम) कोई शर्म नहीं है। क्या दिल्ली में रहने वाले ये दूषित पानी पिएंगे। ये दिल्ली सरकार की नल से कोका-कोला की स्कीम है। मैंने मुख्यमंत्री को चेतावनी दी है कि ये तो बस एक सैंपल था। अगर 15 दिन के अंदर वो पूरी दिल्ली की पानी सप्लाई ठीक नहीं करती हैं तो मैं एक पूरा टैंकर भर पानी लेकर आऊंगी।

**मालीवाल बोलीं- सीएम इस काले पानी से नहाएं, या पाप को धोएंः** स्वाति मालीवाल ने कहा, सागरपुर, द्वारका के लोगों ने मुझे फोन किया था और वहां की स्थिति बहुत खराब है। मैं एक घर में गई और वहां काला पानी सप्लाई हो रहा था। मैंने उस काले पानी को एक बोतल में भरा और मैं उस पानी को यहां, मुख्यमंत्री आवास पर लेकर आई। 2015 से हम सुन रहे हैं कि अगले साल सब ठीक हो जाएगा। मैंने जो पानी उन्हें दिया है, वो इस पानी से नहा सकती हैं, इस पानी को पी सकती हैं या अपने पापों को धो सकती हैं।




**सरकार को घेरा**

**बोलीं- आतिशी को शर्म नहीं आती, ये दिल्ली सरकार की 'नल से कोका-कोला' की स्कीम है**

## अनमोल बिश्नोई के ठिकाने का पता चला

**टीम एक्शन इंडिया**

**मुंबईः लॉरेंस** बिश्नोई का गैंग तेजी से अपनी गतिविधियों को अंजाम दे रहा है। गैंग की गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए अब सुरक्षा एजेंसियां भी एक्शन मोड में आ गई है। इस बीच अमेरिका ने मुंबई पुलिस को लॉरेंस के छोटे भाई अनमोल बिश्नोई को लेकर एक बड़ा खुलासा किया है।

**अमेरिका में है अनमोल बिश्नोई** अमेरिकी अधिकारियों ने बताया कि अनमोल यूएस में ही छिपा है और इसको लेकर उन्होंने मुंबई



पुलिस को भी सचेत कर दिया है। मुंबई पुलिस ने इस जानकारी के बाद उसके प्रत्यर्पण की मांग की प्रक्रिया शुरू कर दी है। द इंडियन एक्सप्रेस के अनुसार, क्राइम ब्रांच ने पिछले महीने भी एक स्पेशल अदालत का दरवाजा खटखटाया था।

**मुंबई पुलिस ने की प्रत्यर्पण की मांग :** बता दें कि स्पेशल कोर्ट में क्राइम ब्रांच ने सलमान खान के घर के बाहर हुई फायरिंग मामले में अनमोल के प्रत्यर्पण की पहल की मांग की थी।

वहीं, एनसीपी (अजित गुट) के नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या में भी अनमोल बिश्नोई का नाम सामने आया था।

**प्रत्यर्पण की मांग**

**प्रत्यर्पण की तैयारी में मुंबई पुलिस यूएस ने मुंबई पुलिस को बताया अनमोल बिश्नोई का ठिकाना**

## 861 करोड़ की लागत से सड़कों के गड्ढे भरेंगे चंद्रबाबू

**टीम एक्शन इंडिया**

**अमरावतीः** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने राज्य की सड़कों को बेहरतर बनाने के लिए एक बड़ा अभियान शुरू किया। सीएम ने सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के लिए इस अभियान की शुरूआत की।

**861 करोड़ की लागत का अभियान :** 861 करोड़ रुपये की लागत के इस अभियान को सड़कों की समस्या को देखते हुए शुरू किया गया है। अनकापल्ली जिले के चिंतलागोर्लिवनिपालम गांव से राज्यव्यापी अभियान की शुरूआत करते हुए मुख्यमंत्री ने खुद एक गड्ढे को मोर्टार से भरकर उसकी मरम्मत की। इस दौरान उनके साथ गृह मंत्री वांगलापुडी अनिता और अन्य नेता और अधिकारी भी मौजूद थे। बाद में उनकी मौजूदगी में एक बड़े गड्ढे को भी ट्रक से भरकर ठीक किया गया। नायडू ने खुद कुदाल उठाई और दक्षिणी राज्य में मरम्मत कार्यों को गति देने के लिए गड्ढे को समतल किया।

**गिरावट दर्ज**

### नड्डा ने देश को टीबी मुक्त बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई

## टीबी के खिलाफ लड़ाई में भारत विश्व चैंपियनः डब्ल्यूएचओ

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने टीबी संक्रमण के खिलाफ लड़ाई में भारत को वैश्विक चैंपियन बताया है। 29 अक्टूबर को जारी वैश्विक टीबी रिपोर्ट में डब्ल्यूएचओ ने कहा है कि साल 2015 के बाद भारत में टीबी उन्मूलन की दिशा में मामलों में 17.7 प्रतिशत की दर से गिरावट दर्ज की गई है, जो वैश्विक गति से दो गुना रफ्तार से भी अधिक है। इस रिपोर्ट पर केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने एक एक्स पोस्ट में कहा कि केन्द्र सरकार टीबी मुक्त भारत बनाने



की अपनी प्रतिबद्धता पर कायम है। शनिवार को जारी एक पोस्ट में जेपी नड्डा ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने 2015 से 2023 तक टीबी की घटनाओं में 17.7 प्रतिशत की गिरावट के साथ भारत की उल्लेखनीय प्रगति को मान्यता दी है। यह दर 8.3 प्रतिशत की वैश्विक गिरावट के दोगुने से भी अधिक है। यह स्वीकृति टीबी देखभाल और नियंत्रण के प्रति भारत के परिवर्तनकारी दृष्टिकोण को दर्शाती है। नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व के तहत हमारी सरकार ने टीबी रोगियों को आवश्यक पोषण सहायता प्रदान करने के लिए नि-क्षय पोषण योजना और मल्टी-ड्रग प्रतिरोधी तपेदिक के लिए एक नए उपचार के रूप में बीपीएएलएम आहार की शुरूआत जैसी महत्वपूर्ण पहल करके राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम का विस्तार और सुदृढ़ीकरण किया है। मंत्रालय के समर्पित स्वास्थ्य कर्मियों के अथक प्रयासों के लिए सभी कर्मचारियों और अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इनकी अटूट प्रतिबद्धता और कड़ी मेहनत तपेदिक के खिलाफ इस लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

**पीठ थपथपाई**

**2015 के बाद भारत में टीबी उन्मूलन की दिशा में मामलों में 17.7 प्रतिशत की दर से गिरावट दर्ज की गई**

## लद्दाख में सौर टेलीस्कोप बनाएगा भारत

### सूर्य पर हो रही गतिविधियों को समझने में मिलेगा मदद

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** सूर्य पर नजर रखने के लिए भारत लद्दाख में नेशनल लार्ज सोलर टेलीस्कोप (एनएलएसटी) स्थापित करने की तैयारी कर रहा है। इस परियोजना का नेतृत्व भारतीय खगोल भौतिकी संस्थान (आइआइए), बेंगलुरु की निदेशक प्रोफेसर अन्नपूर्णी सुब्रमण्यम कर रही हैं। इस परियोजना के लिए भूमि का अधिग्रहण कर लिया गया है। हालांकि परियोजना को अंतिम मंजूरी का इंतजार है। सूर्य पर हो रही गतिविधियों को समझने और उसपर शोध करने में भी मदद मिलेगी



आइआइए के अनुसार, इस टेलीस्कोप पर दो मीटर का रिफ्लेक्टर लगा होगा जिससे विज्ञानियों को सूर्य पर हो रही गतिविधियों को समझने और उसपर शोध करने में भी मदद मिलेगी। दूरबीन लगभग 4,200 मीटर की ऊंचाई पर लद्दाख के मेराक में पैंगोंग झील के तट पर स्थापित किया जाना है।

**सौर चुंबकीय क्षेत्रों की उत्पत्ति और गतिशीलता के बारे में मिलेगी सटीक जानकारी**

आईआईए के अनुसार, नेशनल लार्ज सोलर टेलीस्कोप दो-मीटर क्लास ऑप्टिकल और निकट इन्फ्रा-रेड (आईआर) अवलोकन सुविधा होगी। इसे 0.1-0.3 आर्क-सेकंड के स्थानिक रिजॉल्यूशन पर सौर चुंबकीय क्षेत्रों की उत्पत्ति और गतिशीलता से संबंधित प्रमुख वैज्ञानिक मुद्दों की एक श्रृंखला को संबोधित करने के लिए डिजाइन किया गया है।

# इंटर्नशिप योजना: दिल्ली वाले धड़ाधड़ कर रहे रजिस्ट्रेशन

## अब तक 3500 पार पहुंचा आंकड़ा, सबसे अधिक नई दिल्ली जिले में 1592 लोगों ने योजना का लाभ उठाने के लिए आगे आए

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** कार्तिका वर्मा पढ़ाई करने के साथ अच्छे अवसर की तलाश में थीं कि उन्हें पीएम इंटर्नशिप कार्यक्रम की जानकारी मिली। अपने सपनों को पंख लगाने के लिए उन्होंने इस योजना का लाभ उठाने के लिए रजिस्ट्रेशन कर दिया। उनका मानना है कि इससे उन्हें बड़ी कंपनी के साथ काम करने का अवसर मिलेगा और वे खुद बड़ी चुनौतियों के लिए तैयार कर सकेंगी। गौरव शर्मा डिपार्मेंट ऑफ लाइब्रेरी एंड इन्फार्मेशन साइंस में पढ़ाई करने के साथ जल्द नौकरी का अवसर प्राप्त करके पिता को मदद देना चाहते हैं। वो बताते हैं कि ऐसी केंद्रीय योजना उनके लिए बड़ा मंच लेकर आई है। उन्हें भरोसा है कि वे अपनी पढ़ाई के साथ नौकरी का




अवसर भी प्राप्त करेंगे। दिल्ली में ऐसे 3,543 युवाओं ने इस योजना के माध्यम से सपने देखे हैं। पीएम इंटर्नशिप कार्यक्रम के तहत दिल्ली में सर्वाधिक 1,592 आवेदन नई दिल्ली जिले हैं। दूसरे सबसे ज्यादा आवेदन उत्तरी दिल्ली किया गया है। मध्य व दक्षिण दिल्ली से 250 के करीब आवेदन हुए हैं। सबसे कम उत्तर पूर्वी दिल्ली जिले से महज सात आवेदन किए गए हैं। पश्चिमी, उत्तर पश्चिम, दक्षिण पश्चिम, पूर्वी, दक्षिण पूर्वी और शाहदरा से सौ से कम युवायों ने आवेदन किया है। जेएनयू से डिजास्टर स्टडीज की पढ़ाई कर रहीं कार्तिका वर्मा अनुसंधान के क्षेत्र में भविष्य बनाना चाहती हैं। मध्य प्रदेश की रहने वाली कार्तिका ने बताया कि उनके पिता भी अनुसंधान क्षेत्र में कार्यरत हैं। उन्हें भी अपनी विशेषज्ञता के साथ इसी क्षेत्र में भविष्य बनाने हैं। इसलिए उन्होंने आवेदन भी इसी के लिए किया है। उनका कहना है कि इस योजना से देश की बड़ी बड़ी कंपनियां जुड़ी हैं। इनके साथ काम करने का अनुभव प्राप्त करना, नौकरी पानी बहुत सहायक होगा। इसकी मान्यता काफी होगी। राजस्थान के झूंझनू के निवासी गौरव शर्मा द्वारका में रहकर डीयू से डिपार्टमेंट आफ लाइब्रेरी एंड इन्फोर्मेशन साइंस में पढ़ाई कर रहे हैं। उनके पिता निजी कंपनी में सिक्योरिटी सुपरवाइजर हैं। गौरव ने कहा कि वह पढ़ाई के साथ काम का अवसर तलाश रहे थे। इस कार्यक्रम की रूपरेखा और उसमें चुने जाने पर पैसे के साथ अनुभव मिलना उनके लिए सोने पर सुहागा जैसा है। इतनी बड़ी-बड़ी कंपनियों के साथ काम करने के लिए काफी मुश्किल आती है। लेकिन, इस कार्यक्रम के अंतर्गत यह आसान हो जाएगा। भविष्य बनाने के लिए यह एक अच्छा मौका है और पिता की भी मदद हो जाएगी।

**आवेदन**

**उनका मानना है कि इससे उन्हें बड़ी कंपनी के साथ काम करने का अवसर मिलेगा और वे खुद बड़ी चुनौतियों के लिए तैयार कर सकेंगी**

# छठ घाट: आप ने बीजेपी के खिलाफ खोला मोर्चा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** आम आदमी पार्टी (आप) ने बीजेपी पर डीडीए के माध्यम से पूर्वांचलवासियों को छठ घाट बनाने से रोकने का आरोप लगाया है। दरअसल, मंत्री सौरभ भारद्वाज ने एक वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें एक शख्स डीडीए पर घाट बनाने के लिए गेट नहीं खोलने का आरोप लगा रहा है। सौरभ भारद्वाज ने एक्स पर लिखा- चिराग दिल्ली और आस पास के पूर्वांचल भाइयों का छठ घाट भाजपा शासित उऊअ रोक रही है। पूर्वांचल के सम्मान के लिए, पूर्वांचल के भाइयों के हक की आवाज उठाने मैं आज 5 बजे सतपुला ग्राउंड, चिराग दिल्ली जाऊंगा। भाजपा पूर्वांचलियों से नफरत करती है। इनकी राजनीति का स्तर इतना गिर गया है कि ये, ग्रेटर कैलाश में उऊअ के माध्यम से छठ घाट पर रोक लगा रहे है।

**सीएम आतिशी ने बोला हमला**
वहीं सीएम आतिशी ने भी एक्स पर पोस्ट कर बीजेपी पर हमला बोला।


**उत्तर मध्य रेलवे**

**जेम टेण्डर नोटिस संख्या:** GEM/2024/B/5554098 **दिनांक:** 28.10.2024

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय, उत्तर मध्य रेलवे, झाँसी द्वारा निम्न कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

**कार्य का उसके स्थान सहित नाम:** झाँसी मंडल के 18 विभिन्न स्टेशनों (वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, ग्वालियर, बांदा, मुरैना, डबरा, दतिया, भिंड, उरई, ललितपुर, पुखरायां, खजुराहो चित्रकूट धाम कर्वी, महोबा, ओरछा, हरपालपुर, टीकमगढ़, छतरपुर, घाटमपुर) पर स्थित 24 पूछताछ काउंटर को मैनपॉवर के आधार पर कार्य कराने हेतु ठेके का आवंटन।

| | |
|---|---|
| **ठेके की अवधि:** तीन वर्ष | **कार्य का अनुमानित लागत (तीन वर्ष हेतु):** ₹ 8,32,21,725/- |
| **बयाना राशि:** ₹ 5,66,110/- | **ई-निविदा खुलने को तिथि एवं समय: 20.11.2024 को 18.00 बजे** |

**वेबसाइट एवं निविदा का पूर्ण विवरण देखा जा सकता है:** ई-निविदा का पूर्ण विवरण (ई-निविदा प्रपत्र सहित) वेबसाइट **www.gem.gov.in** पर टेण्डर **खुलने की तिथि 20.11.2024 को 18.00 बजे** तक उपलब्ध है एवं ई-निविदा सूचना उत्तर मध्य रेलवे की बेवसाइट **www.ncr.indianrailways.gov.in** पर भी देखा जा सकता है। **1892/24 (A)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in


# कलेक्शन एजेंट का गाजियाबाद में मिला शव

**टीम एक्शन इंडिया**
**गाजियाबाद :** गाजियाबाद के मसूरी में रेलवे ट्रैक पर एक कलेक्शन एजेंट का शव मिला है। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। नोएडा के रहने वाले कलेक्शन एजेंट कलेक्शन के लिए डासना आए थे। मसूरी क्षेत्र के रेलवे ट्रैक पर शुक्रवार रात एक युवक का शव पड़ा मिला। युवक की शिनाख्त नोएडा सेक्टर 63 की 25 फीटा रोड निवासी विशाल तिवारी (25) के रूप में हुई। विशाल एक कंपनी में कलेक्शन एजेंट थे। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। विशाल के मामा हनुमान तिवारी ने बताया कि शुक्रवार शाम करीब चार बजे विशाल डासना में कलेक्शन के लिए घर से गए थे, जबकि छह बजे करीब उसने अपने भाई से फोन पर एक घंटे में घर लौटने की बात भी कही थी। लेकिन जब वह साढ़े सात बजे तक घर नहीं पहुंचे तो उनके भाई ने विशाल को फोन किया। फोन जेल चौकी से पुलिसकर्मी ने उठाया और उन्हें विशाल के दुर्घटना होने की जानकारी दी। जब परिजन जेल चौकी पहुंचे तो पुलिस ने बताया कि विशाल का शव रेलवे ट्रैक पर मिला है। घटना स्थल से करीब 200 मीटर दूर बाइक खड़ी मिली। ऐसे में परिजनों ने हत्या करने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि घर से विशाल कलेक्शन के लिए निकला था। वह अपने पिता सुमन तिवारी के साथ ही रहते थे। उनकी ढाई साल पहले ही पल्लवी से शादी हुई थी। उनका एक छह माह का बच्चा है। एसीपी मसूरी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि मामले में जांच की जा रही है। घटना स्थल के पास से शराब की बोतल और गिलास मिला है।

# मकान मालिक की हत्या कर बोरी में डाला शव

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के पालम इलाके से हत्या की एक ऐसी वारदात सामने आई है, जिससे पूरे इलाके में तहलका मच गया है। मृतक की पहचान 55 वर्षीय देवदास के रूप में हुई है।

**किराएदार ने की मालिक की हत्या :** यहां एक किराएदार ने मकान मालिक की हत्या कर दी और फिर शव को बोरे में भरकर कमरे में ही रखकर, बाहर से ताला लगाकर चला गया।
इस घटना का खुलासा तब हुआ जब कमरे से तेज बदबू आनी शुरू हुई। असहनीय बदबू के चलते आसपास के लोगों ने पुलिस को पीसीआर कॉल किया।

**एक महिला के साथ रहता था देवदास :** पीसीआर कॉल पर पुलिस को बताया गया कि यहां एक कमरे से तेज बदबू आ रही है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। फायर ब्रिगेड की टीम ने संदिग्ध घर के बाहर लगा ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया



तो पाया कि वहां, दो कमरे हैं। एक कमरे में बाहर से ताला लगा है। दमकलकर्मियों ने जब उस कमरे का ताला तोड़ा तो देखा कि कमरे के फर्श पर एक बोरा पड़ा है जिसमें कपड़े हैं। उस बोरे से इतनी तेज दुर्गंध आ रही थी कि दमकलकर्मियों और पुलिस का वहां एक मिनट भी खड़ा होना मुश्किल हो रहा था।

**पूरी तरह से सड़ चुका था शव**
कपड़ा हटाकर जब देखा गया तो बोरे में एक शव बरामद हुआ जो बहुत ही सड़ी-गली अवस्था में पड़ा हुआ था। शव की पहचान 55 वर्षीय देवदास के रूप में हुई। देवदास अविवाहित था और एक महिला के साथ रहता था, जो बीते तीन हफ्ते से आंध्र प्रदेश गई हुई है। शव मिलने के बाद पुलिस हत्यारोपी की तलाश में जुट गई। पुलिस ने जब अपनी जांच आगे बढ़ाई तो पता चला कि एक शख्स जिसे सब 'पंडित जी' कहते हैं, वह देवदास की देखभाल भी करता था और लगभग रोजाना ही उसके घर आता था। छानबीन में पता चला कि वह भी कई दिन से गायब है।

**एटा से गिरफ्तार हुआ आरोपी**
पुलिस ने जांच तेज की तो आरोपी को उत्तर प्रदेश के एटा से गिरफ्तार कर लिया। सख्ती से पूछताछ करने पर आरोपी ने कबूल कर लिया कि उसी ने देवदास की हत्या की है। आरोपी उचित ने बताया कि 21 अक्टूबर की रात को जब वह देवदास के घर पहुंचा तो वह शराब पी रहा था। देवदास ने उचित को भी शराब पीने के लिए दी। इसके बाद नशे में देवदास ने उचित को गालियां दीं और थप्पड़ भी मार दिया।

**देवदास के चॉपर से ही किया उसका कत्ल :** इस पर उचित को गुस्सा आ गया और उसने देवदास के तकिये के नीचे रखे रहने वाले चॉपर से देवदास को मौत के घाट उतार दिया। इसके बाद उसने शव बोरे में भरा और घर का ताला बाहर से लगाकर वहां से फरार हो गया। फिर वह घर गया और उसने खून से सनी अपनी शर्ट बदली और पहले की तरह रहने लगा। वह रोजाना छह दिन तक यानी 27 अक्टूबर तक देवदास के घर जाता और उसका मोटर चला आता ताकि किसी को शक न हो कि देवदास मर चुका है।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 (2) (ii) CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया नाम: **श्रीमती खुएली दत्ता, निदेशक: मेसर्स बोन्जो किड्स अपैरल प्रा. लिमिटेड, एस–67, दूसरी मंजिल, ओखला औद्योगिक क्षेत्र, फेस–2, नई दिल्ली–110020** किया है (या किए जाने का संदेह है) **Case CCNo.12567/2019 U/S 138 NI ACT** के तहत एक मामला **थाना करोल बाग, नई दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया कि अभियुक्त **श्रीमती खुएली दत्ता** नहीं मिली या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि आरोपी **श्रीमती खुएली दत्ता**, फरार हो गयी है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही है), इसलिए इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि अभियुक्त **श्रीमती खुएली दत्ता**, से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **02.12.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
दिव्या गुप्ता
जेएमएफसी–05, कमरा नंबर 2,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

**DP/14531/CD/2024**


# शोक विहार में दो गुटों में फायरिंग और चाकूबाजी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के अशोक विहार थाना क्षेत्र में शुक्रवार की देर रात आपसी रंजिश व पैसों के लेनदेन को लेकर दो गुटों में गोली चलने व हुई चाकूबाजी में चार युवक घायल हो गए। इसकी भनक लगते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई। आनन-फानन में घायलों को पास के ही अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां सभी घायलों का इलाज जारी है। घायलों में तीन को चाकू लगी है, जबकि एक युवक के कंधे में गोली लगी है। सभी घायल पुलिस हिरासत में है। वहीं, फरार बदमाशों का पुलिस पता लगा रही है।

**हमले में एक गुट के तीन तो दूसरे गुट के एक युवक हुआ घायल**
उत्तरी-पश्चिमी जिला पुलिस अधिकारी) ने बताया कि पुरानी रंजिश व पैसों के लेनदेन को लेकर दो गुट आपस में भिड़े हैं। पेट, हाथ व शरीर के अन्य स्थानों पर चाकू लगने से चार घायल हो गए। इस हमले में एक गुट के तीन तो दूसरे गुट के एक युवक घायल हुए हैं। सभी की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।
पुलिस जांच में पता चला कि इन दोनों गुट में पैसों के विवाद में तीन महीने पहले भी झगड़ा हुआ था। पूर्व में हुए झगड़े के बाद आशीष क्षेत्र छोड़कर कहीं चला गया था। जो एक सप्ताह पहले ही फिर से वापस आया। जिसकी जानकारी दूसरे गुट को मिली।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 Cr.P.C. देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **(1) गीता पत्नी श्याम** और **(2) परमार राहुल जीनाभाई पुत्र परमार जीनाभाई निवासी शनि मंदिर के पास, बक्करवाला, रणहोला, बाहरी जिला, दिल्ली** ने (1) एफआईआर नं. 616/2021, **अंतर्गत धारा 392/411 आईपीसी**, (2) एफआईआर नं. **616/2021, अंतर्गत धारा 394/411 आईपीसी, थाना द्वारका उत्तरी ज़िला, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **(1) गीता** और **(2) परमार राहुल जीनाभाई** मिल नहीं रहे/रही हैं, और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **(1) गीता** और **(2) परमार राहुल जीनाभाई** फरार हो गए/गई हैं (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहे/रही हैं) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि (1) एफआईआर नं. **616/2021, अंतर्गत धारा 392/411 आईपीसी**, (2) एफआईआर नं. **616/2021, अंतर्गत धारा 394/411 आईपीसी, थाना द्वारका उत्तरी ज़िला, नई दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **(1) गीता** और **(2) परमार राहुल जीनाभाई** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **09.01.2025** को **प्रातः 10:00 बजे** को या उससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार
**सुश्री नितिका कपूर**
महानगर न्यायधीश-06
कोर्ट नं. 514, पांचवां तल
द्वारका जिला न्यायालय, नई दिल्ली

**DP/14427/DW/2024**
**(Court Matter)**



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **सुश्री प्रिया कला कोटि**, पत्नी नरेंद्र प्रसाद, निवासी- मकान नंबर 572/जी, बैंक कॉलोनी, देवली, नई दिल्ली ने **सी सी नंबर 2365/21 थाना सरोजिनी नगर, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सुश्री प्रिया कला कोटि** मिल नहीं रही और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है की उक्त अभियुक्त **सुश्री प्रिया कला कोटि** फ़रार हो गई है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रही है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा कि जाती है की उक्त अभियुक्त **सुश्री प्रिया कला कोटि, सी सी नंबर 2365/21 थाना सरोजिनी नगर, नई दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए सुबह 10:00 बजे ,दिनांक 05.12.2024 को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**श्री वैभव कुमार**
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी -05
कोर्ट नंबर 13, पहली मंजिल, मुख्य भवन
पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली

**DP/14449/SW/2024**



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 Cr.P.C. देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **(1) गीता पत्नी श्याम** और **(2) परमार राहुल जीनाभाई पुत्र परमार जीनाभाई निवासी शनि मंदिर के पास, बक्करवाला, रणहोला, बाहरी जिला, दिल्ली** ने (1) एफआईआर नं. 616/2021, **अंतर्गत धारा 392/411 आईपीसी**, (2) एफआईआर नं. **616/2021, अंतर्गत धारा 394/411 आईपीसी, थाना द्वारका उत्तरी ज़िला, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **(1) गीता** और **(2) परमार राहुल जीनाभाई** मिल नहीं रहे/रही हैं, और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **(1) गीता** और **(2) परमार राहुल जीनाभाई** फरार हो गए/गई हैं (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहे/रही हैं) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि (1) एफआईआर नं. **616/2021, अंतर्गत धारा 392/411 आईपीसी**, (2) एफआईआर नं. **616/2021, अंतर्गत धारा 394/411 आईपीसी, थाना द्वारका उत्तरी ज़िला, नई दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **(1) गीता** और **(2) परमार राहुल जीनाभाई** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **09.01.2025** को **प्रातः 10:00 बजे** को या उससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार
**सुश्री नितिका कपूर**
महानगर न्यायधीश-06
कोर्ट नं. 514, पांचवां तल
द्वारका जिला न्यायालय, नई दिल्ली

**DP/14427/DW/2024**
**(Court Matter)**


# कमरे में मिला महिला का शव

**बुलंदशहर :** बुलंदशहर के सिकंदराबाद कोतवाली क्षेत्र के गांव हृदयपुर म सुबह एक महिला का शव उसके कमरे में फंदे पर लटका मिला। शुक्रवार की रात में परिवार के सभी लोग सोए हुए थे।


**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना**

**पत्र सं.–128–डब्ल्यू/व.मं.अधि./सं./निविदा-22-24-25-डब्ल्यु सी** **दिनांक :01.11.2024**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, मंडल अभियंता / IV, मन्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए e-निविदाए आमन्त्रित की जाती है।

| क्र. सं. | NIT No. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | समापन अवधि | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 22 | सीनियर डीईएन/सी/डीएलआई के संपूर्ण अधिकार क्षेत्र के तहत आरडीएसओ सत्यापित पीएयूटी वेल्ड परीक्षक का उपयोग करके साइट पर मोबाइल फ्लैश बट वेल्डिंग प्लांट द्वारा निष्पादित फ्लैश बट वेल्डेड जोड़ों के चरणबद्ध ऐरे अल्ट्रासोनिक परीक्षण (पीएयूटी) (लागत जीएसटी सहित है) | रु. 1,10,73,100 | रु. 2,05,400 | 09 माह | 22.11.2024 |

**सूचना :** निविदा रेलवे की वेबसाइट **'www.ireps.gov.in'** पर उपलब्ध है तथा इसी वैबसाइट पर 22.11.2024 15:00 बजे तक ही भरी जायेगी।

**3401/24**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



# एक्शन इंडिया

**(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)**

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।



# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया**, दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# दिल्ली में छाई धुंध की जहरीली चादर

## एक्यूआई में मामूली सुधार; एनसीआर की हवा रही साफ, दिल्ली से लेकर नोएडा, गाजियाबाद, गुरुग्राम और फरीदाबाद तक प्रदूषण फैला हुआ है

**दमघोंटू**

**दिल्ली में शनिवार सुबह वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 227 दर्ज किया गया**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: राजधानी** दिल्ली और एनसीआर में इस बार हवा दमघोंटू नहीं रही है। इस बार हवा में आतिशबाजी का जहर कम घुला है। दिल्ली में शनिवार सुबह वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 227 दर्ज किया गया है। जबकि एनसीआर में दिल्ली की हवा सबसे ज्यादा खराब रही।

दिल्ली से लेकर नोएडा, गाजियाबाद, गुरुग्राम और फरीदाबाद तक प्रदूषण फैला हुआ है। लेकिन आतिशबाजी की वजह से इस बार हवा थोड़ी कम जहरीली रही। दिवाली के दूसरे दिन दिल्ली का एक्यूआई 227 पहुंच गया है। लेकिन हवा अब भी खराब श्रेणी में है। जो स्वास्थ्य के लिए बहुत नुकसानदेह है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, दिल्ली के लोधी रोड के आसपास शनिवार सुबह वायु गुणवत्ता 227 पर है, 'खराब' श्रेणी में है। वहीं अक्षरधाम मंदिर के पास धुएं की एक परत छाई हुई है। सीपीसीबी के अनुसार वायु गुणवत्ता 'बहुत खराब' बनी हुई है। सड़कों पर पानी का छिड़काव कर प्रदूषण को कम किया जा रहा है।

**200 मोबाइल एंटी स्मॉग गन तैनात**

आप सरकार ने पूरे शहर में पानी छिड़काव के विशेष अभियान शुरू किया है। इसके लिए 200 मोबाइल एंटी स्मॉग गन तैनात की गई हैं। सभी विधानसभा क्षेत्रों में दो-दो गन से छिड़काव होगा। शुक्रवार को अभियान शुरू करते हुए दिल्ली सरकार के मंत्री गोपाल राय ने कहा कि दिवाली पर दिल्ली में प्रदूषण कम हुआ है। फिर भी लापरवाही बरतने की जरूरत नहीं है। प्रदूषण स्तर को गंभीर श्रेणी में जाने से रोकने के लिए पानी के छिड़काव का विशेष अभियान शुरू किया गया है। सड़कों पर 200 मोबाइल एंटी स्मॉग गन से छिड़काव किया जाएगा। हॉट स्पॉट इलाकों में इसका अतिरिक्त इंतजाम किया गया है। इनसे 3 शिफ्ट में लगातार छिड़काव होगा। उन्होंने लोगों से अपील कि अगर किसी निर्माण स्थल पर धूल या कहीं धुआं उठ रहा हो तो उसकी तस्वीर ग्रीन दिल्ली ऐप पर अपलोड कर दें।

संबंधित विभाग इस पर तुरंत कार्रवाई करेगा।





### प्रदूषण के कारण सांस की बीमारी से लोग परेशान

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली–एनसीआर में बढ़ते प्रदूषण के कारण लोग सांस की बीमारी से परेशान हैं। ज्यादातर लोग अस्थमा, ब्रोंकाइटिस और क्रोनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज (सीओपीडी) जैसी श्वसन संबंधी बीमारियों से पीड़ित हैं। यह खुलासा लोकल सर्किल संगठन के सर्वे से हुआ है। संगठन ने राजधानी में ग्रैप का पहला चरण लागू होने के बाद 19 अक्तूबर को सर्वे किया था, ताकि यह पता लगाया जा सके कि लोग क्या अनुभव कर रहे है। अब शुक्रवार सुबह सर्वे किया गया तो दिल्ली, गुरुग्राम, नोएडा, फरीदाबाद और गाजियाबाद के लोगों से 21 हजार से अधिक प्रतिक्रियाएं प्राप्त हुईं। इसमें 63 फीसदी पुरुष थे, जबकि 37 फीसदी महिलाएं थीं। सर्वे में सामने आया कि मौजूदा समय में 69 फीसदी परिवारों में किसी न किसी को गले में खराश की समस्या है, जबकि 19 अक्तूबर के सर्वे में यह संख्या 36 फीसदी थी।

### गुरुग्राम में सात साल में दिवाली पर इस बार कम हुआ एक्यूआई

**साइबर** सिटी में पिछले सात साल से दिवाली के अगले दिन एक्यूआई में कमी आ रही है। हालांकि अभी भी शहर की हवा बेहद खराब श्रेणी में है। कोरोना काल के दौरान वर्ष 2020 में एक्यूआई का स्तर 425 दर्ज किया गया था। बीते तीन साल से एक्यूआई 350 से नीचे ही रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस बार दिवाली की रात तेज हवा चलने से प्रदूषित कण एक जगह नहीं ठहर पाए। इससे लोगों को काफी राहत मिली। सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड की ओर से जारी बुलेटिन के अनुसार इस बार दिवाली के अगले दिन शहर का वायु गुणवत्ता सूचकांक 309 दर्ज किया गया है।

### पांच साल में सबसे साफ रही हवा

**दिवाली** पर नोएडा, ग्रेटर नोएडा और ग्रेनो वेस्ट में जमकर आतिशबाजी हुई। कई जगहों पर कूड़ा जलाने के मामले सामने आए। इसके बावजूद ग्रेटर नोएडा और नोएडा में वायु गुणवत्ता का सूचकांक खासा बेहतर रहा। दिवाली के एक दिन बाद भी वायु प्रदूषण पिछले पांच साल में सबसे कम रहा। दिवाली की दिन चली हवा को इसका कारण बताया जा रहा है। एनसीआर में दिवाली पर आतिशबाजी करने पर भी रोक है। इसके बाद भी नोएडा, ग्रेटर नोएडा और ग्रेनो वेस्ट में बृहस्पतिवार को दिवाली की रात जमकर आतिशबाजी की गई। आशंका थी कि पिछले वर्षों की तरह दिवाली के अगले दिन वायु प्रदूषण का स्तर बहुत बढ़ जाएगा। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। शुक्रवार को ग्रेटर नोएडा का एक्यूआई 258 और नोएडा का एक्यूआई 274 रहा है। जो पांच वर्षों में सबसे कम है। कोरोना काल में भी दिवाली के एक दिन बाद के प्रदूषण का स्तर इस वर्ष के मुकाबले ज्यादा था।

# 'मेरी बेटी को बचा लो', लाचार फौजी ने नड्डा से लगाई गुहार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** स्पाइनल मस्कुलर एट्रोफी (एसएमए) से पीड़ित अपनी 10 माह की बच्ची की जान बचाने के लिए एक फौजी और उसकी पत्नी दर दर भटक रही है, उनकी चिंता यह है कि जो दिन गुजरता है, बच्ची की उम्र कम होती जा रही है, बच्ची का जीवन केवल दो साल का है उसमें से भी 10 माह गुजर चुके हैं। फौजी परिवार चाहता है कि लोग आगे आएं और मदद करें कि जिससे बच्ची का इलाज हो सके। बच्ची को जो इंजेक्शन लगना है उसकी कीमत 14 करोड़ है। इस बच्ची को बचाने के लिए चल रहे अभियान के तहत अभी तक एक करोड 85 लाख रुपये एकत्रित किए जा चुके हैं।

**पिता तुगलकाबाद एयरफोर्स स्टेशन में एयरमैन के पद पर तैनात**

प्रशांत यादव मैनपुरी के रहने वाले हैं। दिल्ली के तुगलकाबाद एयरफोर्स स्टेशन में एयरमैन के पद पर तैनात हैं। इनकी बच्ची जयश्वी की बीमारी के बारे में गत जून में पता चला, मगर बच्ची के इलाज के खर्च के बारे में जब एम्स के डॉक्टरों ने बताया कि बच्ची को जो इंजेक्शन लगना है। वह 14 करोड़ का है, उसे अमेरिका से लाया जाएगा। बीमारी के खर्च के बारे में पता चलने के बाद से बच्ची के माता पिता भारी तनाव में हैं। जहां से भी उम्मीद दिख रही है वहां पहुंच रहे हैं लोगों से गुहार लगा रहे हैं कि उनकी बच्ची को बचा लीजिए।



**मदद की गुहार**

**बच्ची को जो इंजेक्शन लगना है उसकी कीमत 14 करोड़ है। सांसद संजय सिंह ने दिया एक लाख**

**संजय सिंह ने बच्ची के लिए किया एक लाख का दान**

जयश्वी को बचाने के लिए इंपैक्ट गुरु के माध्यम से पैसे एकत्रित करने के लिए जो अभियान चलाया जा रहा है, उसका अकाउंट आरबीएल बैंक का है। जयश्री यादव के बैंक का खाता नंबर 222333000297939 1है। आईएफएससी कोड नंबर-आरएटीएनशून्यवीएएपीआइएस है। आप से राज्य सदस्य संजय सिंह ने इस बच्ची के लिए एक लाख का दान किया है।


# फाइनेंसर की चाकू से गोदकर हत्या

**वारदात**

**परिवार वालों का आरोप है कि गगन की हत्या साजिश के तहत की गई है, कुछ संदिग्धों को हिरासत में लिया**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** उत्तम नगर इलाके में बृहस्पतिवार देर रात एक फाइनेंसर की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। मृतक की शिनाख्त गगन ओबेराय के रूप में हुई है। परिवार वालों का आरोप है कि गगन की हत्या साजिश के तहत की गई है। मामले की छानबीन करने के बाद पुलिस ने कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। गगन अपने परिवार के साथ हस्तसाल रोड उत्तम नगर इलाके में रहते थे। परिवार वालों ने बताया कि रात में घर के नजदीक ही रहने वाले एक परिचित के घर पार्टी चल रही थी। आरोप है कि वहां से गगन को बुलाने के लिए दो बार लोग आए थे। उस दौरान वह घर पर मौजूद नहीं थे। देर रात गगन अपने घर पहुंचे। पार्टी में मौजूद लोगों ने फोन कर उन्हें बुलाया। वहां एक महिला सहित कुछ लोग मौजूद थे। परिवार वालों का आरोप है कि इसी दौरान पार्टी में तीन लोग आए। उनका गगन के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। बताया जा रहा है कि नमस्ते नहीं करने को लेकर विवाद हुआ था। इस दौरान एक आरोपी ने गगन के जांघ पर चाकू से हमला कर दिया। वह जान बचाकर वहां से भागने की कोशिश की, लेकिन वह वहीं गिर गए। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार हो गए। पार्टी में मौजूद लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी और घायल गगन को पास के अस्पताल लेकर गए।



**दिल्ली में सिगरेट के लिए बहा खून**

# नाबालिगों ने शख्स से मांगे 10 रुपये, न देने पर चाकू से गोदा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: मॉडल** टाउन के आजादपुर मेट्रो स्टेशन के पास सिगरेट के लिए 10 रुपये नहीं देने पर नाबालिगों ने एक शख्स पर चाकू से हमला कर उन्हें घायल कर दिया। पीड़ित की पहचान रामबचन के रूप में हुई है। उन्हें पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सीसीटीवी कैमरे से पहचान कर पुलिस ने वारदात को अंजाम देकर भागे दो नाबालिगों को पकड़ लिया है। रामबचन (50) मूलतः बक्सर बिहार के रहने वाले हैं। वह आजादपुर स्थित एक फैक्टरी में काम करते हैं। शुक्रवार रात वह आजादपुर मेट्रो स्टेशन के पास स्थित पार्क में बैठे थे। इसी दौरान दो नाबालिग इनके पास आए। दोनों इनसे सिगरेट खरीदने के लिए दस रुपये मांगने लगे। पीड़ित ने पैसे देने से मना कर दिया। काफी परेशान करने पर पीड़ित ने एक नाबालिग को थप्पड़ मार दिया। उसके बाद दोनों नाबालिग वहां से चले गए। कुछ देर बाद दोनों वहां पहुंचे और चाकू से रामबचन पर हमला कर दिया।




# एलजी वीके सक्सेना ने सीएम आतिशी को लिखी चिट्ठी

**पूछे सवाल**

**एक नवंबर तक प्रदूषण से निपटने के लिए मार्शल को नियुक्त करने के लिए कहा था**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने मुख्यमंत्री आतिशी को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा कि एक नवंबर तक प्रदूषण से निपटने के लिए मार्शल को नियुक्त करने के लिए कहा था। इससे संबंधित फाइल अभी तक नहीं पहुंची। राजभवन से जारी चिट्ठी में उपराज्यपाल ने कहा कि पिछली 24 नवंबर को को मैंने आने वाली दिवाली और अन्य त्योहारों के मद्देनजर आपको पत्र लिख कर सीडीवीएस और बस मार्शलों की एक नवम्बर से बहाली सुनिश्चित करने को कहा था। साथ ही उनके नियमित करने का प्रस्ताव तैयार कर भेजने का सुझाव भी दिया था। आगे कहा कि इस बावत आपकी पार्टी और नेताओं द्वारा काफी अवांछित राजनीति की गई और नेता विपक्ष सहित आप भी मुझसे मिली थीं। अफसोस की बात है कि अब तक इस सम्बन्ध में सरकार से मुझे कोई प्रस्ताव नहीं मिला है। आगे लिखा कि आप इस मामले को त्वरित रूप से संबोधित करें और विधिपूर्वक सम्बंधित अधिकारियों को इनकी बहाली का प्रस्ताव प्रस्तुत करने का आदेश दें।




# चाचा-भतीजे हत्याकांड : शूटर के संपर्क में आया था आरोपी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: नई** दिल्ली के शाहदरा के फर्श बाजार इलाके में दिवाली की रात चाचा-भतीजे की हत्या के मामले में नया खुलासा हुआ है। शुरूआती जांच में पुलिस को पता चला है कि मृतक आकाश शर्मा पर हत्या के प्रयास सहित आधा दर्जन आपराधिक मामले दर्ज थे। वह सामूहिक दुष्कर्म के मामले में तीन साल तक जेल में भी रह चुका था। एक मामला सट्टा चलाने को लेकर भी है। बड़े भाई योगेश पर भी मारपीट और धमकाने के मामला दर्ज हैं। पुलिस नाबालिग आरोपी से लेनदेन को लेकर पूछताछ कर रही है। वहीं, परिजनों का कहना है कि उन लोगों ने आरोपी को पैसे उधार दिए थे और पैसे वापस मांगने पर आरोपी ने शूटर के जरिये आकाश की हत्या करवाई है।




**ऐसे शूटर के संपर्क में आया आरोपी**

पुलिस सूत्रों का कहना है कि आपराधिक छवि होने से आकाश की कई लोगों से रंजिश थी। ऐसे में यह भी माना जा रहा है कि दूर के भतीजे का इस्तेमाल कर किसी बदमाश ने आकाश की हत्या करवाई हो। नाबालिग ने पूछताछ में बताया कि वह शूटर से इंस्टाग्राम के जरिये संपर्क में आया था। शूटर की गिरफ्तारी के बाद ही हत्या के सही कारणों का खुलासा हो पाएगा।

**यह था मामला**

नई दिल्ली के शाहदरा के फर्श बाजार इलाके में पटाखे के शोर के बीच रुपये की लेन-देन के विवाद में बृहस्पतिवार रात एक फाइनेंसर आकाश शर्मा (40) की घर में घुसकर गोली मारकर हत्या कर दी गई। गोलीबारी में उनका 10 साल का बेटा कृष भी घायल हो गया। आकाश के 16 साल के भतीजे ऋषभ ने भाग रहे शूटर का पीछा कर उसे पकड़ने की कोशिश की। इस दौरान आरोपी ने उसके गले में गोली मार दी। घायलों को पास के अस्पताल में ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने आकाश शर्मा और उनके भतीजे को मृत घोषित कर दिया। बेटे के हाथ में गोली लगी है। पुलिस ने आकाश के चश्मदीद बेटे यश के बयान हत्या और हत्या का प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने मृतक के दूर के एक नाबालिग भतीजे को पकड़ा है, जिसने मौके पर पहुंचकर शूटर को गोली मारने का निर्देश दिया था। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

**आरोपी ने सुनाई यह कहानी**

पूछताछ में आरोपी नाबालिग ने दावा किया है कि मृतक आकाश शर्मा ने उसे एक काम करने के लिए कहा था। जिसे पूरा करने पर उन्होंने उसे 70 हजार रुपये देने का वादा किया था, लेकिन बाद में पैसे देने से मुकर गए। पैसे नहीं मिलने पर वह उनसे बदला लेना चाहता था। उसने आकाश की हत्या के लिए अपने दोस्तों से बात की और एक शूटर के जरिए घटना को अंजाम दिया।

### रिश्तेदार ने ही भाई-बेटे को भी मरवा दिया

**घटना** के बाद से आकाश के घर में मातम है। आकाश की मां का बुरा हाल है। भाई और बेटे की मौत से योगेश भी पूरी तरह से टूट चुके हैं। रोते हुए योगेश ने बताया कि उनके रिश्तेदार ने ही भाई और बेटे को भी मरवा दिया।

आरोपी उनके ताऊ के बेटे का बेटा है। घटना के समय वह पहली मंजिल पर खाना खा रहे थे। योगेश ने दावा किया कि हमने आरोपी भतीजे को पैसे उधार दिए थे।

पैसे वापस मांगने पर उसके इरादे बदल गए और हत्या करवा दी।

नाबालिग होने का फायदा उठाकर भतीजे ने वारदात को अंजाम दिया है।

# दुबई से दिल्ली आई एयर इंडिया की फ्लाइट में मिला गोला-बारूद




**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दुबई से दिल्ली आई एयर इंडिया की फ्लाइट में गोला बारूद मिला है। इसके बाद मुस्तैदी दिखाते हुए फ्लाइट के स्टाफ ने सभी यात्रियों को सुरक्षित उतारा गया। बाद में मामले की शिकायत पुलिस से की गई।

एयर इंडिया के प्रवक्ता के मुताबिक, 27 अक्तूबर 2024 को दुबई से दिल्ली में उतरने के बाद हमारी उड़ान आई-916 की एक सीट की जेब में एक गोला-बारूद कारतूस पाया गया था। इसके बाद सभी यात्री सुरक्षित रूप से उतरे गए। एयर इंडिया द्वारा सख्ती से पालन करते हुए तुरंत हवाईअड्डा पुलिस में शिकायत दर्ज की गई थी।



दिल्ली के यमुना घाटों पर शनिवार को छठ पूजा की तैयारियों में जुटे लोग।

# दिल्ली बनी दुनिया की सबसे प्रदूषित शहर

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दीवाली की रात पटाखे जलाने पर दिल्ली में लगा प्रतिबंध धुएं में उड़ता नजर आया। राष्ट्रीय राजधानी में आधी रात के बाद तक खूब पटाखे जले। एनसीआर के शहरों में प्रतिबंध नहीं था। वहां भी जमकर पटाखे जले। इसी का असर रहा कि पिछले दो साल के मुकाबले इस साल दीवाली के दिन एक्यूआइ ज्यादा दर्ज किया गया। हालांकि तेज हवा चलने से राहत भी रही और पूर्वानुमान के अनुसार एनसीआर में कहीं का भी एक्यूआइ गंभीर श्रेणी में नहीं पहुंचा। अगले दिन भी एक्यूआई बीते वर्ष की तुलना में थोड़ा कम रहा। हालांकि, समाचार एजेंसी रायटर के अनुसार पटाखे जलने के कारण दिल्ली दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर रहा।



**पराली के धुएं की हिस्सेदारी 27 प्रतिशत तक पहुंची**

आईआईटीएम पुणे के डिसीजन सपोर्ट सिस्टम की मानें तो पड़ोसी राज्यों विशेष रूप से पंजाब व हरियाणा में पराली जलाने से पीएम 2.5 प्रदूषण में 27 प्रतिशत तक प्रदूषण रहा। पराली जलाने के मामले भी एक ही दिन में 900 से ऊपर दर्ज किए गए। परिवहन, शहर में प्रदूषण का एक अन्य प्रमुख कारण रहा, जिसने 13 प्रतिशत का योगदान दिया। दीवाली पर हवा की दिशा उत्तर-पश्चिमी थी। इसकी रफ्तार 11:30 बजे से शाम छह बजे तक 12 से 16 तो शुक्रवार सुबह तीन से सात किमी प्रति घंटा थी।

**10 अक्टूबर के बाद हवा होने लगी खराब**

इस बार की दीवाली तीन सालों में सबसे ज्यादा प्रदूषित श्रेणी में दर्ज की गई। पराली जलाने के मामलों में आई तेजी, पटाखे जलाए जाने और मौसमी कारकों से दिल्ली के वायु गुणवत्ता स्तर में पिछले दो सालों के मुकाबले गिरावट देखने को मिली। दिल्ली में इस बार मानसून का सीजन सामान्य से अच्छा था। इसके चलते वायु गुणवत्ता भी पहले की तुलना में साफ-सुथरी रही थी।

### शाम आठ बजे के बाद प्रदूषण में होने लगी बढ़ोतरी

**पटाखे** जलने से पहले शाम छह-सात बजे तक दिल्ली का प्रदूषण अपेक्षाकृत कम था, हवा भी चल रही थी, लेकिन शाम आठ बजे के बाद जब पटाखे जलने शुरू हुए तो इसमें हर घंटे इजाफा होने लगा।

गुरुवार शाम सात बजे दिल्ली का एक्यूआइ 327 यानी बहुत खराब श्रेणी में था।

रात 11 बजे के लगभग यह 330 दर्ज हुआ और शुक्रवार सुबह सात बजे 362 तक हो गया।

सुबह हवा की गति मंद पड़ने पर स्माग की चादर भी देखने को मिली।

# किसानों से धान फसल अवशेष ना जलाने का किया आह्वान

## आग लगाने से वायु प्रदूषण फैलता है और मिट्टी के पोषक तत्व भी नष्ट हो जाते हैं

**आह्वान**

**धान अवशेषों को मिट्टी में मिलाने से मिट्टी की उर्वरा शक्ति बढ़ेगी तथा वातावरण को स्वच्छ रखने में सहायता मिलेगी**



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा सरकार ने राज्य के किसानों का आह्वान किया कि वे धान की कटाई के बाद फसल अवशेषों में आग ना लगाएं। आग लगाने से वायु प्रदूषण फैलता है और मिट्टी के पोषक तत्व भी नष्ट हो जाते हैं। किसान अवशेषों को मशीनों की सहायता से मिट्टी में मिलाएं।

धान अवशेषों को मिट्टी में मिलाने से मिट्टी की उर्वरा शक्ति बढ़ेगी तथा वातावरण को स्वच्छ रखने में सहायता मिलेगी। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के एक प्रवक्ता ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि सरकार द्वारा हरियाणा पराली प्रोत्साहन योजना 2024-25 के तहत फसल अवशेषों के प्रबंधन के लिए योजना शुरू की गई है। आवेदन के लिए किसान को मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण करवाना होगा। योजना के तहत एक हजार रूपए प्रति एकड़ का प्रोत्साहन दिया जाएगा। योजना का लाभ पाने के लिए इच्छुक किसान 30 नवंबर,2024 तक विभागीय पोर्टल एग्रीहरियाणा.जीओवी.इन पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस योजना का उद्देश्य किसानों को पराली जलाने से रोकना और उन्हें आर्थिक सहायता प्रदान करना है। इससे न केवल पर्यावरण को सुरक्षित किया जाएगा, बल्कि किसानों को फसल अवशेषों का सही तरीके से प्रबंधन करने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

## 436 लाभार्थियों को 368.76 लाख रुपये की वित्तीय सहायता मुहैया करवाई


**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम ने चालू वित्त वर्ष के दौरान सितम्बर, 2024 तक विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत 436 लाभार्थियों को 368.76 लाख रुपये की वित्तीय सहायता मुहैया करवाई है, जिसमें 32.01 लाख रुपये की सब्सिडी भी शामिल है। निगम के प्रवक्ता ने इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुए बताया कि निगम द्वारा अनुसूचित जातियों से संबंधित लोगों को विभिन्न श्रेणियों के अंतर्गत ऋण मुहैया करवाया जाता है ताकि वे अपना कारोबार और स्व-रोजगार स्थापित कर सकें। इन श्रेणियों में कृषि एवं सम्बद्ध क्षेत्र, औद्योगिक क्षेत्र, व्यापार और कारोबार क्षेत्र तथा स्व-रोजगार क्षेत्र शामिल हैं। राष्ट्रीय अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम की सहायता से लागू योजनाओं के तहत भी उन्हें वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है।

# पिछले तेरह साल में हरियाणा में सबसे अधिक रहा रात का तापमान

**सूखा दर्ज**

**अक्तूबर में 9.6 एमएम तक बारिश दर्ज की जाती रही है। बारिश नहीं होने का सीधा असर तापमान पर पड़ा**



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़: हरियाणा में अक्तूबर का म**हीना पिछले चार सालों में सबसे सूखा दर्ज किया गया। बीते चार साल की तुलना इस बार अक्तूबर में प्रदेश में सिर्फ 0.5 एमएम बारिश दर्ज की गई है, जो सामान्य के मुकाबले करीब 95 फीसदी कम है। आमतौर पर अक्तूबर में 9.6 एमएम तक बारिश दर्ज की जाती रही है। वहीं, बारिश नहीं होने का सीधा असर तापमान पर पड़ा है। 13 सालों में रात का तापमान सर्वाधिक दर्ज किया गया है। अंबाला में रात का औसत तापमान 21.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इससे पहले 13 सालों में इतना तापमान दर्ज नहीं किया गया।

मौसम विभाग के आंकड़ों के मुताबिक 2023 में हरियाणा में अक्तूबर के महीने में औसत 10 एमएम, 2022 में 35.9 एमएम और 2021 में 25.1 एमएम बारिश दर्ज की गई थी। इससे पहले 2020 में भी पूरा अक्तूबर सूखा ही बीता था। चंडीगढ़ मौसम विभाग के अनुसार अक्तूबर व नवंबर में बारिश कम होती है, मगर इस बार पूरा अक्तूबर ही शुष्क बीता। अक्तूबर में पश्चिमी विक्षोभ की वजह से बारिश होती है। इस बार पश्चिमी विक्षोभ तो आए मगर वह ऊपर से ही निकल गए। एंटी साइक्लोन गतिविधियां भी इस दफा निष्क्रिय रही हैं। इसकी वजह से बारिश नहीं हो पाई। मौसमी गतिविधियों की कमी की वजह से ही तापमान भी ज्यादा दर्ज किए गए हैं।

मौसम विभाग के मुताबिक करनाल में औसत न्यूनतम तापमान 19.4 डिग्री दर्ज किया गया है। इससे पहले 2013 में 19.4 डिग्री दर्ज किया गया था। यानी 11 साल बाद करनाल में भी रात का तापमान सर्वाधिक दर्ज किया गया है।

# पिछड़ेपन को दूर करने के लिए शिक्षा सबसे अहम: गंगवा



**शिक्षित**

**समाज के लोग ज्यादा शिक्षितत होंगे वह समाज उतना ही आगे बढ़ेगा: मंत्री रणबीर गंगवा**

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा है कि किसी भी समाज के पिछड़ेपन को दूर करने के लिए शिक्षा सबसे अहम है। जिस समाज के लोग ज्यादा शिक्षित होंगे वह समाज उतना ही आगे बढ़ेगा, इसलिए युवाओं का शिक्षित व काबिल होना वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। रणबीर गंगवा आज जिला हिसार के बरवाला स्थित विश्वकर्मा जांगिड़ ब्राह्मण सभा के सहयोग से विश्वकर्मा दिवस पर आयोजित समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। रणबीर गंगवा ने अपने संबोधन में भगवान विश्वकर्मा को नमन करते हुए उन्होंने कहा कि भगवान विश्वकर्मा किसी एक जाति से संबंधित नहीं है। सुई से जहाज व झोपड़ी से महल का निर्माण करने वाले हाथ के सभी कारीगर भगवान विश्वकर्मा के वंशज हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय के मशीनी युग में हाथ का कार्य करने वाले लोगों के लिए पढ़ाई बेहद जरूरी हो गई है, इसलिए समाज के अग्रणी नागरिक शिक्षा पर जोर दें। उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ने पारदर्शिता के आधार पर नौकरियां प्रदान कर सर्व समाज के काबिल बच्चों के लिए आगे बढ़ने के द्वार खोले हैं। गरीब व पिछड़े समाज के परिवारों के बच्चे भी अपनी मेहनत के दम पर हरियाणा सिविल सेवा व अन्य उच्च पदों पर आसीन हुए हैं। उन्होंने समाज के ऊंचे पदों पर

# किसानों को डीएपी के लिए भटकना पड़ रहा है: सैलजा



**घेरा**

**प्रदेश में डीएपी की 60 लाख से अधिक बैग की जरूरत, डीएपी खाद न मिलने से प्रदेश में हो रही गेहूं की बिजाई प्रभावित**

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री व सिरसा से सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश में इन दिनों डीएपी खाद की किल्लत के कारण किसान भारी परेशानी का सामना कर रहे हैं। डीएपी न मिलने के चलते गेहूं की बिजाई प्रभावित हो रही है। जिन किसानों ने खेतों की सिंचाई कर रखी है उनको समय पर डीएपी खाद न मिलने के कारण अब दोबारा से सिंचाई करनी पड़ेगी जिससे गेहूं की बिजाई लेट हो जाएगी। गेहूं की बिजाई अब जितनी लेट होगी उत्पादन पर भी उतना ही असर पड़ेगा। जिस कारण किसानों को और ज्यादा आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ेगा।

कुमारी सैलजा ने कहा कि हरियाणा प्रदेश में 23 लाख हेक्टेयर से अधिक रकबे में गेहूं की बिजाई होती है। जो देश के अन्नभंडारन में अहम योगदान देता है। अकेली गेहूं की फसल की बात करें तो इतने रकबे में बिजाई के लिए 60 लाख से अधिक डीएपी के बैग की जरूरत होती है। गेहूं की बिजाई अक्टूबर माह में ही शुरू हो जाती है। उन्होंने कहा कि ऐसे में सरकार को डीएपी का प्रबंध सितंबर माह में ही करना चाहिए था ताकि किसानों को बिजाई के समय में डीएपी की किल्लत का सामना न करना पड़े। कुमारी सैलजा ने कहा कि पर बीजेपी सरकार ने समय रहते डीएपी का प्रबंध नहीं किया बल्कि जीत के जश्न में डूबी हुई है। किसानों की परेशानी से बीजेपी को जरा भी सरोकार नहीं है। किसानों की हितैषी बताने वाली बीजेपी सरकार को गेहूं की बिजाई के समय में डीएपी उपलब्ध करा कर किसान विरोधी सरकार होने का प्रमाण दे रही है।

# श्रद्धा से मनाया गया अन्नकूट का पर्व व विश्वकर्मा दिवस

**टीम एक्शन इंडिया**

**जींद:** जिलाभर में विश्वकर्मा-दिवस व अन्नकूट का पर्व शनिवार को धूमधाम व श्रद्धा से मनाया गया। जयंती मंदिर में भव्य भंडारा आयोजित किया गया। इस दौरान प्रसाद पाने के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारे लगी हुई थी। मंदिर श्रद्धालुओं ने स्वयं सेवक बनकर व्यवस्था को संभालने का काम किया। मंदिर पुजारी नवीन कुमार शास्त्री ने बताया कि पिछले वर्षो की भांति इस वर्ष गोवर्धन पूजा और अन्नकूट के भंडारे को लेकर श्रद्धालुओं में काफी उत्साह देखने को मिला। उन्होंने कहा कि दीपावली का अगला दिन गोवर्धन पूजा के लिए तय रहता है। अन्नकूट का पर्व इसी अवसर पर गोवर्धन पूजा के निमित्त मनाया जाता है,

जिसके मूल में, भगवान श्रीकृष्ण भक्तों के योगक्षेम को स्वयं वहन करते हैं, जैसा कि भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत उठाकर किया। शास्त्री ने बताया कि गोकुलवासी वर्षा के देवता कहे जाने वाले इंद्र को प्रसन्न करने के लिए प्रत्येक वर्ष उनकी पूजा करते थे, लेकिन भगवान श्रीकृष्ण ने उन्हें ऐसा करने से रोककर गोवर्धन पर्वत की पूजा करने के लिए कहा।

# पंचकूला पुस्तक मेले का उद्घाटन करेंगे सीएम



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा को एक भारत श्रेष्ठ भारत की अवधारणा को साकार करने के लिए ऊर्जा संस्कृति समिति की पहल पर विभिन्न विभागों के संयुक्त प्रयास से 4 से 10 नवम्बर, 2024 तक इंद्रधनुष ऑडिटोरियम, सेक्टर-5, पंचकूला में ह्यतृतीय पंचकूला पुस्तक मेलाह्व का आयोजन किया जा रहा है। एक सरकारी प्रवक्ता ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी इस अवसर पर मुख्य अतिथि होंगे। उन्होंने बताया कि ऊर्जा संस्कृति समिति की पहल पर ऊर्जा विभाग हरियाणा, पर्यावरण विभाग, पुलिस विभाग एवं एचएसवीपी के सानिध्य में अक्षय ऊर्जा विभाग, पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग, संस्कृति विभाग, महिला एवं बाल विकास, परिवहन विभाग, जिला प्रशासन एवं नगर निगम पंचकूला की संयुक्त पहल पर हिन्दी, अंग्रेजी, पंजाबी भाषा के 100 से अधिक प्रकाशकों की किताबों की दुनिया पंचकूला के नागरिक समाज के लिए प्रदर्शित की जा रही हैं।

# आदमपुर हलके में विकास के लिए पद की जरूरत नहीं : कुलदीप बिश्नोई

**विकास पर बल**

**क्षेत्र की जनता का हर आदेश सिर माथे, लगातार करवाते रहेंगे विकास कार्य : भव्य**




**टीम एक्शन इंडिया**

**हिसार:** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई ने कहा है कि आदमपुर और भजनलाल परिवार का पीढ़ियों का पारिवारिक रिश्ता है। कुछ कारणों से हम विधानसभा चुनाव भले ही न जीत पाएं हों, परंतु प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है। विकास कार्यों में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। कुलदीप बिश्नोई एवं भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश प्रभारी भव्य बिश्नोई शनिवार को आदमपुर विधानसभा चुनाव के बाद हलके का धन्यवादी दौरा कर रहे थे। उन्होंने लाखपुल, सीसवाल, ढाणी सीसवाल, काबरेल, सलेमगढ़, लाडवी, जाखोद खेड़ा, मलापुर, न्योली खुर्द, काजला, दुर्जनपुर, जगान, चिकनवास, झीडी, ठसका, ढंढूर, तेजा मार्किट, पक्की डिग्गी, बीड़ बबरान व पीरांवाली में पहुंचकर मतदाताओं का विधानसभा चुनाव में साथ देने पर आभार जताया। कुलदीप ने कह कि जो कार्य रह गए हैं, उनको पूरा करवाना प्राथमिकता रहेगी।

उन्होंने चुनाव के दौरान कहा था कि राज्य में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनने जा रही है और कोई गलती मत कर देना, परंतु यह दुर्भाग्यपूर्ण रहा कि अबकी बार आदमपुर हलका सत्ता में भागीदार बनता-बनता रह गया आदमपुर हलके के कुछ क्षेत्रों में विपक्षी यह प्रचार करने में सफल हो गए की कांग्रेस की सरकार आ रही है, इसलिए कुछ साथी भावना में बह गए, परंतु जीवन संघर्ष का नाम है। वे फिर से संघर्ष की राह पर चलेंगे और आदमपुर का खोया मान-सम्मान वापिस आने तक प्रयास जारी रखेंगे।

भव्य बिश्नोई ने कहा कि उन्होंने पूरी ईमानदारी एवं मेहनत से पिछले दो वर्षों में कार्य किया और हर दिन आदमपुर के विकास कार्यों को पूरा करवाने के लिए उनके प्रयासरत रहते थे। काफी कार्य उन्होंने पूरे करवाए भी और जो रह गए हैं, उनको भी आगे पूरा करवाना प्राथमिकता रहेगी। आदमपुर हलका हमारा परिवार है और आदमपुर का हर आदेश सर माथे है। भजनलाल परिवार को आदमपुर में विकास कार्य करवाने के लिए किसी पद की आवश्यकता नहीं है। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने हाल ही में 24 हजार युवाओं को नौकरी देकर बिना पर्ची-बिना खर्ची के अपने वादे को पूरा किया है। आदमपुर हलके से भी इसमें करीब 260 युवाओं को रोजगार मिला है।

# 34 हजार किसानों को किया एक हजार करोड़ का भुगतान



**टीम एक्शन इंडिया**

**फतेहाबाद:** जिला की विभिन्न मंडियों व खरीद केंद्रों से अब तक 4 लाख 68 हजार 082 मीट्रिक टन धान की फसल का उठान किया गया है जोकि खरीद का 83 प्रतिशत है। जिला में अब तक 5 लाख 65 हजार 125 मीट्रिक टन धान फसल की खरीद हुई है। अब तक 34339 किसानों को उनकी खरीद गई फसल के लिए 1058.16 करोड़ रुपये की राशि का भुगतान किया गया है। उपायुक्त मनदीप कौर ने शनिवार को बताया कि जिला में 5 लाख 65 हजार 125 मीट्रिक टन धान की खरीद हुई है, जिसमें से फूड सप्लाई ने 6879 किसानों की एक लाख 34 हजार 135 मीट्रिक टन, हैफेड ने 12902 किसानों की एक लाख 90 हजार 586 मीट्रिक टन तथा एचडब्ल्यूसी ने 14558 किसानों की दो लाख 40 हजार 405 मीट्रिक टन धान की फसल की खरीद की है। इसके साथ ही मंडियों से धान फसल का उठान कार्य भी किया जा रहा है। जिला में अब तक 4 लाख 68 हजार 082 मीट्रिक टन धान फसल का उठान किया जा चुका है, जिसमें फूड सप्लाई ने एक लाख 17 हजार 820 मीट्रिक टन, हैफेड ने एक लाख 48 हजार 423 मीट्रिक टन तथा एचडब्ल्यूसी ने दो लाख 01 हजार 839 मीट्रिक टन धान की फसल का उठान किया है। उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि जिला में विभिन्न खरीद एजेंसियों द्वारा अब तक 34339 किसानों को उनकी खरीद गई फसल के लिए 1058.16 करोड़ रुपये की राशि का भुगतान किया गया है।

## पिछले साल से अधिक मिल रहे कपास के भाव

**टीम एक्शन इंडिया**

**जींद:** इस साल कपास के भाव जरूर किसानों को कुछ राहत देने का काम कर रहे हैं। कपास की आवक बेशक बीते साल से कम इन दिनों हो लेकिन कपास के भाव बीते साल से अधिक किसानों को प्राइवेट कपास की बोली पर मिल रहे है। अब तक बीते साल की अपेक्षा 23 प्रतिशत के आसपास कम कपास की आवक हुई है। इस साल अब तक 19978 क्विंटल कपास मंडी आ चुकी है। बीते साल इन दिनों तक 26243 क्विंटल आ चुकी थी। इस साल 6265 क्विंटल कपास मंडी कम आई है। इन दिनों कम से कम 7280 रुपये प्रति क्विंटल तो अधिक से अधिक 7765 रुपए प्रति क्विंटल तक भाव मिल रहे हैं। बीते साल इन दिनों कम से कम 5805 रुपये प्रति क्विंटल तो अधिक से अधिक 6995 रुपये प्रति क्विंटल तक के भाव मिल रहे थे। किसान राजू, सुलतान, बलजोर ने कहा कि इस साल भाव कपास के बीते साल से अधिक मिल रहे है।

# पीआर धान को 3100 रुपये में खरीद वायदा निभाए भाजपा : आजाद पालवां



**टीम एक्शन इंडिया**

**जींद:** उपमंडल कार्यालय में सामूहिक समस्याओं एवं मांगों को लेकर 687वें दिन भी सयुंक्त किसान मजदूर मोर्चा का अनिश्चितकालीन धरना शनिवार को भी जारी रहा। धरना संयोजक आजाद पालवां ने कहा कि सरकार की करनी और कथनी में अंतर है। एक तरफ मुख्यमंत्री विधानसभा में कहते है कि पराली जलाने पर किसानों पर मुकद्मा दर्ज नही किया जाएगा और न गिरफ्तार होंगे जबकि कृषि कल्याण विभाग के उपनिदेशकों को पत्र जारी किए गए हैं। जिसमें स्पष्ट रूप से लिखा है कि पराली जलाने पर एफआईआर दर्ज करके मुकद्मा चलाया जाएगा और दो साल तक उस की फसल पर बिक्री पर रोक लगाई जाएगी चुनाव के समय किसानों से किए गए 3100 रुपये प्रति क्विंटल पीआर धान खरीद का वायदा भी निभाने का काम भाजपा करें। पालवां ने कहा कि सरकार की वादा खिलाफी के विरोध में पांच नवंबर को कुरूक्षेत्र में किसान पंचायत बुलाई गई है। किसान पंचायत में 3100 रुपये प्रति क्विंटल पीआर धान की खरीद, किसानों पर पराली जलाने पर दर्ज मामलों, डीएपी एवं यूरिया खाद किसानों को समय-समय पर मुहैया ना करवाने सहित विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा कर सरकार से जवाब मांगने का काम किया जाएगा।

# जींद मामूली कहासुनी में युवक को गोली मार किया घायल




**टीम एक्शन इंडिया**

**जींद:** गांव उचाना कलां में आपसी कहासुनी के चलते कुछ युवकों ने एक युवक पर फायर कर दिया। आसपास लोगों द्वारा घायल युवक को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने उसकी हालत गंभीर देख पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया। घटना की सूचना पाकर उचाना थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने घायल युवक के भाई की शिकायत पर सात युवकों के खिलाफ जानलेवा हमला करने, शस्त्र अधिनियम सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए दो युवकों को गिरफ्तार भी कर लिया है। पुलिस दोनों आरोपितों से अन्य युवकों के बारे में पूछताछ कर रही है। गांव उचाना कलां निवासी सुमित ने शनिवार को पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका भाई साहिल गांव की चौपाल के पास गया हुआ था। जहां पर उसकी सचिन, सोमबीर व उसके साथियों से कहासुनी हो गई। नौबत आपस में मारपीट तक जा पहुंची। उसी दौरान सचिन व उसके साथियों ने अपने पास मौजूद असलहा से फायर कर दिया। गोली उसके भाई के सिर में जा लगी। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वारदात को अंजाम देकर आरोपित फरार हो गए।

गंभीर हालात में उसके भाई साहिल को उचाना नागरिक अस्पताल ले जाया गया। जहां पर चिकित्साकों ने गंभीर हालात देख पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया। जिस पर परिजन उसे हिसार के निजी अस्पताल हिसार ले गए।

## पलवल में अविवाहिता ने बच्चे को जन्म देकर लावारिस छोड़ा, पुलिस ने बरामद किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**पलवल:** जिले में अविवाहित लड़की द्वारा बच्चे को जन्म देने के बाद जान बूझकर फेंकने का मामला प्रकाश में आया है। बच्चे को दिल्ली के अस्पताल में दाखिल कराया गया है। पुलिस ने गांव के ही एक व्यक्ति की शिकायत पर जन्म देने वाली अज्ञात मां के खिलाफ केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार काशीपुर गांव निवासी कृष्ण ने पुलिस को बताया कि 31 अक्तूबर को रात वह अपनी भैंस को देखने जा रहा था, क्योंकि उसकी भैंस ने उसी दिन कटरा दिया था। जब वह अपने मकान के गेट के पास पहुंचा, तो वहां गेट के कोने से बच्चे के रोने की आवाज सुनाई दी। उसने वहां नजदीक जाकर देखा, तो एक नवजात बच्चा जमीन पर खून से सना हुआ था। उसने अपने परिजनों को जगाया और अपने पड़ोसियों को इस बारे में बताया।

# शिल्पकार और श्रमिक वर्ग के लिए बेहद महत्वपूर्ण होती है विश्वकर्मा पूजा : राणा



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। भगवान विश्वकर्मा** दिवस के शुभ अवसर पर असंध विधायक योगेन्द्र राणा ने गांव ओंगद, जुड़ला, उपलाना, वार्ड नंबर 12 और वार्ड नं 6 में आयोजित श्री विश्वकर्मा पूजा एवं भंडारा कार्यक्रम में शामिल होकर उपस्थित सभी को विश्वकर्मा पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

विधायक योगेंद्र राणा ने कहा कि वास्तुकला कौशल में सर्वश्रेष्ठ एवं सृष्टि के रचयिता भगवान श्री विश्वकर्मा जी की कृपा समस्त प्रदेशवासियों पर सदैव बनी रहे और सबके जीवन में सुख-शांति और समृद्धि का संचार हो।

उन्होंने बताया कि दिवाली के दूसरे दिन कार्तिक शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि को कई लोग गोवर्धन पूजा के साथ विश्वकर्मा पूजा भी करते हैं। ये पूजा शिल्पकार और श्रमिक वर्ग के लोगों के लिए बेहद महत्वपूर्ण होती है। इस दिन श्रद्धालु भगवान विश्वकर्मा से अपने व्यापार में उन्नति की कामना करते हैं। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म में विश्वकर्मा भगवान को यांत्रिक विज्ञान का जनक कहा जाता है। इसलिए विश्वकर्मा पूजा के शुभ अवसर पर मजदूर, कारीगर, मिस्त्री, शिल्पकार अपनी मशीनों और औजारों की साफ.सफाई करके उनकी पूजा करते हैं। विधायक ने कहा कि विश्वकर्मा और दीपावली पूजा का अपना-अपना महत्व और विशेषता है एक ओर दीपावली हमें अच्छाई की राह पर चलने और जीवन में प्रकाश लाने की प्रेरणा देती है, वहीं विश्वकर्मा पूजा हमारे श्रम, तकनीकी और निर्माण कार्यों के प्रति सम्मान प्रकट करने का अवसर है। इस अवसर पर मुख्य रूप से जुंडला मंडल अध्यक्ष नरेंद्र नरवाल, नगरपालिका चेयरमैन सतीश कटारिया, असंध मंडल अध्यक्ष राम अवतार, भाजपा वरिष्ठ कार्यकर्ता सतपाल जैन, यादविंदर आहूजा, सुरेंद्र जानी, भाजपा वरिष्ठ कार्यकर्ता डॉ. बूटी राम, बृज टक्कर, जुंड़ला मंडल महामंत्री सुभाष राणा, प्रधान इंद्र सिंह डांगी, पूर्व चेयरमैन दीपक छाबड़ा, सुमित नरवाल, गांव उपलाना सरपंच प्रतिनिधि राम स्वरूप एवं विश्वकर्मा कार्यक्रम के आयोजनकर्ता मौजूद रहे।

# विधानसभा स्पीकर ने मनाई विश्वकर्मा जयंती



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। कस्बा घरौंडा में** भगवान विश्वकर्मा जयंती के मौके पर हरियाणा विधानसभा स्पीकर और घरौंडा विधायक हरविंदर कल्याण मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। उन्होंने विश्वकर्मा मंदिर में पूजा अर्चना की। इस अवसर पर विश्वकर्मा समाज की ओर से हवन का आयोजन किया गया और क्षेत्र में सुख-शांति के लिए विशेष प्रार्थना की गई। पंडितों ने मंत्रोच्चारण कर विधिवत पूजा संपन्न कराई और विधानसभा स्पीकर के हाथ में कलावा बांधकर उन्हें आशीर्वाद दिया। समारोह के बाद विधानसभा के आगामी सत्र के संबंध में पूछे गए सवाल पर स्पीकर हरविंदर कल्याण ने बताया कि सत्र की तारीखों को लेकर जल्द ही फैसला लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि विधानसभा सत्र फिलहाल चल रहा है, जिसमें कुछ दिनों का अवकाश दिया गया है। अगली नीति पर निर्णय सोमवार को किया जाएगा। हरविंदर कल्याण ने क्षेत्रवासियों को भगवान विश्वकर्मा जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह दिन उनके लिए विशेष है। उन्होंने कहा कि हर वर्ष विश्वकर्मा मंदिर में आने का सौभाग्य प्राप्त होता रहा है। स्पीकर ने कहा कि हलका वासियों ने उन्हें विधायक की जिम्मेदारी सौंपी, वहीं अब प्रदेश में विधानसभा अध्यक्ष पद का दायित्व भी सौंपा गया है। यह सब क्षेत्रवासियों के आशीर्वाद और उनके भरोसे का नतीजा है। उन्होंने कहा कि स्पीकर के पद पर उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है, वह घरौंडा क्षेत्र का सम्मान है, जिसे वह पूरी मेहनत और ईमानदारी से निभाएंगे। उन्होंने हलके के सभी अधूरे कार्यों को तेजी से पूरा करने का आश्वासन भी दिया।

# महावीर स्वामी की 2550वां निर्माण महोत्सव मनाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन)**

**श्री वर्धमान श्वेताम्बर** जैन सभा अग्रवाल मंडी के तत्वधान में पूज्य गुरुनी श्री सुप्रिया सुप्रज्ञा जी महाराज श्री श्रुति जी महाराज ठाणे 5 के पावन सानिध्य में भगवान महावीर स्वामी की 2550 वा निर्माण महोत्सव मनाया गया। जिसमें 2550 सामायिक क आयोजन किया गया तथा आज प्रातः 6:00 बजे प्रभात फेरी निकाली अग्रवाल मंडी महावीर कॉलोनी जीटी रोड प्रहलाद कॉलोनी गीता कॉलोनी रेलवे रोड होते हुए अग्रवाल मंडी में संपन्न हुई अनेक भाई बहनों ने व्रत आयंबिल एकासना आदि तपस्या करके भगवान महावीर स्वामी की प्रति अपनी श्रद्धा अर्पित की तथा आज जैन धर्म के झंडे को 50 वर्ष पूरे होने पर धूमधाम से झंडा फहराया गया। पूज्य गुरुनी श्री सुप्रज्ञा जी महाराज ने अपने प्रवचन में फरमाया अमावस्या की रात्रि में दिवाली वाले दिन भगवान महावीर स्वामी का निर्माण हुआ था जैन अनुयाई इसी उपलक्ष्य में दिवाली वाले दिन दीपमाला लगाकर धूम धाम से दिवाली मनाता है।

भगवान महावीर स्वामी का संदेश जियो और जीने दो की राह पर जैन अनुयाई चलता है और सभी लोगों ने भगवान महावीर स्वामी का गुणगान किया।

# पानीपत में भगवान श्री विश्वकर्मा पूजा दिवस महोत्सव मनाया



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

**जिला भर में आज भगवान** श्री विश्वकर्मा पूजा दिवस महोत्सव श्रद्धापूर्वक मनाया गया। जगह-जगह भगवान श्री विश्वकर्मा जी की पूजा अर्चना कर भंडारे लगाए गए। जिसमें प्रातः हवन यज्ञ करने के बाद भगवान श्री विश्वकर्मा जी की पूजा अर्चना कर आरती उतारी गई तत्पश्चात लंगर का आयोजन किया। नूरवाला की हरि सिंह कॉलोनी स्थित श्री विश्वकर्मा मंदिर में श्री विश्वकर्मा पांचाल सभा द्वारा श्री विश्वकर्मा पूजा दिवस पर हवन यज्ञ किया गया। श्री विश्वकर्मा पूजा महोत्सव में प्रातःहवन यज्ञ पंडित हेमंत शुक्ला ने किया। जिसमें मुख्य यजमान बिजेंद्र पांचाल सप्तनीक रहे। जबकि मुख्य अतिथि प्रदेश के शिक्षामंत्री महीपाल ढांडा एवं विशिष्ठ अतिथि भाजपा पानीपत ग्रामीण के प्रभारी सुलेख डिडवाड़ा रहे। अतिथियों का यहां पहुंचने पर आयोजकों द्वारा जहां फूल मालाओं से स्वागत किया गया वहीं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया। यहां पर बोलते हुए मुख्य अतिथि महीपाल ढांडा ने कहा कि भगवान शिव के अवतार एवं ब्रह्मा जी के सातवें पुत्र विश्वकर्मा जी ने सृष्टि का निर्माण किया। विश्वकर्मा जी पहले शिल्पकार व वास्तुकार हैं जिन्होंने रोजगार देने के साधन खोजे। आज भगवान विश्वकर्मा को समझने व जीवन में उतारने की आवश्यकता है। उनके द्वारा दिए गए ब्रह्म ज्ञान से ही आगे बढ़ा जा सकता है। वहीं प्रसिद्व टीवी कलाकार मनोज पांचाल ने बाबा श्री विश्वकर्मा जी पर अपनी विशेष प्रस्तुति दी। वहीं आईटीबीपी में नियुक्त हुए सागर पुत्र जांगेंद्र पांचाल को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। सभा के प्रधान ईश्म पांचाल, तेलू राम पांचाल ,चेयरमैन विनोद पांचाल, संस्थापक सतपाल पांचाल बालू, राजकुमार माजरी, भूपेंद्र पांचाल, बिजेंद्र पांचाल, जितेंद्र पटवा, अंकुर प्रणामी, मौजी पांचाल, नीरज पांचाल, शिव कुमार, रतन जेहरा, मोहन लाल, डा.अनिल पांचाल, सुमित, विक्रम चौहान, कृष्ण शर्मा, राजेंद्र पांचाल भंड़ारी, मोहरसिंह सैनी, विनोद सैन, अनिल शर्मा आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

**श्री विश्वकर्मा पांचाल सभा ने मनाया श्री विश्वकर्मा पूजा दिवसः** गोहाना रोड स्थित श्री विश्वकर्मा मंदिर में पंडित नेतराम कौशिक द्वारा हवन यज्ञ कराया। ने की। सभा के पदाधिकारियों ने अतिथियों एवं सहयोगियों का फूल मालाओं एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया। सभा के प्रधान रघुबीर धीमान ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा ने सृष्टि का निर्माण किया है। आज उन्हीं की बदौलत हम उद्योग जगत में आगे बढ़ रहे हैं। जबसे उन्होंने भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना शुरू की है तब से उनके कारोबार में अपार वृद्वि हुई है। मुख्य यज्ञमान रहे सुनील धीमान सपत्नीक रहे। वहीं सम्मानित अतिथि के रूप में पांचाल समाज के जिलाध्यक्ष विपिन पांचाल, जांगिड़ ब्राह्मण महासभा के जिलाध्यक्ष सतबीर जांगड़ा, हुकम चंद धीमान, एसआई राजेश धीमान, उमेश धीमान रहे। इस अवसर पर संरक्षक विनोद पांचाल, रोशन लाल धीमान, प्रधान रघुबीर धीमान, रमेश धीमान, राजकुमार पांचाल माजरी, रामकरण जांगड़ा,रामकुमार बापौली, जगदीश जांगड़ा, ओमकार पांचाल, मा.ओम प्रकाश धीमान, सतीश पांचाल, प्रवीण पांचाल, कृष्ण बबैल, कमला धीमान,हरेंद्र धीमान व अंजली आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।


# पूर्व दिशा की ओर जाने वाली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ–2024

छठ पूजा त्यौहार के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा अन्य क्षेत्रीय रेलों के सहयोग से दिनांक 03.11.2024 से 05.11.2024 तक पूर्व दिशा की ओर निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ चलाई जायेंगी, जिनका विवरण निम्नानुसार है:–

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | स्थान | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **दिनांक 03.11.2024 (रविवार) को पूर्व दिशा की ओर प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची** | | | | | | |
| 04498 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 19:30 | बलिया | 13:30 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, रायबरेली जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., वाराणसी जं., औंड़िहार जं. और गाजीपुर सिटी |
| 04032 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 05:15 | सहरसा जं. | 10:30 | 3 टियर वाता. | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, कप्तानगंज जं., बगहा, नरकटियागंज जं., रक्सौल जं., बैरगनिया, सीतामढ़ी, जनकपुर रोड, दरभंगा जं., सकरी जं., झंझारपुर, निर्मली, सरायगढ़, सुपौल और गढ़ बरुआरी |
| 04062 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 09:00 | बरौनी जं. | 06:30 | 3 टियर वाता. | अलीगढ़ जं., टूंडला जं., इटावा जं., कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, सुलतानपुर, जौनपुर जं., गाजीपुर सिटी, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा और हाजीपुर जं. |
| 02392 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 23:20 | पटना जं. | 17:20 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा एवं दानापुर |
| 05220 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 08:00 | मुजफ्फरपुर | 00:45 | शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर जं. एवं हाजीपुर जं. |
| 02526 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 17:20 | कामाख्या | 03:40 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान, द्वितीय श्रेणी एवं सामान्य | अलीगढ़ जं., टूंडला जं., गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं० दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा जं., दानापुर, पाटलिपुत्र, हाजीपुर जं., बरौनी जं., बेगूसराय, खगडिया जं., नवगछिया, कटिहार जं., बारसोई जं., किशनगंज, न्यु जलपाईगुड़ी, न्यू कोचबिहार, तूफानगंज, गोलकगज, गौरीपुर, अभयापुरी असम एवं गोवालपाड़ा टाउन |
| 05284 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 07:00 | मुजफ्फरपुर | 04:50 | 2 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | मुरादाबाद, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ, गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., बगहा, हरिनगर, नरकटियागंज जंक्शन, बेतिया, सगौली जंक्शन, बापूधाम मोतिहारी, पिपरा, चकिया, मेहसी और मोतीपुर |
| 02878 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 04:00 | राँची | 05:00 | 3 टियर वाता. इकोनॉमी | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑनसोन, नबी नगर रोड, जपला, गढ़वा रोड, डालटनगंज, लातेहार, टोरी, बरकाकाना एवं मूरी |
| 02262 | नई दिल्ली | 00:20 | दरभंगा | 21:15 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. एवं शयनयान | गोविंदपुरी, प्रयागराज जंक्शन, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, हाजीपुर जं., मुजफ्फरपुर जं. एवं समस्तीपुर जं. |
| 02252 | नई दिल्ली | 08:25 | पटना जं. | 20:00 | वाता. कुर्सीयान, एग्जीक्यूटिव कुर्सीयान | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जंक्शन, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर एवं आरा |
| 03484 | नई दिल्ली | 10:30 | भागलपुर | 04:10 | शयनयान एवं सामान्य | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., पटना साहिब, फतुहा, खुसरूपुर, बख्तियारपुर जं., बाढ़, मोकामा, हाथीदा जं. बड़हिया, लक्खीसराय जं., किऊल जं., कजरा, अभयपुर, धरहरा, जमालपुर जं., बरियारपुर और सुलतानगंज |
| 02564 | नई दिल्ली | 17:55 | बरौनी जं. | 15:10 | 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी एवं शयनयान | कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, बस्ती, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा एव मुजफ्फरपुर जं. |
| 02570 | नई दिल्ली | 12:15 | दरभंगा | 10:00 | 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी एवं शयनयान | कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, बस्ती, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, सिवान जं., छपरा, मुजफ्फरपुर जं. एवं समस्तीपुर जं. |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | पटना जं. | 07:00 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान, सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा और दानापुर |
| 04038 | दिल्ली जं. | 19:10 | आजमगढ़ | 11:30 | 3 टियर वाता. | मुरादाबाद, बरेली, हरदोई, लखनऊ, सुलतानपुर, जौनपुर सिटी, जौनपुर जं. एवं शाहगंज जं. |
| 04236 | दिल्ली जं. | 10:00 | हाजीपुर जं. | 07:40 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | साहिबाबाद, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, छपरा एवं सोनपुर |
| **दिनांक 04.11.2024 (सोमवार) को पूर्व दिशा की ओर प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची** | | | | | | |
| 04032 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 05:15 | सहरसा जं. | 10:30 | 3 टियर वाता. | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, कप्तानगंज जं., बगहा, नरकटियागंज जं., रक्सौल जं., बैरगनिया, सीतामढ़ी, जनकपुर रोड, दरभंगा जं., सकरी जं., झंझारपुर, निर्मली, सरायगढ़, सुपौल और गढ़ बरुआरी |
| 04096 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 09:00 | अयोध्या कैंट | 22:00 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता.. एवं शयनयान | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली और लखनऊ |
| 04078 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 23:55 | पटना जं. | 16:25 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता. | गोविंदपुरी, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा और दानापुर |
| 04058 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 23:15 | मुजफ्फरपुर | 21:15 | 3 टियर वाता. | मुरादाबाद, चंदौसी जंक्शन, हरदोई, लखनऊ, गोरखपुर जंक्शन, छपरा और हाजीपुर जंक्शन |
| 03256 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 23:20 | पटना जं. | 17:20 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, एवं शयनयान | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जंक्शन, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा और दानापुर |
| 03258 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 05:00 | दानापुर | 20:45 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं० दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर एव आरा |
| 05220 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 08:00 | मुजफ्फरपुर | 00:45 | शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र सोनपुर जं. एवं हाजीपुर जं. |
| 05024 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 15:15 | गोरखपुर जं. | 04:45 | 2 टियर वाता. 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर, बुढ़वल, गोंडा, बस्ती और खलीलाबाद |
| 02398 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 08:20 | गया | 00:30 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन और अनुग्रह नारायण रोड |
| 05284 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 07:00 | मुजफ्फरपुर | 04:50 | 2 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | मुरादाबाद, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ, गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., बगहा, हरिनगर, नरकटियागंज जंक्शन, बेतिया, सगौली जंक्शन, बापूधाम मोतिहारी, पिपरा, चकिया, मेहसी और मोतीपुर |
| 04052 | नई दिल्ली | 14:20 | जयनगर | 15:40 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं.दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., मोकामा, बरौनी जं., समस्तीपुर जं. एवं दरभंगा जं. |
| 03414 | नई दिल्ली | 10:30 | मालदा टाउन | 07:55 | 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., पटना साहेब, फतुहा, खुसरोपुर, बख्तियारपुर जं., बाढ़., मोकामा, हाथीदह जं., बरहिया, लक्खीसराय जं., किऊल जं., कजरा, अभयपुर, धरहरा, जमालपुर जं., बरियारपुर, सुल्तानगंज, भागलपुर, कहलगांव, साहिबगंज जं., बरहरवा जं. एवं न्यू फरक्का जं. |
| 02276 | नई दिल्ली | 09:30 | प्रयागराज जं. | 19:20 | 3 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता. इकोनॉमी, | अलीगढ़ जं., टूंडला जं., इटावा जं., कानपुर सेंट्रल और फतेहपुर |
| 02564 | नई दिल्ली | 17:55 | बरौनी जं. | 15:10 | 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी एवं शयनयान | कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, बस्ती, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा एव मुजफ्फरपुर जं. |
| 02570 | नई दिल्ली | 12:15 | दरभंगा | 10:00 | 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी एवं शयनयान | कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, बस्ती, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, सिवान जं., छपरा, मुजफ्फरपुर जं. एवं समस्तीपुर जं. |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | पटना जं. | 07:00 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान, सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज, प. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा और दानापुर |
| 04494 | नई दिल्ली | 05:00 | पटना जं. | 22:30 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | साहिबाबाद, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं० दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा एवं दानापुर |
| 04232 | नई दिल्ली | 10:00 | सहरसा जं. | 12:30 | वाता. कुर्सीयान, एग्जीक्यूटिव कुर्सीयान | साहिबाबाद, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं० दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र जं., हाजीपुर, मुजफ्फरपुर जं., समस्तीपुर जं., दलसिंह सराय, बरौनी जं., बेगूसराय, खगडिया जं. एवं मानसी जं. |
| 04080 | दिल्ली जं. | 19:30 | वाराणसी जं. | 09:45 | 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, मुरादाबाद, लखनऊ और माबेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ |
| 02422 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:40 | 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | अलीगढ़ जं., टूंडला जं., इटावा जं., कानपुर सेंट्रल और फतेहपुर |
| 05002 | दिल्ली जं. | 15:15 | गोरखपुर जं. | 09:55 | 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर, बुढ़वल, गोंडा, बलरामपुर, तुलसीपुर, बढ़नी, सिद्धार्थनगर और आनंद नगर |
| 04238 | दिल्ली जं. | 10:00 | बरौनी जं. | 11:10 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | साहिबाबाद, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, छपरा, सोनपुर, हाजीपुर जं. एवं शाहपुर पटोरी |
| 04240 | दिल्ली जं. | 12:30 | दानापुर | 08:00 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | साहिबाबाद, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., प्रयाग जं., जंघई जं., भदोही, वाराणसी जं., पं० दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर एवं आरा |
| 02246 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 23:55 | पटना जं. | 16:40 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. | गोविंदपुरी, प्रयागराज जंक्शन, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा और दानापुर |
| 04124 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 15:50 | प्रयागराज जं. | 09:00 | 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | मथुरा जं., आगरा कैंट., धौलपुर, ग्वालियर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, मऊ रानीपुर, हरपालपुर, कुलपहाड़, महोबा, बांदा जंक्शन, अतर्रा, चित्रकूट धाम, मानिकपुर जंक्शन, डभौरा और शंकरगढ़ |
| **दिनांक 05.11.2024 (मंगलवार) को पूर्व दिशा की ओर प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची** | | | | | | |
| 04032 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 05:15 | सहरसा जं. | 10:30 | 3 टियर वाता. | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, कप्तानगंज जं., बगहा, नरकटियागंज जं., रक्सौल जं., बैरगनिया, सीतामढ़ी, जनकपुर रोड, दरभंगा जं., सकरी जं., झंझारपुर, निर्मली, सरायगढ़, सुपौल और गढ़ बरुआरी |
| 04060 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 10:30 | जयनगर | 15:15 | 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, लखनऊ, रायबरेली जं., अमेठी, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, वाराणसी, पं.दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, हाजीपुर जंक्शन, मुजफ्फरपुर जंक्शन, समस्तीपुर जंक्शन, दरभंगा जंक्शन एवं मधुबनी |
| 04044 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 23:15 | गोरखपुर जं. | 14:00 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, मुरादाबाद, चन्दौसी जं., बरेली कैंट, सीतापुर, गोंडा जं. एवं बस्ती |
| 04010 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 23:45 | जोगबनी | 05:20 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, मुरादाबाद, चन्दौसी, बरेली कैंट, शाहजहाँपुर, सीतापुर, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा, सोनपुर जं., हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं., नवगछिया, कटिहार जं., पूर्णियाँ जं., अररिया कोर्ट, अररिया एवं फारबिसगंज |
| 04048 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 15:20 | कटिहार जं. | 15:00 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं.दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पाटलिपुत्र, हाजीपुर जं., बरौनी जं., बेगुसराय, खगडिया जं. एवं मानसी जं. |
| 03436 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 15:45 | मालदा टाउन | 23:30 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं.दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना, बख्तियारपुर जं., मोकामा जं., किऊल जं., अभयपुर, जमालपुर जं., सुलतानगंज, भागलपुर, कहलगाँव, पीरपैंती, साहिबगंज जं., बड़हरवा जं. एवं न्यू फरक्का जं. |
| 05220 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 08:00 | मुजफ्फरपुर | 00:45 | शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र सोनपुर जं. एवं हाजीपुर जं. |
| 02398 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 08:20 | गया | 00:30 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन और अनुग्रह नारायण रोड |
| 05284 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 07:00 | मुजफ्फरपुर | 04:50 | 2 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | मुरादाबाद, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ, गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., बगहा, हरिनगर, नरकटियागंज जंक्शन, बेतिया, सगौली जंक्शन, बापूधाम मोतिहारी, पिपरा, चकिया, मेहसी और मोतीपुर |
| 04070 | नई दिल्ली | 00:20 | राजगीर | 21:00 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता. | गोविंदपुरी, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., बख्तियारपुर जं. और बिहार शरीफ |
| 04036 | नई दिल्ली | 12:00 | भागलपुर | 10:00 | 3 टियर वाता. इकोनॉमी | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पटना जं., किऊल जं., अभयपुर, जमालपुर जं. एवं सुलतानगंज |
| 04054 | नई दिल्ली | 14:20 | बरौनी जं. | 11:00 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता. शयनयान, सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज जंक्शन, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा, पटना जं. एवं मोकामा |
| 02248 | नई दिल्ली | 08:25 | पटना जं. | 20:30 | वाता. कुर्सीयान, एग्जीक्यूटिव कुर्सीयान | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जंक्शन, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर और आरा |
| 05112 | नई दिल्ली | 12:50 | छपरा | 10:03 | 3 टियर वाता. शयनयान एवं सामान्य | मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर, बुढ़वल, गोंडा, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., पिपराइच, कप्तानगंज जं., पडरौना, तमकुही रोड, थावे जं., दिघवा दुबौली एवं मशरख |
| 02564 | नई दिल्ली | 17:55 | बरौनी जं. | 15:10 | 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी एवं शयनयान | कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, बस्ती, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा एवं मुजफ्फरपुर जं. |
| 02570 | नई दिल्ली | 12:15 | दरभंगा | 10:00 | 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी एवं शयनयान | कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, बस्ती, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, सिवान जं., छपरा, मुजफ्फरपुर जं. एवं समस्तीपुर जं. |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | पटना जं. | 07:00 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान, सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा और दानापुर |
| 04072 | नई दिल्ली | 05:00 | पटना जं. | 22:30 | 3 टियर वाता. इकोनॉमी | साहिबाबाद, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं० दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा एवं दानापुर |
| 04068 | दिल्ली जं. | 19:30 | दरभंगा | 16:30 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. शयनयान एवं सामान्य | मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., नरकटियागंज जं., रक्सौल जंक्शन, बैरगनिया, सीतामढ़ी और जनकपुर रोड |
| 04006 | दिल्ली जं. | 23:05 | जयनगर | 23:45 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., छपरा, हाजीपुर जं., मुजफ्फरपुर जं., समस्तीपुर जं., दरभंगा जं. एवं मधुबनी |
| 04034 | दिल्ली जं. | 23:45 | जयनगर | 23:00 | 3 टियर वाता. | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., मोकामा जं., बरौनी जं., समस्तीपुर जं., दरभंगा जं. और मधुबनी |

रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील वस्तुएं जैसे पटाखे, पेट्रोल, मिट्टी का तेल, गैस सिलेंडर आदि लेकर कभी यात्रा न करें।

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

उत्तर रेलवे
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ
पर हमें फॉलो करें

## संपादकीय

# ब्रिक्स मुद्रा, भारतीय रुपया और मोदी सरकार के कदम

**मोदी सरकार** की मजबूत कूटनीति और अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त मुद्रा के रूप में स्थापित करके इसे मजबूत करने के प्रयास सकारात्मक घटनाक्रम हैं। बाकी दुनिया अमेरिका द्वारा उभरते और गरीब देशों की मुद्राओं के शोषण को लेकर बहुत चिंतित है, जिसके कारण कई मुद्दे पैदा हुए हैं। भारत एक बड़ा आयातक है, खासकर तेल और सोने का, जो हमारी मुद्रा और अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाता है। हम आज इसका खामियाजा भुगत रहे हैं क्योंकि पिछली कांग्रेस सरकारों ने तेल आयात को सीमित करने के आवश्यक कदम नहीं उठाए। अक्षय ऊर्जा और इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग के माध्यम से निर्भरता कम करने के मोदी सरकार के प्रयासों के बावजूद, आयात तुरंत कम नहीं होगा। मोदी सरकार आर्थिक महाशक्तियों के दबाव में आने के बजाय "राष्ट्र पहले" के विचार के साथ काम कर रही है और सामाजिक आर्थिक क्षेत्र में देश को मजबूत करने के लिए सभी आवश्यक कार्रवाई की जा रही है, कुछ ऐसा जो पिछली सरकारों को बहुत पहले कर लेना चाहिए था। आने वाले वर्षों में हम देश को सभी पहलुओं में, बाहरी दबावों और विदेशी षड्यंत्रों से मुक्त कर गौरव के शिखर पर पहुंचाने के मोदी सरकार के प्रयासों के अच्छे प्रभाव देखेंगे।

**डॉलर के खिलाफ ब्रिक्स देशों की रणनीति**

डी-डॉलराइजेशन अमेरिकी डॉलर के अलावा अन्य मुद्राओं का व्यापार है। ब्रिक्स राष्ट्र जिनमें मूल रूप से ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका शामिल है, अपनी विभिन्न मुद्राओं की एक टोकरी के आधार पर एक नई आरक्षित मुद्रा बनाने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। एक काल्पनिक ब्रिक्स मुद्रा इन देशों को वर्तमान वैश्विक वित्तीय प्रणाली के साथ प्रतिस्पर्धा करते हुए अपनी आर्थिक स्वतंत्रता दिखाने की अनुमति देगी। वर्तमान प्रणाली को संयुक्त राज्य अमेरिका के डॉलर द्वारा नियंत्रित किया जाता है। यह अनुमान लगाना अभी भी मुश्किल है कि ब्रिक्स मुद्रा कब प्रकाशित और उपयोग की जाएगी, लेकिन अब इसकी क्षमता और निवेशकों के लिए इसके प्रभावों पर विचार करने का एक शानदार अवसर है।

**अंतरराष्ट्रीय मुद्रा प्रतिस्पर्धा कैसे काम करती है और हमें कैसे प्रभावित करती है?**

मुद्रा प्रतिस्पर्धा राष्ट्रों के बीच एक प्रकार का संघर्ष है जिसमें प्रत्येक राष्ट्र अपनी मुद्रा को कमजोर करके निर्यात को बढ़ावा देने का प्रयास करता है। मुद्रा संघर्षों को अक्सर सभी शामिल राष्ट्रों के लिए भयानक माना जाता है। जबकि भारत ने कभी भी मुद्रा प्रतिद्वंद्विता का सामना नहीं किया है, लेकिन सितंबर 2015 में जब चीन ने जानबूझकर युआन का अवमूल्यन किया तो हम दुखद रूप से इसमें फंस गए। परिणामस्वरूप, अधिकांश उभरते देशों ने निर्यात प्रतिस्पर्धा बनाए रखने के लिए अपनी मुद्राओं का अवमूल्यन किया। भारत के पास मुद्रा को कमजोर होने देने के अलावा कोई विकल्प नहीं था।

अमेरिकी डॉलर लंबे समय से दुनिया की प्रमुख आरक्षित मुद्रा और अंतरराष्ट्रीय व्यापार में सबसे अधिक उपयोग की जाने वाली मुद्रा रही है। 2023-24 तक वैश्विक मुद्रा भंडार के आंकड़ों के अनुसार, 44.15 प्रतिशत डॉलर में, 16.14 प्रतिशत यूरो में और लगभग 8.40 प्रतिशत येन और 6.40 पाउंड में हैं।

# महिला,माल और मानसिकता का सवाल

@ राकेश अचल

> "जयललिता और मेहबूबा मुफ़्ती जैसी महिलाओं ने भी राजनीति में सक्रिय रहते हुए कम कीमत अदा नहीं की। राजनीति में ही नहीं बल्कि अन्य क्षेत्रों में भी महिलाओं को महिला कम ही समझा जाता है। वे कल भी ' माल 'समझी जातीं थीं और आज भी माल ही समझी जा रहीं है। हरियाणा की महिला पहलवानों के साथ हुए व्यवहार को ये देश शायद अभी भूला नहीं होगा। महिलाओं को इस दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति से बाहर निकलने के लिए पूरे समाज को सजग होना होगा,खासकर महिलाओं को आगे बढ़कर अपनी ' माल ' वाली छवि से मुक्ति पाने के लिए संघर्ष करना होग"

**तमाम** बड़ी खबरों के बीच एक छोटी लेकिन महत्वपूर्ण खबर ये है कि मुंबई की मुंबादेवी सीट से शिवसेना की उम्मीदवार शाइना एनसी ने शिवसेना (यूबीटी) सांसद अरविंद सावंत के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है सावंत ने शिवसेना उम्मीदवार के लिए 'इंपोर्टेड माल' शब्द का इस्तेमाल किया जिससे भारी विवाद खड़ा हो गया। उन्होंने कहा कि मैं माल नहीं हूं, मैं महिला हूं. उद्धव ठाकरे चुप हैं, नाना पटोले चुप हैं लेकिन मुंबई की महिलाएं चुप नहीं रहेंगी। सवाल शाइना ऐंसी का नहीं बल्कि राजनीति में काम करने वाली उन तमाम महिलाओं का भी है जो आजादी के 77 साल बाद भी 'महिला नहीं बन पायी हैं ,उन्हें आज भी ' माल ' समझा जा रहा है। शाइना एनसी के खिलाफ की गयी इस अशोभनीय टिप्पणी पर देश कि तमाम महिलाओं को जाग जाना चाहिए। महिलाओं को माल समझने की मानसिक बीमारी हमारे पुरुष प्रधान समाज में कोई यकायक पैदा नहीं हुई है। ये बीमारी बहुत पुरानी है ,फर्क सिर्फ इतना है कि ये कभी उभर कर सतह पर आ जाती है और कभी इसे दबा लिया जाता है। देश का शायद ही कोई ऐसा राजनीतिक दल होगा जिस्मने महिलाओं को माल न समझा जाता हो । या माल की तरह इस्तेमाल न किया जाता हो। राजनीति में महिलाओं कि कम भागीदारी की एक वजह ये भी है कि उन्हें हमारा पुरुष प्रधान समाज महिला समझने और मानने के लिए तैयार ही नहीं है।

महिलाएं माल क्यों मानी और समझी जातीं हैं ? ये जानने के लिए किसी शोध कि जरूरत नहीं है । हमने और हमारे समाज ने महिलाओं के आसपास जो जाल बिछा रखा है उसकी वजह से उनकी हैसियत में कोई तब्दीली नहीं आयी । इंदिरा गाँधी से लेकर ममता बनर्जी और मायावती ही नहीं बल्कि आतिशी जैसी महिलाएं राजनीति में शीर्ष पर पहुंचीं ,लेकिन वे अपवाद हैं। उनके खिलाफ क्या कुछ अभद्र टिप्पणीयां अतीत में नहीं कि गयीं ? मुझे अफसोस इस बात का है कि मुंबई की नागपाड़ा थाने एफआईआर दर्ज कराने के बाद शाइना एनसी ने कहा, "सेक्शन 79, सेक्शन 356 (2) के तहत एफआईआर दर्ज हुआ है। उन्होंने गलत शब्दों का इस्तेमाल किया. मैं यहां सक्रिय रूप से काम करने के लिए आई हूं। मेरे काम के ऊपर चर्चा करनी हैं तो करें, मुझे इंपोर्टेड माल कभी नहीं बोलें. कानून को अपना काम करने दीजिए। मुझे जो करना था मैंने कर दिया."।



दरअसल शाइना ऐंसी अमले में अपना पिंड छुड़ाना चाहतीं हैं जबकि उन्हें इस मामले को अंजाम तक ले जाना चाहिए था । मै तो यहां तक कहूंगा कि उन्हें और उनकी पार्टी को ' महिला और माल ' जैसी अभद्र ,नीच, घृणित टिप्पणी को ही चुनावी मुद्दा बना लेना चाहिए था। कानून इस मामले में कुछ नहीं कर पायेगा। शाइनी से पहले इसी तरह कि टिप्पणियां कांग्रेस कि नेता श्रीमती प्रियंका वाड्रा के बारे में भी की गयी। ये टिप्पणियां तब सामने आयीं जब कांग्रेस ने प्रियंका को वायनाड से लोकसभा उप चुनाव में अपना प्रत्याशी बनाया।महिलाओं को यदि माल न समझा जाता तो क्या आप कल्पना कर सकते हैं कि हमारे नेता महिलाओं को जर्सी गाय , एक करोड़ कि बारवाला या राक्षसी जैसे सम्बोधन सड़क से लेकर संसद तक दे सकते थे। महिलाओं को माल समझने की मानसिकता का ही परिणाम है कि देश में तंदूर काण्ड हुए। शैला मसूद कांड हुए। राजनीती में सक्रिय महिलाओं के साथ जितनी जघन्यता पिछले कुछ दशकों में बरती गयी है उसके एक नहीं असंख्य उदाहरण है। महिलाओं के साथ सबसे ज्यादा अश्लील,अभद्र और घृणित टिप्पणियां करने वाले राजनीतिक दलों ने आजतक न अपनी पार्टी के शीर्ष पद पर महिलाओं को बैठने दिया और न उन्हें राजनीती में पांव जमाने दिए । राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया इसका ज्वलंत उदाहरण है। कांग्रेस छोड़कर तृण मूल कांग्रेस बनाने वालीं ममता बनर्जी हों या बसपा की सुप्रीमो बहन मायावती सबके साथ ठीक वैसा ही व्यवहार हुआ है जैसा की शाइना ऐंसी के साथ हुआ है। महिलाओं को राजनीति में सम्मानजनक स्थान दिलाने के नाम पर नारी शक्ति वंदन कानून बनाने वाले दलों में भी ऐसे तमाम नेता हैं जो महिलाओं को ' माल ' ही समझते हैं। निरक्षर श्रीमती रेवड़ी देवी हों या साक्षर ही नहीं शिक्षित प्रियंका वाड्रा सबकी दशा एक जैसी है। श्रीमती मीरा कुमार या सुमित्रा ताई जैसी महिलाएं इसका अपवाद मानी जा सकतीं हैं किन्तु उन्हें माल से महिला बनने के लिए कितना संघर्ष करना पड़ा ये वे ही जानतीं हैं ,लेकिन बोलतीं नहीं हैं।

भारतीय राजनीति में सक्रिय महिलाएं आज भी माल समझी जातीं हैं इसका सबसे बड़ा उदाहरण संसद में उनकी भागीदारी को लेकर समझा जा सकता है। महिला सांसदों के मामले में दुनिया के कुल 186 देशों में भारत 143वें पायदान पर है। जुलाई 2023 तक लोकसभा में महिलाओं की नुमाइंदगी 15.1 प्रतिशत थी जबकि राज्यसभा में 13.8 प्रतिशत है। महिलाओं को माल समझने के आरोपों से बचने के लिए हम अक्सर अतीत का सहारा लेते हैं और बताते हैं कि भारत में स्वतंत्रता आंदोलन से ही राजनीतिक क्षेत्र में महिलाओं की सक्रिय भूमिका देखी जाती रही है। देश का सबसे बड़ा सांस्कृतिक संगठन आरएसएस पिछली ९९ साल में एक भी महिला को संघ प्रमुख नहीं बना पाया।

स्वतंत्रता आंदोलन में सरोजिनी नायडू, अरूणा आसफ अली, विजय लक्ष्मी पंडित जैसी महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही हैं। आजादी के बाद भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री बनने का गौरव श्रीमती इंदिरा गांधी को प्राप्त हुआ जो 1966-1977 तक और फिर 1980-1984 तक देश की प्रधानमंत्री रहीं। भारत में प्रथम महिला राष्ट्रपति श्रीमती प्रतिभा देवी बनीं।आज भी राष्ट्रपति के पद पर श्रीमती द्रोपदी मुर्मू बैठीं हैं। लेकिन अपनी योग्यता से ज्यादा उनके साथ उनकी पार्टी का जातीय गणित है। मौजूदा संसद में महिलाओं की संख्या की बात करें तो लोकसभा में 78 और राज्यसभा में 24 महिला सांसद मौजूद है। आजादी के बाद पहली बार महिला सांसदों की संख्या 100 का आंकड़ा पार कर गई है। आंकड़ें आज भी बहुत संतोषजनक नहीं हैं क्योंकि संख्या के आधार पर यह अनुपातिक प्रतिनिधित्त्व के आस-पास भी नहीं है। हमसे बेहतर स्थिति में तो पड़ोसी देश बांग्लादेश है जहां राजनीती में 21 प्रतिशत कि दर है जो भारत के मुकाबले अधिक है।

मुंबई की साइना एनसी से लेकर श्रीमती सोनिया गाँधी तक यदि गिनने बैठें तो हकीकत सामने आ जाएगी। सोनिया गांधी भारतीय राजनीति की सबसे ताकवर शख्सियतों में से एक मानी जाती हैं। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या के बाद सोनिया ने अपने बच्चों की खातिर राजनीति से दूरी बना ली थी, लेकिन 1996 में कांग्रेस की हार के बाद पार्टी की डूबती नैया को पार लगाने के लिए सोनिया ने पार्टी की कमान संभाली थी। जयललिता और मेहबूबा मुफ़्ती जैसी महिलाओं ने भी राजनीती में सक्रिय रहते हुए कम कीमत अदा नहीं की।

राजनीति में ही नहीं बल्कि अन्य क्षेत्रों में भी महिलाओं को महिला कम ही समझा जाता है। वे कल भी ' माल 'समझी जातीं थीं और आज भी माल ही समझी जा रहीं है। हरियाणा की महिला पहलवानों के साथ हुए व्यवहार को ये देश शायद अभी भूला नहीं होगा। महिलाओं को इस दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति से बाहर निकलने के लिए पूरे समाज को सजग होना होगा,खासकर महिलाओं को आगे बढ़कर अपनी ' माल ' वाली छवि से मुक्ति पाने के लिए संघर्ष करना होग।

## कविता

भैया दूज प्रेम का,
हृदय का त्योहार !
इसमें बसती द्रौपदी,
है कान्हा का प्यार !!

कहती हमसे दूज ये,
तुच्छ है सभी स्वार्थ !
बहनों की शुभकामना,
तुमको करे सिद्धार्थ !!

भाई-बहना नेह के,
रिश्तों के आधार !
इस रिश्ते के सामने,
हीरे हैं बेकार !!

बहना मूरत प्यार की,
मांगे ये वरदान !
भाई को यश-बल मिले,
लोग करे गुणगान !!

भाई से छोटे सभी,
सोना, मोती, सीप !
दुनिया मुंह जब मोड़ती,
होता यही समीप !

संजीव

## तू डाल-डाल,मैं पात-पात

**सुशील कुमार ' नवीन '**

**पिछले** माह सम्पन्न हुए हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और चुनाव आयोग के बीच 'वाक युद्ध' जारी है। 8 अक्टूबर चुनाव परिणाम वाले दिन से शुरू आरोप-प्रत्यारोप का यह दौर अभी और लंबा चलने की उम्मीद है। आपस में चिट्ठी-पत्री का प्रेषक और प्रेषण बदस्तूर जारी है। आयोग से व्यक्तिगत मुलाकात के साथ-साथ कांग्रेस अपनी शिकायतों का एक बड़ा पुलिंदा आयोग के समक्ष प्रस्तुत कर चुकी है। जवाब में आयोग ने कुल 1642 पन्नों का जो बंडल कांग्रेस को भेजा है, उसने तो और बवाल कर दिया है। आयोग के जवाब की भाषा पर ही कांग्रेस ने सवाल उठा दिए है। साफ कह भी दिया कि यही भाषा है तो कानून का विकल्प भी है हमारे पास। आयोग शुरू से ही चुनाव से संबंधित कांग्रेस के आरोपों से नाराज है। सर्वप्रथम परिणाम वाले दिन ही कांग्रेस ने चुनाव आयोग के समक्ष हरियाणा चुनाव के नतीजों को वेबसाइट पर अपडेट करने में जानबूझकर देरी का मुद्दा उठाया। साथ ही अधिकारियों को सटीक आंकड़े अपडेट करने का निर्देश देने का आग्रह किया। जवाब में आयोग ने चुनाव के नतीजों को अपडेट करने में देरी के आरोपों को 'बेबुनियाद ' करार दिया। साथ ही आयोग ने इन आरोपों को 'गैर-जिम्मेदार, निराधार और अपुष्ट दुर्भावनापूर्ण आख्यानों को गुप्त रूप से विश्वसनीयता प्रदान करने का प्रयास भी करार दिया। बात यही पर समाप्त नहीं हुई। परिणाम के बाद कांग्रेस ने हरियाणा चुनाव में ईवीएम की गड़बड़ी का दावा करते हुए चुनाव आयोग से शिकायत की। कांग्रेस के अनुसार मतगणना के दौरान गड़बड़ी पाई गई है। व्यक्तिगत मुलाकात के साथ इनकी सूची भी चुनाव आयोग को भेजी गई। कुल आठ पृष्ठों के पत्र में कांग्रेस ने हरियाणा की 26 विधानसभा सीटों के कुछ मतदान केंद्रों पर गिनती के दौरान इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के ह्यकंट्रोल यूनिट' पर बैटरी का स्तर 99 फीसदी दिखने पर सवाल उठाए और इस बारे में स्पष्टीकरण मांगा। इस पर चुनाव आयोग ने हरियाणा चुनाव में किसी भी तरह की अनियमितता के कांग्रेस के आरोपों को निराधार, गलत और तथ्यहीन बताकर खारिज कर दिया। यही नहीं आयोग ने पार्टी को चुनाव दर चुनाव निराधार आरोपों से दूर रहने के लिए भी लिख दिया। यहां तक कहा कि देश की सबसे पुरानी पार्टी को बिना किसी सबूत के चुनावी कार्यों पर आदतन हमलों से बचना चाहिये।

अब चुनाव आयोग के 1642 पन्नों के जवाब का कांग्रेस ने तीन पन्नों में पलटवार किया है। कांग्रेस के अनुसार आयोग ने शिकायतों पर ठोस जवाब देने की बजाय खुद को क्लीन चिट देने की कोशिश की। पत्र की भाषा पर भी आपत्ति जाहिर करते हुए कहा गया है कि कांग्रेस ने तथ्यों के साथ शिकायत दी थी, लेकिन आयोग ने इन शिकायतों का सामान्य जवाब देकर शिकायतकर्ता और याचिकाकर्ता को ही निशाना बनाने का काम किया।

## विचार

# भाई -बहन के प्यार, जुड़ाव और एकजुटता का त्योहार भाई दूज

**- प्रियंका सौरभ**

**हमारे** देश में हर महिला भाई दूज को अपने भाई के लिए अपना समर्थन और करुणा प्रदर्शित करने के लिए मनाती है। इस दिन सभी बहनें भगवान से अपने भाई के जीवन की खुशियों की कामना करती हैं। यह व्यापक रूप से माना जाता है क्योंकि यमुना को अपने भाई यमराज से यह वादा मिला था कि भाई दूज मनाने से ही यमराज के डर से छुटकारा मिल सकता है और यहां तक कि भाई और बहन के बीच प्यार या भावना बढ़ जाती है। बदले में भाई अपनी बहनों को उपहारों से भरपूर खुशियां देते हैं। रक्षाबंधन की तरह भाई दूज भाई-बहन के बंधन को मजबूत करती है। भाई दूज या यम द्वितीया दिवाली के दो दिन बाद मनाई जाती है। बहनें अपने भाइयों के लंबे जीवन के लिए प्रार्थना करने के लिए टीका समारोह में भाग लेती हैं, जबकि भाई अपनी बहनों को उपहार देते हैं जो भाई-बहनों के बीच बंधन का सम्मान करते हैं। भाई दूज के कुछ अन्य नाम भाऊ बीज, भात्री द्वितीया, भाई द्वितीया या भथरू द्वितीया हैं। इस दिन को यम द्वितीया भी कहा जाता है, जो यहां कार्तिक मास की द्वितीया तिथि को पड़ती है। यम द्वितीया पर, यमराज, मृत्यु के देवता, चित्रगुप्त और यम-दूत, भगवान यमराज के अनुयायियों के साथ पूजा की जाती है। भाई दूज एक हिंदू घटना है। यह दो शब्दों से बना है: "भाई," जिसका अर्थ है "भाई", "दूज" के साथ, जो अमावस्या के बाद दूसरे दिन को संदर्भित करता है, जो उत्सव का दिन भी है। भाई-बहन के जीवन में यह दिन विशेष रूप से सार्थक होता है। भाई-बहनों के बीच गहन रिश्ते का सम्मान करने के लिए यह एक खुशी की घटना है। बहनें अपने भाइयों को अपने घर आने और मनपसंद व्यंजन बनाने के लिए आमंत्रित करती हैं। बहनें भी अपने भाइयों के स्वास्थ्य, जीवन की गुणवत्ता और सभी बीमारियों और दुर्भाग्य से सुरक्षा के लिए भगवान से प्रार्थना करती हैं। बदले में, भाई अपनी बहनों की देखभाल करने और उनकी आराधना करने के अपने दायित्वों को पूरा करते हैं। भाई दूज एक महत्वपूर्ण त्योहार है जिसे पूरे भारत में बहुत जोश और उत्साह के साथ मनाया जाता है। समारोह में भाइयों को उनके पसंदीदा भोजन या मिठाइयों के शानदार भोज के लिए आमंत्रित करने का काम शुरू होता है। पूरी घटना एक भाई के अपनी बहन की रक्षा के वादे का प्रतिनिधित्व करती है, जबकि एक बहन भगवान से प्रार्थना करती है और अपने भाई की भलाई के लिए शुभकामनाएं करती है। परंपरागत रूप से संस्कार को समाप्त करने के लिए, बहनें अपने भाइयों के लिए चावल के आटे से एक आसन बनाती हैं। यहाँ भाई के माथे पर, सिंदूर से बना एक पवित्र टीका, दही, चावल के साथ लगाया जाता है। उसके बाद बहन अपने भाई की हथेलियों में कद्दू के फूल, पान, सुपारी या नकदी रखती है और पानी डालते हुए धीरे-धीरे श्लोकों का जाप करती है। उसके बाद वह आरती भी करती है। दक्षिण दिशा की ओर मुख किया हुआ दीपक जलता है और आकाश में उड़ती पतंग को देखना मनोकामना पूर्ण होने का एक अच्छा शगुन है। दावतों का स्वाद लेते हुए भाइयों को उनकी पसंदीदा मिठाई और पीने के लिए पानी दिया जाता है। कार्यक्रम में भाइयों और बहनों के बीच भाई दूज उपहारों का आदान-प्रदान किया जाता है, और बड़ों का आशीर्वाद मांगा जाता है।

हिंदू शास्त्रों के अनुसार, देवी यमुना अपने भाई भगवान यम के काफी करीब थीं, जो मृत्यु के देवता थे। उसे अपने भाई को देखने की तीव्र इच्छा थी क्योंकि उन्होंने एक-दूसरे को लंबे समय से नहीं देखा था। जब भगवान यम दीवाली के दो दिन बाद अपनी बहन को बधाई देने पहुंचे, तो देवी यमुना ने भावना से अभिभूत होकर उनके लिए स्वादिष्ट भोजन पकाते समय उनके माथे पर टिक्का रखा। भगवान यम अपनी बहन के कृत्य से प्रभावित हुए और उन्हें वरदान मांगने का निर्देश दिया। देवी यमुना ने हँसते हुए उन्हें वर्ष में एक बार अपने पास आने के लिए आमंत्रित किया, यह कहते हुए कि जिसकी बहन उसके माथे पर तिलक लगाएगी।

## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## चिंतन

# पर्यावरण तथा वायु प्रदूषण से होता बुरा हाल

**दीपावली** की शुभकामनाएं। दीपावली के बाद बड़े मेट्रोपॉलिटन शहरों जैसे दिल्ली,मुंबई,कोलकाता, बेंगलुरु, चेन्नई, अहमदाबाद, हैदराबाद जैसे शहरों में पर्यावरण तथा वायु प्रदूषण का स्तर काफी ऊंचा हो गया है। मेरा कतई यह आशय नहीं है कि हमें दीपावली नहीं माननी चाहिए जरूर माननी चाहिए, जोर जोर से मनानी चाहिए एवं संपूर्ण धार्मिकता तथा आस्था के साथ बनाना चाहिए।

दीपावली मुख्यतः दीपों और रोशनी का का पवित्र त्यौहार है पर उसके दूसरे पहलू में अंधाधुंध पटाखे और बम फोड़ने से होते प्रदूषण पर भी हमें ध्यान रखना होगा एवं इसके उपचार के लिए सदैव प्रयासरत भी होना होगा। दिल्ली वैसे भी देश और दुनिया का सर्वाधिक प्रदूषित शहर माना जाता है इसके बाद कोलकाता तथा मुंबई का नंबर भी आता है पटना शहर की जनसंख्या एवं घरों की बसाहट अधिक होने से वाहन प्रदूषण की स्थिति अत्यंत कमजोर है जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। पर्यावरण संतुलन से आर्थिक, सामाजिक विकास की अवधारणा की भारत जैसे विकासशील देश को नितांत आवश्यकता है। जहां देश के वार्षिक बजट का बड़ा हिस्सा पर्यावरण प्रदूषण को दूर करने एवं पर्यावरण संतुलन को बनाए रखने हेतु खर्च किया जाता है।

अपने देश में दिल्ली सर्वाधिक प्रदूषित शहर है' इसके बाद अनेक राज्यों की राजधानियां भी प्रदूषण में एक दूसरे को टक्कर दे रही हैं'

दिल्ली मे तो प्रदूषण बेचारा केंद्र और राज्य की राजनीति का शिकार हो गया है ,दिल्ली प्रशासन और केंद्र शासन एक दूसरे पर पर्यावरण तथा यमुना नदी के प्रदूषण पर आरोप-प्रत्यारोप कर रहे हैं पर प्रदूषण कम करने के उपाय ऊपर हाथ में हाथ धरे बैठे हैं ।अमूमन यही स्थिति अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी है'वर्तमान में वृहद चिंतन की आवश्यकता है कि पर्यावरण संतुलन से आर्थिक, सामाजिक विकास की अवधारणा है कैसे जन्म लेंगी? उसमें गहन चिंतन विभिन्न मानव प्रजातियों के आर्थिक तथा पर्यावरण संतुलन को लेकर भी है'।

## कट, कॉपी और पेस्ट

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त**

किसी छोटे से शहर में बसी एक काल्पनिक दुनिया थी, जहां संगीत का राज चलता था। यहाँ हर साल एक म्यूजिक फेस्टिवल होता था, जिसमें सारे गायक अपने नए गाने पेश करते थे। इस बार के फेस्टिवल में एक नया गायक, चंदू, बहुत उत्साहित था। उसने खुद को "सुपरस्टार" साबित करने की ठानी थी।

चंदू ने एक नया गाना लिखा, जिसका शीर्षक था "तेरे बिना जीना क्या?"। गाने के बोल इतने साधारण थे कि कोई भी उसे गुनगुनाते हुए गा सकता था। गाने में बस "तू" और "मैं" का मेल था, और एक कूल डांस स्टेप जो उसने इंटरनेट पर देखा था। उसने सोचा, "अगर लोगों को झूमने का बहाना मिल जाए, तो गाना हिट हो जाएगा।" फेस्टिवल का दिन आया। चंदू ने अपने दोस्तों को बुलाया और उनकी मदद से रंग-बिरंगी रोशनी और बड़े-बड़े बैनर लगाए। जैसे ही उसका नाम पुकारा गया, वह स्टेज पर गया। वहां खड़े होकर उसने गाना शुरू किया। श्रोताओं ने पहली ही पंक्ति में "ओ चंदू, तू तो लाजवाब है!" की दाद दी। गाने के साथ-साथ चंदू ने अपने डांस स्टेप्स दिखाए। वह इधर-उधर झूम रहा था, और लोग उसे देखकर तालियाँ बजाने लगे। चंदू ने अपने दिल में सोचा, "वाह! यह तो बेशुमार प्यार है!" लेकिन जैसे-जैसे गाना आगे बढ़ा, उसने देखा कि कुछ लोग उसकी ओर ध्यान नहीं दे रहे थे। उसने अपना ध्यान बढ़ाया और जोर से गाना गाने लगा, "तेरे बिना जीना क्या, तेरा मेरा रिश्ता क्या!" इसी बीच, भीड़ में से एक आदमी चिल्लाया, "ये तो वही गाना है जो पिछले साल भी हिट हुआ था!" उसकी बात सुनकर चंदू का चेहरा उतर गया। उसने सोचा, "क्या मुझे इसी बात के लिए मेहनत करनी थी?"

आखिरकार, जब गाना खत्म हुआ, तो श्रोताओं ने कुछ तालियाँ बजाईं, लेकिन वो जोश नहीं था जिसकी उसे उम्मीद थी। एक महिला ने कहा, "यह तो पुराना सा गाना है। कुछ नया लाओ!" चंदू के मन में यह बात घर कर गई। उसने अब महसूस किया कि उसका गाना एक साधारण धुन बनकर रह गया था। फेस्टिवल खत्म हुआ, और चंदू घर लौट आया।

## न्यूज फ्लैश

### बच्चों की बेहतरीन प्रस्तुतियां बनी आकर्षण का केन्द्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला: हरियाणा राज्य** बाल कल्याण परिषद की मानद महासचिव डा. सुषमा गुप्ता ने कहा कि हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद द्वारा बच्चों मे छिपी प्रतिभा को बहार निकालने व उनकी प्रतिभा को तरासने के लिए जिला स्तरीय बाल महोत्सव प्रतियोगिता करवाई जा रही है ताकि बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ विभिन्न प्रतियोगिता के माध्यम से उनका सर्वागिक विकास हो सकें। हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की मानद महासचिव पंचायत भवन अंबाला शहर के सभागार मे आयोजित किए जा रहे जिला स्तरीय बाल महोत्सव प्रतियोगिता कार्यक्रम मे बतौर मुख्यातिथि पंहुचने के दौरान बोल रही थी। उन्होंने दीपशिखा प्रज्जवलित कर विधिवत रूप से निर्धारित प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। इस दौरान हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की बाल कल्याण अधिकारी सरोज मलिक भी मौजूद रही। इस प्रतियोगिता में दयानंद सीनियर सैकेंडरी स्कूल की आरोही शर्मा व आर्मी पब्लिक स्कूल की सानिग्धा राणा को सांत्वना और रोटरी स्कूल के राघव को विशेष सांत्वना पुरस्कार दिया गया है। इसी प्रतियोगिता के चतुर्थ ग्रुप में 11वीं व 12वीं कक्षा से डीएवी सीनियर सैकेंडरी स्कूल नारायणगढ़ की निकिता प्रथम, यामिनी द्वितीय, देव गुरूकुल के आर्चिस तृतीय, आरजु पुण्डीर व ज्योति को सांत्वना तथा आर्मी पब्लिक स्कूल के तंवन कुमार को विशेष सांत्वना पुरस्कार दिया गया है।

### विवाहिता संदिग्ध परिस्थितियों में हुई लापता

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। इंद्री थाना क्षेत्र में एक** महिला संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। महिला बिना किसी को बताए घर से चली गई। पत्नी अक्सर फोन पर व्यस्त रहती थी और इस वजह से घर में कई बार विवाद भी होता था। पति ने पत्नी को समझाने का काफी प्रयास किया, लेकिन स्थिति जस की तस बनी रही। कुछ दिन पहले वह मजदूरी के काम से गुजरात गया था और वहां से लौटने पर उसे पत्नी के लापता होने का पता चला। इसके बाद उसने मामले की शिकायत पुलिस को दी और पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इंद्री थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित पति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि उसकी पत्नी का मायका कुरुक्षेत्र के शाहबाद में है। वह कंबाइन ऑपरेटर का काम करता है और सीजन में अक्सर घर से बाहर रहता है। 29 अक्टूबर को वह मजदूरी के काम से गुजरात के लिए निकला था। अगले दिन पत्नी ने उससे फोन पर संपर्क किया और कहा कि वह अपने ससुराल वालों के साथ ही रहेगी। इसके बाद उसके पिता ने तीन दिन पहले सूचना दी कि पुत्रवधू बच्चे को छोडकर घर से कहीं चली गई है। जिसके बाद पति तुरंत गुजरात से वापस लौटा और आसपास के इलाकों में पत्नी को ढूंढने का प्रयास किया, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि उसे शक है कि उसकी पत्नी किसी अज्ञात व्यक्ति के साथ गई है। उसने मामले की शिकायत इंद्री थाने में दी है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी शमशेर ने बताया कि महिला के लापता होने की शिकायत मिली है। शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### बड़ी औद्योगिक क्षेत्र फेज 2 के पास कूड़े में लगाई जा रही आग, प्रशासन के आदशों की उड़ी धज्जियां

गन्नौर। बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में खुले में कूड़ा डाल कर उसमें सरेआम आग लगा कर प्रदूषण फैलाया जा रहा है। कूड़े के ढेर से उठते धुएं के चलते लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन प्रदूषण विभाग व एचएसआइआइडीसी बड़ी विभाग के अधिकारी इसे गंभीरता से नहीं है। बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में खाली जमीन के अलावा ग्रीन बेल्ट में जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे दिखाई देते हैं। एचएसआईआईडीसी द्वारा डंपिंग जोन बना रखा है। डंपिंग जोन करीब एक एकड़ भूमि पर बनाया गया है। नियमानुसार फैक्ट्रियों से निकलने वाले कूड़े को डंपिंग जोन में डालना होता है, लेकिन कुछ फैक्ट्री संचालक खुले में कूड़ा डलवाने से बाज नहीं आते। इतना ही नहीं फैक्ट्री कर्मी भी कूड़े को आग के हवाले कर प्रदूषण भी फैला रहे हैं, लेकिन आज तक किसी फैक्ट्री कर्मी को पकड़ा नहीं गया है। एसोसिएशन के प्रधान नवीन कौशिक ने बताया कि कूड़े को डंपिंग जोन में डालने की बजाय इधर उधर डाला जा रहा है। जोकि सही नहीं है।

# प्रेरणा वृद्धाश्रम में पहुंचे कुरुक्षेत्र की उपायुक्त राजेश जोगपाल

## उपायुक्त राजेश जोगपाल ने वृद्धाश्रम के बुजुर्गों से मिलकर सांझा किए विचार

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : त्यौहारों के** सीजन के चलते कुरुक्षेत्र के उपायुक्त राजेश जोगपाल अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के साथ प्रेरणा वृद्धाश्रम में पहुंचे। इस मौके पर उपायुक्त राजेश जोगपाल बड़ी आत्मीयता के साथ बुजुर्गों से मिले। उन्होंने वृद्धाश्रम के बुजुर्गों को दीपावली एवं अन्नकूट इत्यादि त्यौहारों की शुभकामनाएं देने के साथ बुजुर्गों को मिठाई खिलाई तथा कई अन्य उपहार भी दिए। इस मौके पर उनके साथ एस.डी.एम. पंकज सेतिया एवं जिला महिला कल्याण एवं बाल विकास अधिकारी भी मौजूद रहे। उपायुक्त ने प्रेरणा वृद्धाश्रम का प्रबंधन देखा एवं बुजुर्गों की सेवा देखकर वृद्धाश्रम के संचालकों की भूरी भूरी प्रशंसा की। उपायुक्त



राजेश जोगपाल का प्रेरणा वृद्धाश्रम में पहुंचने पर प्रेरणा के संस्थापक एवं संचालक डा. जय भगवान सिंगला और हरिकेश पापोसा ने पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। डा. सिंगला ने उपायुक्त के स्वागत अवसर पर कहा कि प्रेरणा वृद्धाश्रम के बुजुर्गों के लिए बहुत प्रसन्नता का अवसर है कि कुरुक्षेत्र जिला के उपायुक्त पहली बार वृद्धाश्रम में पहुंचे हैं। वृद्धाश्रम के बुजुर्गों ने प्रशासनिक अधिकारियों को त्यौहारों की शुभकामनाएं दी एवं आशीर्वाद दिया। उपायुक्त राजेश जोगपाल ने कहा कि ऐसे वृद्धाश्रम अब समय की आवश्यकता है। उन्होंने बुजुर्गों के प्रति आत्मीयता एवं प्रेम प्रदर्शित करते हुए कहा कि वे हर क्षण बुजुर्गों के सहयोग के लिए तैयार हैं। उपायुक्त ने वृद्धाश्रम के मंदिर में पूजन किया तथा वृद्धाश्रम में बने शहीदी स्मारक पर देश के वीर शहीदों को याद करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किए। उपायुक्त वृद्धाश्रम परिसर में बने रामस्वरूप सभागार देखकर भी गदगद हुए। डा. सिंगला ने बताया कि उपायुक्त ने वृद्धाश्रम में रहने वाली बुजुर्ग क्षमा मल्होत्रा की शारीरिक परेशानी को देखते हुए आश्वासन दिया कि उनके इलाज की समुचित व्यवस्था पी.जी.आई. चंडीगढ़ में करवाई जाएगी। यह सुनकर न केवल क्षमा मल्होत्रा बल्कि सभी बुजुर्गों के चेहरे पर रौनक दिखाई दी। इस अवसर पर प्रेरणा की अध्यक्षा रेणु खुंगर, आशा सिंगला, पदम श्री महावीर गुड्डू ,सेक्रेटरी रेड क्रॉस, डा. ममता सूद, विनोद सूद, धैर्य सूद, विमल विनोद वशिष्ट, राजेश सिंगला एवं कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से अनिल कुमार इत्यादि भी मौजूद रहे।

## भगवान विश्वकर्मा के दिखाए रास्ते पर चलना चाहिए: जांगड़ा




**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर। रेलवे रोड** स्थित श्री विश्वकर्मा मंदिर एवं धर्मशाला में शनिवार को वार्षिक पूजन महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कमेटी प्रधान सोमदत्त जांगड़ा ने की। जबकि बतौर मुख्यातिथि विधायक देवेंद्र कादियान रहे। उन्होंने भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि राजबीर धीमान, श्यामलाल जांगड़ा, डा. जगदीश जांगड़ा आदि ने शिरकत की। कार्यक्रम में बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। इस दौरान समाज के मेधावी विद्यार्थियों को विधायक कादियान के हाथों इनाम देकर सम्मानित किया गया। विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा कि हमें विश्वकर्मा जी के दिखाए रास्ते पर चलना चाहिए क्योंकि विश्वकर्मा जी बहुत बड़े शिल्पकार थे। युवाओं से आग्रह करते हुए कहा कि वे ज्यादा पढ़ें, अपना लक्ष्य निर्धारित करें और उसे पूरा करें, नशे से दूर रहें। जो बेहतर परिणाम लेकर आएगा उनको प्रोत्साहित करने से समाज को बुलंदी मिलेगी। कार्यक्रम में समाज के लोगों विधायक से रेलवे रोड पर नहर के पास विश्वकर्मा चौक बनवाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा है।

### वाहन की टक्कर से 27 वर्षीय युवक की मौत

**गन्नौर। कैलाना पावर** हाउस के पास बाइक चालक युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से युवक घायल हो गया। स्वजन ने घायल को अस्पताल में दाखिल कराया, जहां चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता ने मामले की शिकायत गन्नौर थाना पुलिस को दी है। शिकायत में गांव कासमपुर, जिला संभल, उत्तर प्रदेश हाल पुरखास गांव के रहने वाले होराम ने बताया कि उसका 27 वर्षीय बेटा नत्थू उर्फ बिजेंद्र 1 नवंबर की शाम को बाइक पर कैलाना गांव में सामान लेने के लिए गया था। इस बीच राहगीर ने फोन पर सूचना दी कि कैलाना पावर हाउस के पास उसका बेटा लहूलुहान अवस्था मे पड़ा हुआ है।

## नैशनल एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित हुई शख्सियतें

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल**

**एंटी करप्शन** फाउंडेशन ऑफ इंडिया एवं ह्यूमन राइट्स इंटरनेशनल फेडरेशन द्वारा नैशनल एक्सीलेंस अचीवर्स अवार्डस समारोह एंव करप्शन फ्री इंडिया व ह्यूमन राइट्स सेमीनार का भव्य आयोजन नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा की अध्यक्षता में हुआ, जिसमें सेलिब्रिटी चीफ गेस्ट के रूप में अभिनेता रजा मुराद, अवतार गिल व राकेश बेदी ने शिरकत की। इस अवसर पर वीवीआईपी गेस्ट डॉ. रणजोध सिंह, कमल नारंग, कविता गुप्ता, सुमन सूद, सिमी सूद, पवन शर्मा, विशाल काठ, गौरव गाबा, डॉ. निशा गुप्ता, एमडी शाहनवाज अब्बासी व हरीश चंद्रा थे। सेलिब्रिटी गेस्ट्स व वीवीआईपी गेस्ट्स



का कार्यक्रम में आगमन फूलों की वर्षा, आतिशबाजी व ढोल धमाके के साथ धूमधाम से हुआ।

सभी ने भव्य कार्यक्रम की भूरि-भूरि प्रशंसा की। नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि फाउंडेशन, फेडरेशन एंटी करप्शन व मानवाधिकरों की जागरूकता के लिए देशभर में कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से नरेंद्र भाम्भा, पवन कुमार कंसल, सत नारायण गर्ग व नैशनल एक्सीलेंस अवार्ड से डॉ.अंकित वर्मा, नीलम ठाकुर, डॉ. अनिल सेठी, लक्की संधू, सुधीर खट्टर, उदय शंकर, अधिवक्ता सुरेंद्र राणा, विकास जैन, योगेश गोयल, रवि शंकर अग्रवाल, एमडी नसीम आलम, आशुतोष चतुर्वेदी, रविंद्र शर्मा, अधिवक्ता नसरीन जहाँ, दानिश अब्बासी, राकेश सोनी, हरीश वधावन, विकास कुमार, रमेश कुमार बंसल, मुकेश गुलाटी, राजिंदर सिंह ग्रेवाल, प्रमोद कुमार अग्रवाल, बलविंदर सिंह, जशनदीप, डॉ.देवकला शर्मा, ब्रिजेन्दर प्रसाद, विनोद कुमार, विकास गर्ग, अजय गर्ग, बिंदु सैनी, स्नेहलता धीमान, अजय कुमार, डॉ.महेश गुप्ता, सतपाल, रेनू बाला, पुष्पेंदु सिंह, अधिवक्ता अक्षत मित्तल, शमीम अहमद, योगीन्द्र प्रकाश, नवजोत, आदित्य कुमार चतुर्वेदी, शक्तिचंद, विनोद चौहान, राजिंदर कुमार सिधांति, हरजीत सिंह सलूजा, आरके शर्मा, केपी अग्रवाल, संदीप कुमार, अजीत राही, सतीश मल्होत्रा, कमल गोयल, गुरप्रीत सिंह, पायल मित्तल व राजेश खन्ना को सम्मानित किया गया।

### होली चाइल्ड स्कूल के छात्र संयम ने देशभर में हासिल किया 18वां रैंक

**हिसार। होली चाइल्ड** सीनियर सेकेंडरी स्कूल के कक्षा नौवीं के छात्र संयम ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा आयोजित साइंस चैलेंज 2024-25 में देशभर में 18वां रैंक हासिल कर विद्यालय और हिसार जिले का गौरव बढ़ाया है। इस उपलब्धि के साथ संयम ने हिसार जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में कक्षा आठवीं से दसवीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया था, जिसमें संयम ने अपनी प्रतिभा और ज्ञान का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। संयम की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक राजपाल सिंधु ने हार्दिक बधाई दी और कहा कि संयम की विज्ञान में विशेष रुचि है। उन्होंने संयम के लिए भविष्य में और अधिक सफलता की कामना की। सिंधु ने यह भी बताया कि संयम ने गत वर्ष इंस्पायर-मानक योजना में भी 10,000 रुपये की पुरस्कार राशि प्राप्त की थी, जिससे उसकी विज्ञान के प्रति गहरी रुचि और लगन का परिचय मिलता है। विद्यालय की प्रधानाचार्या अनीता पन्नू दलाल ने संयम की सफलता की सराहना करते हुए कहा कि वह एक मेधावी छात्र है, जो हमेशा अपनी कड़ी मेहनत और समर्पण से विद्यालय का नाम ऊंचा करता है।

## भगवान श्रीकृष्ण को समर्पित है गोवर्धन पूजा : राजेश भाटिया

**टीम एक्शन इंडिया**

**फरीदाबाद। श्री सिद्धपीठ** हनुमान मंदिर मार्किट नंबर-1 में गोवर्धन पूजा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान गौ माता के गोबर से गोवर्धन पर्वत की भव्य आकृति तैयार की गई, जिसे दीयों व रंगोली के माध्यम से सजाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व यजमान डॉक्टर मुकेश मेहरा एवं उनकी धर्मपत्नी तपस्या मेहरा व पुत्री निष्ठा एवं प्रतिष्ठा द्वारा सायं 6: 00 बजे विधिवत रुप से गोवर्धन पर्वत की पूजा अर्चना की गई। इस मौके पर मंदिर के प्रधान राजेश भाटिया ने सभी को गोवर्धन



पूजा की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारत त्यौहारों का देश है और सभी त्यौहार हमें भाईचारे व एकता का संदेश देते है। उन्होंने कहा कि गोवर्धन पूजा को अन्नकूट के नाम से भी जाना जाता है। गोवर्धन पूजा का संबंध द्वापर युग से है। यह पर्व भगवान श्रीकृष्ण को समर्पित है। गोवर्धन पूजा विशेष रूप से मथुरा, वृंदावन, गोकुल और बरसाना में मनाई जाती है। राजेश भाटिया ने गोवर्धन पूजा का महत्व बताते हुए कहा कि पौराणिक धार्मिक मान्यताओं के अनुसार द्वापर युग में श्री कृष्ण ने बृजवासियों को बरसात के देवता इंद्र देव की पूजा ना करके गोवर्धन पर्वत की पूजा करने के लिए कहा क्योंकि गोवर्धन पर्वत ही बृजवासियों के भरण पोषण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे हैं जब इस बात का पता इंद्र देव को चला तो वे क्रोधित हो गए और बृजवासियों पर मूसलाधार बारिश का प्रहार प्रारंभ कर दिया तब श्री कृष्ण ने गोकुलवासियों व गायों की रक्षार्थ और इंद्र का घमंड तोडने के लिए गोवर्धन पर्वत,छोटी अंगुली पर उठा लिया था। इस तरह से ब्रज वासियों पर जल की एक बूंद भी नहीं पड़ी, सभी गोप-गोपिकाएं उसकी छाया में सुरक्षित रहे। तब श्रीकृष्ण को अवतार की बात जानकर इन्द्रदेव अपने इस कार्य पर बहुत लज्जित हुए और भगवान श्रीकृष्ण से क्षमा-याचना की। गोवर्धन पूजा के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। आज के कार्यक्रम के संचालक प्रधान राजेश भाटिया व उनकी धर्मपत्नी जनक भाटिया तथा कार्यकारणी से चेयरमैन-बंसीलाल कुकरेजा, संजीव ग्रोवर-उप प्रधान, अनिल चावला-दलपति, अजय शर्मा-दलपति, आशीष अरोड़ा-उप दलपति, रिंकल भाटिया-प्रचार मंत्री, प्रेम बब्बर-स्टोर इंचार्ज, गगन अरोड़ा, आई.एस. जैन, अरविंद शर्मा, रविंद्र गुलाटी, अमित नरूला, प्रवेश अरोड़ा (पनकी), परीन अरोड़ा, यश छाबड़ा, राजा भाटिया, जतिन मलिक, वरिंदर, सौरभ रत्रा व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## चोर लाखों के जेवरात व मोबाइल चोरी करके हुए फरार

### मकान मालिक पत्नी संग गया था हरिद्वार, बेटा बाजार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। कस्बा नीलोखेड़ी** के अस्पताल एरिया में चोरों ने एक घर का गेट तोडकर अलमारी में रखे सोने- चांदी के गहने व मोबाइल फोन चोरी कर लिया। घटना के समय परिवार का लडका बाजार में सामान खरीदने के लिए गया हुआ था, जबकि उसके माता-पिता हरिद्वार गए थे। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नीलोखेड़ी निवासी लक्ष्य शर्मा ने बताया कि वह शुक्रवार शाम करीब 6 बजे घर से बाजार गया



था। वापस लौटने पर उसने देखा कि घर का मेन दरवाजा टूटा हुआ था। अलमारी का ताला भी टूटा हुआ मिला और अंदर रखे गहने गायब थे। चोरी हुए सामान में एक सोने की अंगूठी, दो सोने के टोपस, दो सोने की बालियां और एक सैमसंग मोबाइल शामिल है। लक्ष्य ने बताया कि घटना के वक्त घर में कोई भी नहीं था। वह बाजार गया हुआ था और उसके माता-पिता हरिद्वार में गए हुए हैं। चोरों को घर में घुसने का मौका मिला। चोरी की घटना में उसका लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। पुलिस के एएसआई अमरीक सिंह ने बताया कि नीलोखेड़ी के हॉस्पिटल एरिया में चोरों ने एक मकान में चोरी हुई है। लक्ष्य शर्मा की शिकायत के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**लाखों की चोरी**

**पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है**

## थार ड्राइवर ने बाइक को एक किमी तक घसीटा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिल में थार कार** चालक की हुड़दंगबाजी ने बाइक सवारों के साथ-साथ अन्य लोगों की भी जान जोखिम में डाल दी। थार ने बाइक को टक्कर मारी और बाइक को एक किलोमीटर दूर तक घसीटते हुए ले गया। गनीमत रही कि बाइक सवारों की जान बच गई। बुलेट सवार युवकों ने थार पकड? की काफी कोशिश की, लेकिन ड्राइवर उसे दौड़ाता रहा। इसी बीच एक बुजुर्ग महिला थार की टक्कर से बाल-बाल बची और एक रिक्शावाले को भी टक्कर मार दी। थार द्वारा बाइक को घसीटने का भी वीडियो सामने आया है। अभी आरोपी



ड्राइवर की पहचान नहीं हो पाई है। जानकारी के मुताबिक थार गाड़ी में एक लडका और लडकी सवार थे। थार लडका चला रहा था। बीती रात करीब 10 बजे थार चालक ने हॉस्पिटल चौक पर बाइक को टक्कर मारी, जिसमें बाइक पर सवार दो युवक सडक पर जा गिरे। बाइक थार के पीछे ही फंस गई और थार वाला उसे पूरे शहर में घुमाता रहा। सडक पर घसीटने की वजह से बाइक से चिंगारियां निकलीं। इसके बाद ड्राइवर नेशनल हाईवे पर चढ़ गया और निर्मल कुटिया चौक के पास ओवरब्रिज पर बाइक को छोडकर थार फरार हो गई। इसके बाद बुजुर्ग महिला टक्कर लगने से बाल-बाल बची। फिर रिक्शेवाले को टक्कर मारी। इसके बाद बैरिकेड्स तोडकर ड्राइवर फरार हो गया।

सेक्टर-13 पुलिस चौकी के इंचार्ज विकास कुमार ने बताया कि पुलिस के पास वीडियो आई है। आरोपी ड्राइवर की तलाश शुरू कर दी गई है। थार में लडकी थी या नहीं या थार को कौन चला रहा था, यह जांच का विषय है। फिलहाल पुलिस सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है। जल्दी ही आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होगा।

## रात को घर पर फायरिंग, तीन दरवाजों को चीरती हुई बेडरूम की दीवार में लगी गोली

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। विकास कॉलोनी** में शुक्रवार रात एक घर में फायरिंग की घटना से सनसनी फैल गई। गोली तीन दरवाजों को चीरती हुई बेडरूम की दीवार में जा लगी। अचानक हुई फायरिंग से घर ही नहीं, बल्कि पूरे मोहल्ले में दहशत फैल गई। गोली किसने चलाई और किस रंजिश के चलते चलाई, इस बारे में अभी तक कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। करनाल की विकास कॉलोनी में रात करीब 10 बजे रंजन ठाकुर अपने घर पर था। रंजन ठाकुर अपने बच्चे के साथ घर के अंदर वाले दरवाजे के पास खड़ा था, तभी अचानक



एक गोली घर के बाहरी दरवाजे की छत से होते हुए उसके सामने से गुजरी और बेडरूम की दीवार पर जा लगी। घटना के बाद परिवार के लोगों में हडकंप मच गया और मौके से गोली का खोल भी बरामद हुआ। रंजन समझ नहीं पाया कि आखिर हुआ क्या है? कोई उसे मारना चाहता था, इसीलिए फायरिंग की गई। रंजन ने बताया कि उसकी किसी से कोई दुश्मनी नहीं है। वह दरवाजे के पास खड़ा था और अचानक एक गोली आई और दरवाजे को चीरती हुई बेडरूम की दीवार पर जा लगी। गनीमत रही कि गोली किसी को नहीं लगी। वरना किसी की जान जा सकती थी या कोई घायल हो सकता था। घटना के बाद पूरे विकास कॉलोनी क्षेत्र में खौफ का माहौल बना हुआ है। रंजन ठाकुर ने घटना के तुरंत बाद पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112 पर कॉल कर जानकारी दी। इसके बाद इलाके के डीएसपी सोनू नरवाल, सीआईए और लोकल थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस का कहना है कि हमले के पीछे की वजहों का पता लगाने के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। सेक्टर 32-33 थाना के जांच अधिकारी सुलतान सिंह ने बताया कि विकास कालोनी में एक घर में गोली चलने की शिकायत मिली है। परिवार की किसी के साथ कोई दुश्मनी नहीं है और न ही कोई रंजिश बताई जा रही है। गोली चलाने वाले का अभी तक पता नहीं चल पाया है। शिकायत के आधार पर अज्ञात हमलावर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**जांच जारी**

**अचानक हुई फायरिंग से घर ही नहीं, बल्कि पूरे मोहल्ले में दहशत फैल गई, गोली किसने चलाई**

## हरियाणा दिवस पर बाल भवन स्कूल में हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

### छात्रों ने हरियाणवी संस्कृति के माध्यम से मनमोहक नाटक प्रस्तुत किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर। बाल भवन** इंटरनेशनल स्कूल गन्नौर में हरियाणा दिवस मनाया गया। कक्षा नवमीं और ग्यारहवीं के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। छात्रों ने हरियाणवी संस्कृति के माध्यम से मनमोहक नाटक प्रस्तुत किया। मंच का संचालन कक्षा नवमीं के छात्र भव्य और सुहानी ने किया। बच्चों ने हरियाणवी संस्कृति को दिखाते हुए गीत गाया। हरियाणा की संस्कृति के विषय में बताते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य जय



भारत गुप्ता और समन्विका नेहा सिंधु ने बताया कि यह एक ऐसा प्रदेश है जहां का खान-पान शुद्धऔर सात्विक है।

## न्यूज फ्लैश

### पराली की घटनाओं के तहत 1 लाख 50 हजार रुपए का जुर्माना वसूला: राजेश जोगपाल

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक



**कुरुक्षेत्र :** उपायुक्त राजेश जोगपाल ने कहा कि जिले में पराली जलाने की घटनाएं किसी भी सूरत में सहन नहीं की जाएगी और अगर कोई भी व्यक्ति पराली जलाते हुए पाया गया तो उस व्यक्ति के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त राजेश जोगपाल ने बताया कि जिले में 60 जगहों पर आगजनी की घटनाओं से सम्बन्धित 1 लाख 50 हजार रुपए जुमार्ना वसूल किया गया है। इसके अलावा 84 किसानों के फार्म में रेड एंट्री भी दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि गांवों और ब्लॉक लेवल पर अधिकारियों की विशेष रूप से ड्यूटी लगाई गई है तथा खेतों में आगजनी की घटना ना हो इसके लिए विशेष तौर पर 416 गांवों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं फील्ड में तैनात टीमों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जहां पर भी खेतों में आगजनी की घटना (पराली जलना) की शिकायत मिलती है वे मौके पर पहुंच कर सम्बन्धित के खिलाफ नियमानुसार तुरंत कार्रवाई करना सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि पराली जलने से वातावरण प्रदूषित होता है वहीं मानव जीवन के स्वास्थ्य पर भी इसका दुष्प्रभाव पड़ता है, इतना ही नहीं भूमि के अंदर जो मित्र कीट होते है वह भी नष्ट हो जाते है। उन्होंने कहा कि खेतों में आगजनी की घटनाओं के तहत इसकी सूचना पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112 पर भी दी जा सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि जिला प्रशासन का मकसद चालान काटना नहीं है अपितु किसानों को जागरूक करते हुए पराली का सही निस्तारण करने बारे है। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उप निदेशक डा. कर्मचन्द ने कहा कि जिले में पराली प्रबंधन हेतु पर्याप्त मशीनरी उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि किसानों को लगातार जागरूक किया जा रहा है कि पराली में बिल्कुल भी आग न लगाए।

### खेत में धान की कटाई को खेत में गए किसान की करंट से मौत

**झज्जर।** जिला मुख्यालय झज्जर से करीब 26 किलोमीटर दूर गांव भूरावास में अपने खेत में काम कर रहे किसान की करंट लगने से मौत हो गई। हादसे के लिए बिजली निगम को जिम्मेदार ठहराया गया है जा रहा है। भूरावास गांव का युवा किसान संदीप शनिवार की सुबह धान की फसल की कटाई के लिए अपने खेत में गया था। उसके खेत में बिजली की हाई टेंशन लाइन की तार टूटी हुई पड़ी थी। अपनी फसल की कटाई के लिए वह तार को हटाने लगा तो उसे भीषण करंट लगा। खेत में काम कर रहे परिजनों और अन्य लोगों की नजर पड़ी तो बचाव कार्य शुरू किया और करंट से झुलसे संदीप को अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने जाँच करके मृत घोषित कर दिया। परिजनों का कहना है कि तार को हाथ लगाने से पहले संदीप ने लाइनमैन को सूचित करके तार को हटाने का निवेदन किया था, लेकिन लाइनमैन ने संदीप को कहा कि इस तार में करंट नहीं है और वह फसल की कटाई के लिए तार हटा ले। जबकि तार में बिजली की आपूर्ति हो रही थी और जब संदीप तार को हटाने लगा तो उसकी जान चली गई। किसान संदीप की पत्नी ने पुलिस को शिकायत देकर बिजली निगम के लाइनमैन के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने और न्याय दिलाने की मांग की है। शिकायत में महिला ने कहा है कि उसका पति लाइनमैन की बात मानकर अपने खेत से तार को हटने लगा तो हादसा हो गया। महिला ने केवल लाइनमैन के

# भगवान विश्वकर्मा ने सिखाई जीने की कला : सुभाष सुधा

## पूर्व राज्यमंत्री बोले, कौशल को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार ने विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय की शुरूआत

**सृष्टि निर्माता**

▸▸ पूर्व राज्य मंत्री ने विश्वकर्मा जयंती पर सृष्टि निर्माता भगवान श्री विश्वकर्मा को किया नमन



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा ने सृष्टि को जीवन जीने की कला सिखाई है। आदिकाल में जब सृष्टि का निर्माण हो रहा था, तब मानव जाति को लिपि ज्ञान से लेकर शिल्प ज्ञान देने का कार्य देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा ने ही किया था। राष्ट्र निर्माण में विश्वकर्मा समाज की अहम भूमिका रही है।
पूर्व राज्यमंत्री शनिवार को रेलवे रोड स्थित धीमान ब्राह्मण पंचायत सभा द्वारा विश्वकर्मा जयंती समारोह में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीकृष्णा आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.करतार धीमान ने की। समारोह में पहुंचने पर प्रधान सुंदर लाल धीमान ने अतिथियों को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। समारोह का शुभारंभ भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा के आगे दीप प्रज्वलन कर किया गया।
उन्होंने कहा कि शिल्प कला और तकनीकी कौशल भगवान विश्वकर्मा से मिला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए श्रमिकों और श्रम को सर्वोपरि रखा है। भाजपा ने समाज के उपेक्षित वर्ग, जातियों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया है। यही नहीं प्रदेश सरकार ने कौशल को बढ़ावा देने के लिए श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय की शुरूआत की है, जिसमें युवाओं का न केवल कौशल विकास हो रहा है, बल्कि उनके हुनर को भी निखारने का काम किया जा रहा है।
भगवान विश्वकर्मा को नमन करते हुए उन्होंने कहा कि भगवान विश्वकर्मा किसी एक जाति से संबंधित नहीं है। सुई से जहाज व झोपड़ी से महल का निर्माण करने वाले हाथ के सभी कारीगर भगवान विश्वकर्मा के वंशज हैं। वर्तमान समय के मशीनी युग में हाथ का कार्य करने वाले लोगों के लिए पढ़ाई बेहद जरूरी हो गई है, इसलिए समाज के अग्रणी नागरिक शिक्षा पर जोर दें। वर्तमान राज्य सरकार ने पारदर्शिता के आधार पर नौकरियां प्रदान कर सर्व समाज के काबिल बच्चों के लिए आगे बढ़ने के द्वार खोले हैं। गरीब व पिछड़े समाज के परिवारों के बच्चे भी अपनी मेहनत के दम पर हरियाणा सिविल सेवा व अन्य उच्च पदों पर आसीन हुए हैं। इस अवसर पर सेवानिवृत डीएसपी राजकुमार धीमान, सेवानिवृत हेडमास्टर ईश्वर चंद धीमान, महासचिव राजकुमार धीमान, कोषाध्यक्ष बलराम धीमान, पूर्व प्रधान खुशवंत धीमान, ओबीसी मोर्चा से तरुण धीमान और कवि बजाज प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## हरिओम मंदिर में लगाया अन्नकूट का भंडारा



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** शास्त्री नगर सुधा सभा द्वारा शास्त्री नगर स्थित हरिओम मंदिर में अन्नकूट प्रसाद का भंडारा लगाया गया। भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। शास्त्री नगर सुधार सभा के पदाधिकारियों ने श्रद्धालुओं को गोवर्धन पूजा का महत्व बताया। सभा के संरक्षक प्रेम शर्मा व प्रधान जितेन्द्र शर्मा ने श्रद्धालुओं को बताया कि सच्चे मन से भगवान की भक्ति करने के वाले भक्तों के संकट भगवान क्षण में दूर कर देते है, जिस प्रकार संकट के समय भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को अपनी मात्र एक अंगुली पर उठाकर अपने भक्तों की रक्षा की थी। सभा के सचिव सुभाष अरोड़ा, कैशियर प्रवीण गोयल, मीडिया प्रभारी तरुण वधवा, उप प्रधान विपिन गुप्ता, पवन गुप्ता, राकेश सूरी, वीरेंद्र शौरी, विमल गर्ग, सुभाष गुप्ता, जितेंद्र तलवाड़ व दीपक बंसल ने प्रसाद वितरण की सेवा करते हुए कहा कि भंडारे जैसे आयोजनों से समाज में आपसी भाईचारे एकता को बढ़ावा मिलता है। मंदिर के पुजारी अरुण मिश्र ने बताया कि परंपरा के अनुसार गोकुल में जब इन्द्र देवता ने घमंड में आकर अपना भोग लगाने पर मूसलाधार बरसात शुरू कर दी जिस पर भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को अपनी अंगुली पर उठाकर गोकुल वासियों की बरसात से रक्षा की। उसी दिन से भगवान श्रीकृष्ण के निमित विशाल अन्नकूट बनना शुरू हो गया और तभी से यह परंपरा चली रही है कि दीवाली से अगले दिन गोवर्धन की पूजा से पूर्व अन्नकूट बनाया जाता है जिसमें सभी भक्तों द्वारा दिए गए अन्न दान कर भंडारे का आयोजन किया जाता है।

## शिक्षा मंत्री हरपाल ढांडा को चादर ओढ़ाकर सम्मानित किया

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत, ( कमाल हुसैन)

**प्रदेश के शि**क्षा मंत्री महीपाल ढांडा के आवास पर उनके बड़े भाई हरपाल ढांडा को दिवाली एवं मंत्री बनने की बधाई देने के लिए प्रजापति समाज आज एलडीको स्थित उनके निवास पर पहुंचा। वहीं हरपाल ढांडा को चादर ओड़ाकर सम्मानित किया तथा अपने प्रजापति समाज को राजनीति रूप में अपने हिस्सेदारी दिलाए जाने की मांग करते हुए कहा कि बिना राजनीतिक हिस्सेदारी की किसी भी समाज की तरक्की संभव नहीं है। वहीं हरपाल



ढांडा ने उनको विश्वास दिलाया कि अपनी राजनीतिक हिस्सेदारी को लेकर किसी भी समाज को चिंतित होने की जरूरत नहीं है।

## हरियाणवी कल्चर एण्ड हैंडमेड फुलझड़ी इज दि यूनिक....

**अवलोकन**

▸▸ डेलिगेशन प्रोग्राम के तहत हरियाणा के सांस्कृतिक स्थलों के अवलोकन के लिए विरासत में पहुंचा



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र:** हरियाणवी कल्चर एण्ड हैंडमेड फुलझड़ी इज दि यूनिक क्राफ्ट ऑफ हरियाणा, हरियाणा हैव इट्स रिच कल्चर एण्ड हेरिटेज ये शब्द जर्मनी डेलिगेशन की प्रतिनिधि एंजिलिका हॉफ ने विरासत दि हेरिटेज विलेज के अवलोकन के पश्चात कहे। हरियाणा में जर्मनी का डेलिगेशन कल्चरल एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत हरियाणा के सांस्कृतिक स्थलों के अवलोकन के लिए विरासत में पहुंचा। यह जानकारी विरासत के संयोजक डॉ. महासिंह पूनिया ने दी। उन्होंने बताया कि टीडीआई स्कूल कुंडली के प्राचार्य डॉ. हरेन्द्र शर्मा के नेतृत्व में जर्मनी के 10 शिक्षकों का प्रतिनिधिमंडल विरासत में पहुंचा। इस अवसर पर विरासत की ओर से प्रतिनिधिमंडल का लोक पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। प्रतिनिधिमंडल ने हरियाणा के परिवहन के साधनों का अवलोकन किया। इसके साथ ही सभी ने दादा खेड़े की धोक मारकर पूजा अर्चना कर हरियाणवी संस्कृति के प्रति अपना प्रेम अभिव्यक्त किया। इस मौके पर विरासत की ओर से अभिनव पूनिया एवं डॉ. महाङ्कषसह पूनिया ने हरियाणवी संस्कृति के विविध पहलुओं से जुड़ी हुई जानकारी प्रतिनिधिमंडल को दी। उन्होंने हरियाणा की पुरातन वस्तुओं का अवलोकन किया। साथ ही विरासत के मुख्य गेट पर लगे सौ साल से अधिक पुराने दरवाजे को देखकर जर्मनी वासी अभिभूत हो उठे। इस अवसर पर मंयंक शर्मा ने उन्हें विरासत के भावी योजनाओं एवं सांस्कृतिक पहलुओं पर विस्तार से जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर विरासत की ओर से प्रतिनिधिमंडल की मुखिया एंजिलिका हॉफ को हाथ से बनी हुई फुलझड़ी उपहार के रूप में भेंट की। हाथ से बनी फुलझड़ी को देखकर मैडम हॉफ और प्रतिनिधिमंडल के सभी सदस्य अभिभूत हो उठे।

## सामाजिक न्याय मंत्री कृष्ण बेदी को समर्थकों ने दी शुभकामनाएं

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** हरियाणा सरकार में सामाजिक न्याय और आधिकारिता मंत्री कृष्ण बेदी को पार्टी के पदाधिकारियों समेत सभी कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने उनके निवास स्थान पर दिवाली, विश्वकर्मा दिवस, छठ पूजाकी शुभकामनाएं भेंट की। कृष्ण बेदी ने सभी शुभचिंतकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि त्यौहार लोगों के जीवन में उत्साह का



संचार करते हैं क्योंकि त्यौहारो से समाज के सभी वर्गों का हृदय से गहरा लगाव होता है।उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री

**शुभकामनाएं**

▸▸ समर्थकों ने उनके निवास स्थान पर दिवाली, विश्वकर्मा दिवस, छठ पूजा की शुभकामनाएं भेंट की

नायब सैनी के 24000 युवाओं को नौकरी देने से उन परिवारों ने सही अर्थों में आर्थिक आजादी वाली दिवाली मनाई है ।कृष्ण बेदी ने कहा भाजपा के राज में जनता अगले पांच वर्षों तक लगातार दिवाली वाले त्योहारी रंग में रंगी रहेगी क्योंकि प्रदेश की भाजपा सरकार लगातार जन कल्याण और प्रदेश के उत्थान हेतु समर्पित रहेगी।इस अवसर पर मंत्री जी की धर्मपत्नी शांति देवी को भी बधाई दी।शुभ कामनाएं भेंट करने वालों में मुख्यतः परमजीत कौर,कंवलजीत कौर,अमन,वंदना,अनिल वर्मा शामिल रहे।

## भगवान परशुराम सेवा समिति का मासिक हवन यज्ञ आज

**तैयारी पूरी**

▸▸ वन यज्ञ पहले रविवार आज भगवान परशुराम मंदिर नग्गल करधान अम्बाला कैन्ट में सुबह 9 बजे होगा



टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला:** भगवान परशुराम सेवा समिति रजि 1069 अम्बाला कैन्ट का नवम्बर महीने का मासिक हवन यज्ञ पहले रविवार आज भगवान परशुराम मंदिर नग्गल करधान अम्बाला कैन्ट में सुबह 9 बजे होगा। हवन यज्ञ मंदिर के पंडित शम्भू नाथ जी द्वारा विधि विधान से भगवान परशुराम जी के मंत्र द्वारा करवाया जाएग। समिति के हवन इंचार्ज सतीश शर्मा ने बताया कि हवन यज्ञ में समिति के सभी सदस्य परिवार सहित आएगे। हवन के बाद प्रसाद का वितरण किया जाएगा। इस मीटिंग में अतुल शर्मा, सुरिंदर राजू शर्मा, रजनीश शर्मा, नवीन शर्मा, राजेश गोल्डी शर्मा, सुरेश कौशिक पंडित शम्भू नाथ ओर अन्य सदस्य माजूद रहे।

## बल्लभगढ़ में गोदाम में लगी भीषण आग

**फरीदाबाद।** बल्लभगढ़ क्षेत्र के पंजाबी बाड़ा स्थित एक मकान में बने गोदाम में शुक्रवार देर रात अचानक आग लग गई। गोदाम में पॉलीथिन और झाड़ू सहित अन्य सामान रखा हुआ था। आग पर फायर ब्रिगेड की तीन गाडि?ों ने कड़ी मशक्कत के बाद काबू पाया।
अग्रसेन चौकी इंचार्ज संदीप ने बताया कि बल्लभगढ़ बाजार में परचून की दुकान करने वाले दुकानदार महेश ने पंजाबी बाड़ा स्थित किराए का मकान लेकर उसमें गोदाम बनाया हुआ है। गोदाम में पालिथीन, झाड़ू और पानी के गिलास सहित अन्य सामान रखा हुआ था।

## अन्नकूट के अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** श्री दक्षिण मुखी प्राचीन हनुमान मंदिर में अन्नकूट के शुभ अवसर पर एक भव्य भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस अवसर पर मंदिर परिसर को रंग-बिरंगी रोशनी और फूलों से सजाया गया। भंडारे में विभिन्न प्रकार के पौष्टिक और स्वादिष्ट व्यंजन प्रस्तुत किए गए। श्रद्धालुओं ने एक साथ बैठकर भोजन ग्रहण किया, जिससे सामूहिकता और एकता का माहौल बना। मंदिर के संरक्षक पंडित प्रेम कुमार शर्मा ने इस अवसर पर पूजा अर्चना की व भंडारे का भोग हनुमान जी को लगा नमस्कार किया और सभी



श्रद्धालुओं का स्वागत करते हुए कहा, "यह भंडारा न केवल भक्ति का प्रतीक है, बल्कि हमारी सांस्कृतिक धरोहर का भी प्रतिनिधित्व करता है।इस अवसर पर मुख्य पुजारी डॉ हिमांशु शर्मा व प्रबंधक विजय कुमार शर्मा ने स्थानीय समुदाय, सामाजिक संगठनों और भक्तों का बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने पर उन्हें आशीर्वाद दिया। भंडारे की सफलता को देखते हुए मंदिर प्रबंधन ने भविष्य में ऐसे और आयोजनों की योजना बनाने की इच्छा जताई। पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा व भंडारे में भाग लेने वाले सभी श्रद्धालुओं का धन्यवाद करते हुए मंदिर प्रबंधन ने यह सुनिश्चित

**श्रद्धा**

▸▸ हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस अवसर पर मंदिर परिसर को रंग-बिरंगी रोशनी और फूलों से सजाया गया

किया कि सभी ने एक सुखद अनुभव प्राप्त किया।
इस अवसर पर मुख्य तौर पर दया शर्मा,मानकी शर्मा,माणिक शर्मा, मन्नत, सारांश,शैलेश वत्स, एडवोकेट गौरव अरोड़ा, कोमल ,नवीन,नरेन्द्र कंखल, सरिता,तुषार सैनी,कपिल धवन, लाल चंद व बड़ी संख्या में अन्य श्रद्धालू गण उपस्थित रहे।

## बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है गोवर्धन पूजा का त्यौहार: गर्ग

टीम एक्शन इंडिया

**हिसार:** गोवर्धन पूजा व विश्वकर्मा दिवस पर आज ऑटो मार्केट फेज 3 व श्री प्रयाग गिरी शिवालय ट्रस्ट में अंकूट का प्रसाद व भंडारा लगाया गया। जिसमें मुख्य तौर पर हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व हरियाणा कान्फैड के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग ने शिरकत की। भंडारे में हजारों लोगों ने प्रसाद लिया। इस अवसर पर व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने कहा कि देश व प्रदेश में गोवर्धन पूजा का त्यौहार बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। इस दिन सभी मंदिरों में सामाजिक व धार्मिक संस्था द्वारा अंकूट का प्रसाद लगाया जाता है। बजरंग गर्ग ने कहा कि इस दिन मुख्य रूप से भगवान श्री कृष्ण जी व विश्वकर्मा भगवान जी



की पूजा की जाती है। इस दिन भगवान श्री कृष्ण जी ने छोटी सी उंगली पर गोवर्धन पर्वत उठाकर बृजवासियों को भगवान इंद्र देवता जी के गुस्से से बचाया था। सुरक्षा का यह कार्य पहाड़ी के महत्व को रेखांकित करता है। बजरंग गर्ग ने कहा कि गोवर्धन भगवान व श्री कृष्ण जी की विशेष कृपया अपने के लिए लोग इस दिन गोवर्धन पर्वत की परिक्रमा करते हैं। श्री गर्ग ने कहा कि सामाजिक व धार्मिक कार्यों से आपसी भाईचारा बढ़ता है और सभी देवी-देवता खुश होते हैं। हमेशा ही धर्म की जड़ हरी होती है। बजरंग गर्ग ने कहा कि हम सब को एकजुट होकर सामाजिक व धार्मिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। हिंदू धर्म में मानव सेवा सबसे बड़ा धर्म है। हमें एकजुट होकर एक दूसरे की मदद करनी चाहिए.इस मौके पर पीजीएसडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रबंधक ओमप्रकाश असीजा, प्रिंसिपल सत्येंद्र गोयल, महासचिव सुरेंद्र सिंगल, मंदिर कमेटी कृष्ण लाल बगडी, जगदीश प्रधान, जगत

**धूमधाम**

▸▸ हम सब को एकजुट होकर सामाजिक व धार्मिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए- बजरंग गर्ग

नारायण, मंदिर सचिव महापाल असीजा, रमेश कुमार पटवारी, प्रदेश संगठन मंत्री राजेंद्र बंसल, प्रदेश सचिव निरंजन गोयल, दिनेश सैनी, गुलशन महाजन, फोटो मार्केट फेस 3 प्रधान सुभाष बडगुजर, ऑटो मार्केट स्पेयर पार्ट एसोसिएशन प्रधान बंटी गोयल, संरक्षक कृष्णा चौधरी आदि प्रतिनिधियों भारी संख्या में मौजूद थे।

## नशीला पदार्थ सप्लाई करने का आरोपी गिरफ्तार

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला के कुशल मार्ग-निर्देश में जिला पुलिस का नशा तस्करों पर शिकंजा जारी है। एंटी नारकोटिक सैल टीम ने नशा तस्करों पर शिकंजा कसते हुए नशीला पदार्थ सप्लाई करने आरोप में बूटा सिंह वासी गब्दी जिला लुधियाना पंजाब को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 08 दिसम्बर 2023 को एंटी नारकोटिक सैल प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्र पाल के मार्ग-निर्देश में सहायक उप निरीक्षक कर्मबीर सिंह की टीम एन्टी नारकोटिस सैल यूनिट में मौजूद थी। पुलिस टीम ने गुप्त सूचना मिली




कि बलदेव सिंह वासी सहारन माजरा जिला लुधियाणा पंजाब को ट्रक नम्बर पीबी-10-ईएस-8915 एनएच-44 करनाल-शाहबाद हाईवे से काबू किया था। राजपत्रित अधिकारी श्री प्रदीप कुमार उप पुलिस अधीक्षक कुरुक्षेत्र के सामने बलदेव सिंह व ट्रक की तलाश लेने पर उसके कब्जा से 54 किलोग्राम डोडा/चूरापोस्त बरामद हुआ था। आरोपी के खिलाफ थाना सदर थानेसर में नशीला वस्तु अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके एन्टी नारकोटिक सैल के सहायक उप निरीक्षक सुशील कुमार ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था।

# चालक महासंघ पदाधिकारियों को समझाकर मैजिस्ट्रेट व पुलिस ने टोल पर धरने को टाला

## समझाने के बाद मैजिस्ट्रेट को पीएम के नाम ज्ञापन सौंपा, मौके पर पहुंचे एसीसपी व थाना प्रभारी

**टीम एक्शन इंडियौ**
**गन्नौर। अखिल भारतीय** चालक महासंघ की दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन देने के लिए दिल्ली जाने से पूर्व जी टी रोड पर भिगान टोल प्लाजा पर धरना देने पहुंचे। धरने की सूचना के बाद मौके पर बीडीपीओ मुरथल व डयूटी मैजिस्ट्रेट अंकुर, एसीपी संदीप व थाना प्रभारी देवेन्द्र मौके पर पहुंचे और महासंघ के बैनर तले धरने पर बैठने की शुरूआत से पूर्व चालकों को समझाया। इसके बाद वे धरने पर नही बैठे और सहमत



हुए। चालकों ने डयूटी मैजिस्ट्रेट को अपनी मांगों के समाधान को लेकर प्रधानमंत्री के नाम बीडीपीओ को ज्ञापन सौंपा। बीडीपीओ ने उनकी मांगों के ज्ञापन को प्रधानमंत्री तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। ज्ञात रहे कि चालकों को संघ के बैनर तले पूरे हरियाणा से एकत्रित होने के बाद टोल से पैदल दिल्ली जंतर- मंतर पर जाने के लिए निकलना था। लेकिन टोल पर धरने पर बैठने की अनुमति न होने व मैजिस्ट्रेट के समझाने के बाद वे सहमत हुए। बीडीपीओ को प्रधानमंत्री के नाम सौंपे ज्ञापन में अखिल भारतीय चालक महासंघ की मांग थी कि चालकों का भी भविष्य सुनहरा होना चाहिए। इसके लिए केन्द्र सरकार द्वारा बनाए हिट एंड रन का कानून वापिस लिया जाए। ड्राईवर आयोग व ड्राईवर मंत्रालय का गठन हो। ड्राईवर बीमा योजना के तहत चालक लाईसेंस पर बीमा होना चाहिए। ड्राईवर सुरक्षा कानून ,पेंशन योजना, चालक लाईसेंस सुधार योजना, चालक को अद्वितीय सैनिक घोषित करने, ड्राईवर की सड़क दुर्घटना होने पर आर्थिक सहद 10 से 20 लाख होनी चाहिए। नेशनल हाईवे पर ड्राईवरों के लिए पार्किंग, विश्राम गृह, शैचालय होना चाहिए, ड्राईवरों को कोरोना योद्धा घोषित करने, 1 सितंबर को चालक दिवस घोषित करने की मांग की। ज्ञापन में संघ के पदाधिकारियों ने चेताया कि उनकी मांगो कडे तुरन्त प्रभाव से सरकार को लागू करना चाहिए।

# डीएपी खाद की किल्लत से गुस्साए किसानों ने लोहा मंडी गेट पर जड़ा ताला

**टीम एक्शन इंडिया**
**जींद: नरवाना में डीएपी** खाद की कमी को लेकर शनिवार को किसानों ने लोहा मंडी गेट पर ताला जड़ दिया और सरकार तथा प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। किसानों ने कहा कि इस समय डीएपी की जरूरत है। इसलिए वह सुबह चार बजे मंडी में लाइन में लग जाते हैं और फिर भी उन्हें खाद की पर्ची नहीं मिल रही है। किसानों ने कहा कि प्रशासन व सरकार उन्हें पर्याप्त मात्रा में डीएपी उपलब्ध करवाए। ताला जड़े किसानों ने आरोप लगाया कि ब्लैक में खाद आसानी से मिल रहा है। जिसके साथ बीज की व दवाई जबर्दस्ती से दी जा रही है। खाद का कट्टा 1750 रुपये प्रति बैग दिया जा रहा है। दूसरी ओर नरवाना के विधायक एवं कैबिनेट



मंत्री कृष्ण बेदी ने किसानों को आश्वासन दिया था कि 15-20 दिनों में खाद की कमी नहीं रहेगी लेकिन बुआई का समय बीतता जा रहा है और खाद नहीं मिल रहा है। ऐसे में किसानों को कुछ समझ नही आ रहा है। किसानों ने मंत्री कृष्ण बेदी से मांग की कि उनकी समस्या को दूर कर्या जाए। किसानों का कहना है कि नरवाना में 20 से 25 हजार बैग सिटी थाना के पीछे गोदामों में पड़ा हुआ है लेकिन आबंटित नही किया जा रहा है। एसडीओ कृषि विभाग बलजीत लाठर ने कहा कि एक या दो दिन में खाद का रैक लगने वाला है। उसके बाद खाद की कमी नहीं रहेगी।

## न्यूज फ्लैश

### गौवर्धन पर्व पर पौधों में डाली गाय के गोबर की खाद

**गुरुग्राम। स्वास्तिक संस्था** द्वारा 5 साल पहले गोवर्धन पर्व से शुरू की गई मुहिम को इस बार भी जारी रखा गया। संस्था के पर्यावरण प्रेमियों ने गाय के गोबर से बनी खाद पौधों में डालकर उन्हें सर्दी में भी ग्रोथ देने का काम किया। संस्था के सदस्यों ने बताया कि सर्दी में पौधों की ग्रोथ रुक जाती है। कई पौधे सर्दी में सूखने लगते हैं। इसी बात को ध्यान में रखते हुए संस्था की ओर से 5 साल पहले गाय के गोबर से बनी खाद को पौधों में डालने की शुरुआत की गई थी। शनिवार को शहर में गौवर्धन की पूजा की गई। स्वास्तिक फाउंडेशन के सदस्यों ने गौवर्धन पूजा हर वर्ष की भांति मां प्रकृति की सेवा करते हुए पौधों में खाद डालकर मनाया गया। गौवर्धन का त्यौहार घरों में गाय के गोबर से गौवर्धन की प्रतिमा बनाकर की जाती है। स्वास्तिक के पर्यावरण प्रेमी इसे प्रकृति के नाम कर देते हैं। गाय के गोबर से बनी खाद को पौधों में डालने के दो फायदे हैं, एक तो पौधों को खाद से पौषक तत्व मिलते हैं। दूसरा पौधों को खाद गर्मी प्रदान करती है। जिसके कारण पौधे ठंड में भी जिवित रहते हैं। उनकी ग्रोथ होती रहती है।

### जिला में धूमधाम से मनाया गया गोवर्धन का पर्व

**गुरुग्राम। शनिवार को** गोवर्धन का पर्व जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में धूम धाम से मनाया गया। शहर के मंदिरों सिद्धेश्वर मंदिर, घंटेश्वर मंदिर, सेक्टर 4 स्थित श्रीकृष्ण मंदिर, सैक्टर 9ए स्थित श्री गौरी शंकर मंदिर, जैकबपुरा स्थित श्रीकृष्ण मंदिर, बाबा प्रकाश पुरी आश्रम, सूर्य विहार स्थित वैष्ण देवी मंदिर, गुफावाला मंदिर आदि में मनाया गया। आयोजकों ने कढ़ी, बाजरा व विभिन्न सब्जियों से अन्नकूट तथा खीर आदि प्रसाद के रुप में वितरित की। मंदिरों में गोवर्धन की स्थापना की गई और श्रद्धालुओं द्वारा पूजा-अर्चना भी की गई। काफी लोगों ने अपने घरों में भी गोवर्धन की स्थापना कर पूजा-अर्चना की और अन्नकूट का प्रसाद वितरित किया। सभी मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने गौवंश की रक्षा करने की शपथ भी ली। जिले के गांव बोहड़ा कलां स्थित महाकाल मन्दिर, पटौदी के डेडावाला मन्दिर, राम मन्दिर, पौराणिक महत्व के इंच्छापुरी शिव मन्दिर, हेलीमंडी के बाबा हरदेवा मन्दिर, विश्वकर्मा मन्दिर टोडापुर, प्रचीन शिव मन्दिर, छोटी बाजारी स्थिति बन्दर वाला मन्दिर, जग्गूवाला शिव मन्दिर, हेलीमंडी अनाजमंडी शिव मन्दिर, रामपुर रोड स्थित शिव मन्दिर, श्री श्याम मन्दिर टोडापुर, साई बाबा मन्दिर सहित विभिन्न क्षेत्रों के मन्दिरों में भी गोवर्धन की स्थापना कर अन्नकूट का प्रसाद वितरित किया गया।

### हथियारों के बल पर लूट में संलिप्त आरोपी गिरफ्तार

**सोनीपत। सोनीपत पुलिस** ने थाना शहर क्षेत्र में किराना दुकान में हथियारों के बल पर हुई लूट के एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आयुक्त सतेन्द्र गुप्ता के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई, जिसमें आरोपी मोहित उर्फ झाई निवासी छिछडाना वर्तमान में सेवली, सोनीपत, को हिरासत में लिया गया। 16 अक्टूबर को संजय उर्फ बिट्टू, निवासी सत्य कॉलोनी, सोनीपत, ने शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि उनकी दुकान पर सुबह तीन युवक अनुराग, साहिल और मोहित उर्फ झाई हथियारों के साथ पहुंचे। अनुराग के पास चाकू, साहिल के पास छुरा और मोहित के पास बर्फ तोड़ने का औजार था। इन युवकों ने दुकान के गल्ले से 20-22 हजार रुपये लूट लिए और धमकी दी कि यदि शिकायत की तो जान से मार देंगे। इसी दौरान एक अन्य युवक के हस्तक्षेप करने पर भी लुटेरे भाग गए। शहर थाना टीम, सहायक उप निरीक्षक मनोज कुमार के नेतृत्व में, आरोपियों की तलाश में जुटी और मोहित को गिरफ्तार किया। शनिवार को उसे न्यायालय में पेश कर एक दिन के रिमांड पर लिया गया है। मामले की जांच जारी है।

### पीआर धान को 3100 रुपये में खरीद वायदा निभाए भाजपा : आजाद पालवां

**जींद। उपमंडल कार्यालय** में सामूहिक समस्याओं एवं मांगों को लेकर 687वें दिन भी संयुक्त किसान मजदूर मोर्चा का अनिश्चितकालीन धरना शनिवार को भी जारी रहा। धरना संयोजक आजाद पालवां ने कहा कि सरकार की करनी और कथनी में अंतर है। एक तरफ मुख्यमंत्री विधानसभा में कहते है कि पराली जलाने पर किसानों पर मुकद्मा दर्ज नहीं किया जाएगा और न गिरफ्तार होंगे जबकि कृषि कल्याण विभाग के उपनिदेशकों को पत्र जारी किए गए हैं। जिसमें स्पष्ट रूप से लिखा है कि पराली जलाने पर एफआईआर दर्ज करके मुकद्मा चलाया जाएगा और दो साल तक उस की फसल पर बिक्री पर रोक लगाई जाएगी। चुनाव के समय किसानों से किए गए 3100 रुपये प्रति क्विंटल पीआर धान खरीद का वायदा भी निभाने का काम भाजपा करें। पालवां ने कहा कि सरकार की वादा खिलाफी के विरोध में पांच नवंबर को कुरुक्षेत्र में किसान पंचायत बुलाई गई है।

# जर्मनी डेलिगेशन ने किये हरियाणवी संस्कृति के दर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**
**कुरुक्षेत्र: हरियाणवी कल्चर** एण्ड हैंडीमेड फुलझड़ी इज दि यूनिक क्राफ्ट ऑफ हरियाणा, हरियाणा हैव इट्स रिच कल्चर एण्ड हेरिटेज ये शब्द जर्मनी डेलिगेशन की प्रतिनिधि एंजिलिका हॉफ ने विरासत दि हेरिटेज विलेज के अवलोकन के पश्चात कहे। हरियाणा में जर्मनी का डेलिगेशन कल्चरल एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत हरियाणा के सांस्कृतिक स्थलों के अवलोकन के लिए विरासत में पहुंचा। यह जानकारी विरासत के संयोजक डॉ. महासिंह पूनिया ने दी। उन्होंने बताया कि टीडीआई स्कूल कुंडली के प्राचार्य डॉ. हरेन्द्र शर्मा के नेतृत्व में जर्मनी के 10 शिक्षकों का प्रतिनिधिमंडल विरासत



में पहुंचा। इस अवसर पर विरासत की ओर से प्रतिनिधिमंडल का लोक पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। प्रतिनिधिमंडल ने हरियाणा के परिवहन के साधनों का अवलोकन किया। इसके साथ ही सभी ने दादा खेड़े की धोक मारकर पूजा अर्चना कर हरियाणवी संस्कृति के प्रति अपना प्रेम अभिव्यक्त किया। इस मौके पर विरासत की ओर से अभिनव पूनिया एवं डॉ. महाङ्कसह पूनिया ने हरियाणवी संस्कृति के विविध पहलुओं से जुड़ी हुई जानकारी प्रतिनिधिमंडल को दी। उन्होंने हरियाणा की पुरातन वस्तुओं का अवलोकन किया। साथ ही विरासत के मुख्य गेट पर लगे सौ साल से अधिक पुराने दरवाजे को देखकर जर्मनी वासी अभिभूत हो उठे। इस अवसर पर मंयक शर्मा ने उन्हें विरासत के भावी योजनाओं एवं सांस्कृतिक पहलुओं पर विस्तार से जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर विरासत की ओर से प्रतिनिधिमंडल की मुखिया एंजिलिका हॉफ को हाथ से बनी हुई फुलझड़ी उपहार के रूप में भेंट की। हाथ से बनी फुलझड़ी को देखकर मैडम हॉफ और प्रतिनिधिमंडल के सभी सदस्य अभिभूत हो उठे। इस मौके पर जर्मनी के प्रतिनिधिमंडल ने मैडम लियोनी मास, सबरीना, सलीना, लौरा, एनेलिया, माहिम सहित अनेक सदस्यों ने विरासत का अवलोकन किया।

# अद्भुत चित्रकारी, आधुनिक शिल्पकारी भगवान विश्वकर्मा की देन: बेदी

**टीम एक्शन इंडिया**
**जींद: सामाजिक न्याय** एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि विश्व की रचना, सुंदरता, अदभुत चित्रकारी एवं आधुनिक शिल्पकारी भगवान विश्वकर्मा जी की देन है। सृष्टि के रचयिता श्री ब्रह्मा ने ही अपने सातवें पुत्र विश्वकर्मा को सृष्टि की अद्वितीय रचना का पूरा कार्यभार सौंपा था। इसलिए आज जो हम इस सुंदर संसार को देख रहे हैं। यह सब भगवान श्री विश्वकर्मा द्वारा बनाई गई इबारत है। भगवान विश्वकर्मा को सृष्टि का प्रथम इंजीनियर और वास्तुकार भी माना गया है। हस्तशिल्प व शिल्पकार से जुड़े लोग भगवान विश्वकर्मा को अपना उच्च आदर्श मानकर निरंतर संसार को नई आधुनिकता एवं खूबसूरती दे रहे हैं। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी शनिवार को विश्वकर्मा जयंती के पावन अवसर पर नरवाना स्थित विश्वकर्मा धर्मशाला में आयोजित एक समारोह को संबोधित करत रहे थे। बेदी ने विश्वकर्मा धर्मशाला के लिए 11 लाख रुपये की लागत से 20 केवी का सौलर प्लांट सिस्टम लगाने की घोषणा की। इसके साथ ही उन्होंने एक कमरा उपलब्ध होने पर धर्मशाला में ई-लाईब्रेरी खोलने की भी घोषणा की। बेदी ने कार्यक्रम में भगवान विश्वकर्मा जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके पुष्पाजंलि भेंट की।

# पुरानी रंजिश के चलते युवक पर चाकू से जानलेवा हमला

**टीम एक्शन इंडिया**
**रोहतक: पाडा मोहल्ला** में पुरानी रंजिश के चलते तीन युवकों द्वारा एक युवक पर चाकू से जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और इस बारे में पता किया। पुलिस के अनुसार पाडा मोहल्ला शिव प्याउ वाली गली निवासी नवीन ने बताया कि जब वह शाम को खाना खाकर गली में घूम रहा था तभी चांद, निहाल, नसीब व अभिषेक ने उसे घेर लिया और चांद ने चाकू निकाल कर उस पर हमला कर दिया, जिससे वह लहूलुहान होकर वहीं गिर गया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर एकत्रित हो गए तो आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पीडित ने पुलिस को बताया कि कुछ दिन पहले आरोपियों के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी और उसी पुरानी रंजिश के चलते उस पर यह जानलेवा हमला किया गया है। पुलिस ने इस संबंध में पीडित युवक की शिकायत पर नामजद आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# विश्वकर्मा मन्दिर व धर्मशाला गन्नौर के सुलेखचंद बने प्रधान

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर। विश्वकर्मा मन्दिर** व धर्मशाला गन्नौर मंडी में भगवान विश्वकर्मा जयंती के उपरान्त मन्दिर कमेटी बदलाव को लेकर बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता चन्द्रभान जागड़ा ने की। बैठक में सर्वसम्मति से सुलेखचंद पांचाल को प्रधान, उपप्रधान राकेश पांचाल, सचिव जोगेन्द्र धीमान, कोषाध्यक्ष विनोद जागड़ा को बनाया गया। नवनियुक्त कार्यकारिणी का विश्वमा मन्दिर व धर्मशाला के सदस्यों ने स्वागत किया। नवनियुक्त प्रधान सुलेखचंद ने कहा कि वे मन्दिर



व धर्मशाला के विकास को लेकर काम करेंगे। सचिव जोगेन्द्र धीमान ने कहा कि उन्हें समाज के लोगों ने जो जिम्मेदारी दी है, उसका वे ईमानदारी व धर्मशाला के विकास के लिए काम करेंगे। इस मौके पर समाज के गणमान्य लोग मौजूद थे।

# लड़की की अश्लील वीडियो बना इंस्टाग्राम पर किया वायरल

**जींद। महिला थाना** पुलिस ने जुलाना थाना क्षेत्र में नाबालिग लड़की की अश्लील वीडियो इंस्टाग्राम पर वायरल करने पर तीन लोगों के खिलाफ अश्लील हरकत करने, आईटी एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। जुलाना थाना इलाके के एक व्यक्ति ने शुक्रवार को पुलिस को दी शिकायत में बताया कि धक्का बस्ती हिसार निवासी प्रिंस ने उसकी नाबालिग बेटी की अश्लील वीडियो बना कर इंस्टा पर वायरल कर दी। जब उसे बेटी की अश्लील वीडियो वायरल करने के बारे में पता चला तो प्रिंस व उसके परिजनों ने सख्त आपत्ति जताई।

# साहित्यकारों ने अपनी रचनाओं से दिखाया है समाज को सही रास्ता

**टीम एक्शन इंडिया**
**रोहतक: उपायुक्त एवं जिला** रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष अजय कुमार के मार्गदर्शन में रेडक्रॉस भवन के सभागार में नशा मुक्ति एवं रक्तदान पर सेमिनार का आयोजन किया गया। इस दौरान नशा-नाश की जड़ पुस्तक का विमोचन भी किया गया। वहीं दूसरी ओर प्रज्ञा साहित्यिक मंच के सहयोग से काव्य गोष्ठी भी आयोजित की गई। जिला स्तरीय इस सेमिनार में वरिष्ठ और सीनियर सिटीजन, साहित्यकार और कलाकार शामिल हुए और नशा मुक्ति पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम के दौरान डॉ. रमाकांता द्वारा सरजीत नाटक नशा नाश की जड़ का भी विमोचन किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा




साहित्य अकादमी पंचकूला से पुरस्कृत डॉ मधुकांत भी उपस्थित रहे, जिन्होंने रक्तदान पर भी दो दशक से अधिक समय तक विभिन्न माध्यमों से युवाओं को रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया है। डॉ रमाकांता ने भी पुस्तक के बारे में विस्तार से बताया और कहा कि साहित्यकारों ने अपनी रचनाओं से समय-समय पर समाज को सही रास्ता दिखाने का काम किया है और वर्तमान समय में युवाओं को नशे से दूर ले जाना हम सभी का दायित्व बनता है। इसलिए साहित्यकारों और कलाकारों को इस तरफ और अधिक काम करना होगा। इस अवसर पर बलबीर सिंह ढाका और कवयित्री ब्रजलता ने अपनी प्रभावशाली रचना पढ़ी। कार्यक्रम में मंच संचालन के रूप में श्यामलाल कौशल ने अपनी भूमिका निभाई। कार्यक्रम में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के पूर्व डायरेक्टर एवं अभिनेता जनार्दन शर्मा ने भी अपने अनुभव साझा किए और कहा कि कलाकार, कला और साहित्य तीनों एक साथ युवाओं का मार्गदर्शन कर सकते हैं। रेडक्रॉस सचिव श्याम सुंदर ने कहा कि रक्तदाताओं और नशा मुक्ति पर काम करने वाली संस्थाओं के लिए रेडक्रॉस भवन एक अच्छा मंच है, जहां से युवाओं को जागरूक किया जा सकता है।

# छठ पूजा महोत्सव को लेकर पूर्वांचलियों में उत्साह

**टीम एक्शन इंडिया**
**गुरुग्राम: पूर्वांचल मूल** के गुरुग्राम में रह रहे लोगों का प्रतिनिधित्व करने वाली सामाजिक संस्थाएं छठ पूजा महोत्सव की तैयारियों में जुटी हुई हैं। आयोजन की तैयारियों का लेकर जहां पूजा स्थल की साफ-सफाई कर बेदी व घाट बनाए जा रहे हैं, वहीं संस्था के सदस्यों को जिम्मेदारियां भी सौंपी जा रही हैं। छठ पूजा कमेटी के संयोजक धर्मवीर भारती ने कहा कि पूर्वांचल मूल के महिला-पुरुष व बच्चों ने मिलकर सूरत नगर क्षेत्र स्थित छठ घाट की सफाई कर बेदी का निर्माण किया। मंगलवार से चार दिवसीय छठ पूजा का महोत्सव शुरू हो रहा है, जिसको लेकर पूर्वांचलियों में उत्साह देखने को मिल रहा है। आयोजन को सफल बनाने के लिए टीम के सदस्यों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। बेदी बनाने में खुशी, चांदनी, रिंकू, नेहा, संजना, नंदनी, रंजना, सोनम, स्वाति आदि जुटी हुई हैं, जिन्होंने अभी तक 51 बेदियां बनाई हैं। आयोजन की व्यवस्था में संस्था के चंदन कुमार, परमेंदु यादव, शेखर सिंह, प्रभात रंजन, डा. मंडल, केपी सिंह, मनोज मेहता, वीरेंद्र यादव, सुनील कुमार, सुरेंद्र शर्मा, रामरतन आदि जुटे हुए हैं।

# किसानों को पिछले साल से अधिक मिल रहे कपास के भाव

**टीम एक्शन इंडिया**
**जींद: इस साल** कपास के भाव जरूर किसानों को कुछ राहत देने का काम कर रहे हैं। कपास की आवक बेशक बीते साल से कम इन दिनों हो लेकिन कपास के भाव बीते साल से अधिक किसानों को प्राइवेट कपास की बोली पर मिल रहे है। अब तक बीते साल की अपेक्षा 23 प्रतिशत के आसपास कम कपास की आवक हुई है। इस साल अब तक 19978 क्विंटल कपास मंडी आ चुकी है। बीते साल इन दिनों तक 26243 क्विंटल आ चुकी थी। इस साल 6265 क्विंटल



कपास मंडी कम आई है। इन दिनों कम से कम 7280 रुपये प्रति क्विंटल तो अधिक से अधिक 7765 रुपए प्रति क्विंटल तक भाव मिल रहे हैं। बीते साल इन दिनों कम से कम 5805 रुपये प्रति क्विंटल तो अधिक से अधिक 6995 रुपये प्रति क्विंटल तक के भाव मिल रहे थे। किसान राजू, सुलतान, बलजोर ने कहा कि इस साल भाव कपास के बीते साल से अधिक मिल रहे है।

# जींद मामूली कहासुनी में युवक को गोली मार किया घायल

**टीम एक्शन इंडिया**
**जींद: गांव उचाना कलां** में आपसी कहासुनी के चलते कुछ युवकों ने एक युवक पर फायर कर दिया। आसपास लोगों द्वारा घायल युवक को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने उसकी हालत गंभीर देख पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया। घटना की सूचना पाकर उचाना थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने घायल युवक के भाई की शिकायत पर सात युवकों के खिलाफ जानलेवा हमला करने, शस्त्र अधिनियम सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए दो युवकों को गिरफ्तार भी कर लिया है। पुलिस दोनों आरोपितों से अन्य युवकों के बारे में पूछताछ कर रही है। गांव उचाना कलां निवासी सुमित ने शनिवार को पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका भाई साहिल गांव की चौपाल के पास खड़ा हुआ था। जहां पर उसकी सचिन, सोमबीर व उसके साथियों से कहासुनी हो गई। नौबत आपस में मारपीट तक जा पहुंची। उसी दौरान सचिन व उसके साथियों ने अपने पास मौजूद असलहा से फायर कर दिया। गोली उसके भाई के सिर में जा लगी।

# महर्षि वाल्मीकि मंदिर में हुआ अंकूट के प्रसाद का वितरण

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़। शहर के** मोहल्ला वाल्मीकि के महर्षि वाल्मीकि मंदिर में शनिवार को गोवर्धन पूजन पर अंकूट का प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नवनिर्वाचित विधायक कंवर सिंह यादव। इस दौरान मंदिर में गोबर से गोवर्धन भगवान की प्रतिमा बनाकर पूजा-अर्चना की। मंदिर परिसर में तैयार किए गए अन्नकूट के प्रसाद में मूंग, चावल, कढ़ी, बाजरा, सब्जी आदि जैसे विभिन्न प्रकार के भोजन शामिल थे। यह प्रसाद भक्तों में वितरित किया गया।



विधायक कंवर सिंह यादव ने अन्नकूट के प्रसाद के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह प्रसाद न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से, बल्कि समाज को एकजुट करने और स्वास्थ्य के लिए भी महत्वपूर्ण है। यादव ने अन्नकूट के प्रसाद के सामाजिक और वैज्ञानिक महत्व को रेखांकित किया। इस मौके पर प्रधान, पंकज उपप्रधान संजय सिंदी, नगर पार्षद विष्णु वाल्मीकि, रामबिलास, बिश्नदयाल, प्रकाश सिरसवाल, सनी, रमेश सिंदी, संदीप सिरसवाल, पवन पवन सहित समाज के अनेक लोक उपस्थित रहे।

# राजेंद्र सिंहल द्वारा धूमधाम से मनाया गया गोवर्धन पर्व, पहुँचे सांसद चंदौलिया








**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के नरेला(घोघा गाँव) स्थित सुरभि कृषि संस्थान में प्रसिद्ध गौसेवी और भारत माता कल्याण प्रन्यास के महामंत्री राजेंद्र प्रसाद सिंहल द्वारा हर साल की तरह इस साल भी धूमधाम से गोवर्धन महापर्व मनाया गया। आपको बता दें कि इस मौके पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुँचे।
आपको बतादें कि इस कार्यक्रम की शुरूआत श्री गोवर्धन महाराज की विधिवत पूजा के साथ हुई। इस मौके पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुँचे।

## गोवर्धन पूजा का भव्य आयोजन

- प्रसिद्ध गौसेवी राजेंद्र प्रसाद सिंहल ने किया भव्य आयोजन
- गोवर्धन महाराज के विशाल प्रतिरूप के दर्शन करने पहुँचे श्रद्धालु
- लोकसभा सांसद योगेन्द्र चंदौलिया ने भी की शिरकत

**भजन गायकों के गीतों पर झूमें भक्त:** इस दौरान प्रसिद्ध भजन गायक तरुण शांडिल्य और आनंद लखन शांडिल्य ने गोवर्धन महाराज के सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी। आये हुए सभी श्रद्धालुओं ने कार्यक्रम का खूब लुत्फ उठाया।
**कार्यक्रम के दौरान अन्नकूट भंडारे का हुआ आयोजन:** इस दौरान विशाल अन्नकूट भंडारे का भी आयोजन किया गया। भंडारे में हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में वनवासी कल्याण आश्रम के छोटे-छोटे बच्चे भी शामिल हुए। कार्यक्रम की देख-रेख से लेकर सभी व्यवस्था में अग्रवाल सेवा संघ के प्रचार मंत्री राहुल सिंहल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।
**ये लोग रहे मौजूद:** उत्तर पश्चिम सांसद योगेंद्र चंदौलिया, जिला अध्यक्ष उत्तर पश्चिम भाजपा सत्यनारायण गौतम, एक्शन इंडिया समूह के मैनेजिंग डायरेक्टर रवि भारद्वाज, निगम पार्षद योगेश राणा, पूर्व विधायक नीलदमन खत्री, पूर्व स्टेडिंग कमेटी चैयरमेन मोहन भारद्वाज, पूर्व निगम पार्षद रामनारायण भारद्वाज, पूर्व निगम पार्षद राजकरण खत्री, पूर्व डिप्टी मेयर अर्चना दिलीप, मनोनीत निगम पार्षद लक्ष्मण आर्य, उपाध्यक्ष भाजपा कर्म सिंह कर्मा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य भाजपा सौरभ खत्री, लोकसभा सह प्रभारी उत्तर पश्चिम किसान मोर्चा पवन खत्री (मोनी),संजय खत्री, जोगिंदर दहिया, प्रदीप भारद्वाज, अजय कुमार, वीरेंदर कौशिक सुरेश खत्री सहित सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे।





**योगेन्द्र चंदौलिया, सांसद:** आज बड़े ही भव्य रूप में गोवर्धन पूजा का आयोजन किया गया। मैं इसके लिए प्रसिद्ध गौसेवी राजेंद्र प्रसाद सिंहल का धन्यवाद करता हूं। साथ ही प्रभु से प्रार्थना करता हूं प्रभु सभी की मनोकामनाएं पूर्ण करें।


**राजेंद्र प्रसाद सिंहल, प्रसिद्ध गौसेवी व भारत माता कल्याण प्रन्यास के महामंत्री:** मैं सभी को गोवर्धन पूजा की शुभकामनाएं देता हूं और भगवान से प्रार्थना करता हूं भगवान सभी के जीवन में अपार खुशियां लाये।


**मोहन भारद्वाज, पूर्व निगम पार्षद:** हमारे देश में त्योहारों का विशेष महत्व है, हम सभी मिलजुल कर त्योहार मनाते है। आज बड़े ही भव्य रूप में सुरभि कृषि संस्थान में गोवर्धन पूजा का आयोजन किया गया है। मैं सिंघल जी को बधाई देता हूं।


**राहुल सिंहल, प्रचार मंत्री, अग्रवाल सेवा संघ:** मैं कार्यक्रम में आये हुए सभी गणमान्य लोगों का स्वागत व धन्यवाद करता हूं और हमारा परिवार इसी प्रकार से भारतीय संस्कृति का प्रचार और प्रसार करने में हमेशा ही आगे रहेगा।


**रवि भारद्वाज, समूह संपादक, एक्शन इंडिया:** आज बड़े ही भव्य रूप में प्रसिद्ध गौसेवी राजेंद्र प्रसाद सिंहल के द्वारा नरेला में गोवर्धन पूजा का आयोजन किया गया। मैं सभी को गोवर्धन पूजा की बधाई और शुभकामनाएं देता हूँ।

# नवनियुक्त कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्षों का हुआ स्वागत




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली विधानसभा** की चुनावी सरगर्मी के चलते पिछले सप्ताह दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने दिल्लीवालों दिल्ली चलाओ न्याय रथ को रवाना किया साथ ही दो दिन पहले दिल्ली न्याय यात्रा की घोषणा कर जनता से सीधा जुड़ने का उचित कदम उठाया है। इसी कदम को मजबूत मूर्तरूप देने के लिए दिल्ली में कई नए ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति भी की है। इसी क्रम में करावल नगर जिले में भी 8 नए ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति में से 3 ब्लॉक अध्यक्ष बुराड़ी विधान सभा में चयनित हुए हैं। उन्हीं तीनों नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्षो ने करावल नगर जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज के कार्यालय पर पहुंच कर जिलाध्यक्ष और प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव का धन्यवाद प्रकट किया। जहां जिलाध्यक्ष ने तीनों नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्षों का शाल ओढ़ाकर उनका स्वागत किया और उनके उज्वल भविष्य की कामना की।
जिला कार्यालय पर पहुंचे बुराड़ी विधानसभा के पांचों ब्लॉक अध्यक्षों ने न सिर्फ विधानसभा में 4 और 5 नवंबर को पहुंच रहे न्याय रथ के मार्ग और लोकेशन पर चर्चा की बल्कि देवेंद्र यादव के नेतृत्व में 8 नवंबर से शुरू की जा रही दिल्ली जोड़ो न्याय यात्रा के रूट मैप पर भी मंथन किया। जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज ने बताया कि हम चाहते हैं कि दिल्ली वालो दिल्ली चलाओ न्याय रथ को ऐसी लोकेशंस पर पहुंचाया जाए जहां ज्यादा से ज्यादा लोग न्याय रथ पर लगी चेयर पर बैठ अपने विचारों को दिल्ली के साथ साझा कर सकें ताकि हम उनकी समस्याओं को अपने मेनिफेस्टो में स्थान दे सकें।
इस बैठक में कादीपुर ब्लॉक अध्यक्ष खेमचंद सैनी, बुराड़ी ब्लॉक अध्यक्ष रवींद्र त्यागी, संतनगर ब्लॉक अध्यक्ष सुजीत कुमार, झड़ौदा ब्लॉक अध्यक्ष प्रवीण भडाना और मुकुंदपुर ब्लॉक अध्यक्ष राजन पांडे के साथ-साथ सुरेंद्र कोच, संजीव भारद्वाज, सुखबीर सैनी, एडवोकेट शुक्ला, एडवोकेट आदित्य भारद्वाज और देवेंद्र कुमार, रेखा रानी, राज ठाकुर, मिथलेश माथुर, बलजीत शर्मा मौजूद रहे।

# सुशील जोंटी ने लिया छठ घाट की तैयारियों का जायजा




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा की तैयारियों को लेकर केशवपुरम जोन के डिप्टी चेयरमैन व निगम पार्षद सुशील जोंटी ने संगम पार्क वार्ड के अन्तर्गत आने वाले इलाके लाल बाग स्थित रामलीला पार्क में छठ घाट की तैयारियों का जायजा लिया।
इस दौरान उन्होंने बताया कि छठ पूजा के लिए खुदाई का कार्य प्रारंभ हो चुका है और शेष बचें हुए सारे छठ घाटों पर भी खुदाई का कार्य जल्द ही आरंभ होने जा रहा हैं। उन्होंने आगे बताया कि चांदनी चौक लोकसभा के सांसद प्रवीण खंडेलवाल के नेतृत्व में छठ पूजा को लेकर विशेष तैयारी की जा रही है।
उन्होंने कहा कि सभी को छठ मईया की पूजा करनी चाहिए। जो भक्त छठ मईया की पूजा करता है, उसकी मनोकामनाएं अवश्य ही पूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि मैं छठ मईया से प्रार्थना करता हूं कि छठ मईया सभी की मनोकामनाएं पूर्ण करें।

# मंडल अध्यक्ष कृष्ण पाल ने वोटर कैंप का किया आयोजन




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले संत नगर वार्ड नंबर-9 के मंडल अध्यक्ष कृष्ण पाल के नेतृत्व में वोटर कार्ड कैंप का आयोजन किया गया।
इस दौरान क्षेत्र के सैंकड़ों लोगों ने इस कैंप का भरपूर लाभ उठाया।
कैंप का आयोजन मंडल अध्यक्ष कृष्ण पाल के कार्यालय पर किया गया। कैंप आयोजन के दौरान मंडल अध्यक्ष सहित शक्ति केंद्र प्रमुख वागीश शंकर शुक्ला भी मौजूद रहे। इसी बीच भाजपा के कई कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।
इस मौके पर मंडल अध्यक्ष कृष्ण पाल सिंह ने कहा कि स्थानीय लोगों द्वारा इस कैंप का भरपूर लाभ उठाया गया और हमारी संत नगर मंडल की टीम को धन्यवाद दिया। इसके साथ ही कृष्ण पाल ने कहा कि हम आने वाले दिनों में ऐसे ही वोटर कार्ड कैंप का आयोजन लगातार करते रहेंगे, ताकि स्थानीय लोगों को इसका ज्यादा से ज्यादा लाभ मिल सके। तो वहीं उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान लोगों को वोटिंग करने में आईडी की काफी परेशानी आती है जिस वजह से लोगों का वोट भी छूट जाता है जिस वजह से भ्रष्ट सरकार सत्ता में आकर देश का माहौल भी बिगाड़ देती है, इसी बात को ध्यान रखते हुए मैं और मेरी टीम समय-समय पर ऐसे ही वोटर कैंप का आयोजन करती रहेगी जिससे लोगों को भी असुविधाओं का सामना न करना पड़े।

# भाजपा के मंडल अध्यक्ष भुवनेश सिंघल ने बच्चो में बांटी चॉकलेट



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दीपावली के अवसर पर भाजपा भजनपुरा मण्डल के अध्यक्ष भुवनेश सिंघल ने भजनपुरा मैन मार्किट में नए अंदाज में दीपावली मनाई। उन्होंने मार्किट में आने वाले सभी लोगों को मिठाई के रूप में चॉकलेट वितरित कर दीपावली की शुभकामनाएं दी व जय श्रीराम के जयकारे लगवाए। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ता व सैकड़ों क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# गोवर्धन पूजा का हुआ आयोजन, पहुंचे विजेन्द्र यादव




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: अखिल** भारतीय यदुवंशी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजेंद्र यादव ने दिल्ली के किराड़ी में आदर्श यादव समाज संगठन के साथ गोवर्धन पूजा मनाई और अहीर रेजिमेंट के ऊपर विस्तार से चर्चा भी हुई। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 17 नवंबर दिन रविवार सुबह 11:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक यादव शौर्य दिवस मनाया जाएगा। आपको बतादें कि किराड़ी में बड़े ही भव्य रूप में गोवर्धन पूजा का आयोजन किया गया। इस मौके पर कई गणमान्य लोग मौजूद रहे और अपने-अपने विचार रखें। इस मौके पर अखिल भारतीय यदुवंशी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजेंद्र यादव, दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष मनीष यादव, राष्ट्रीय महासचिव एवं बिहार प्रभारी रास बिहारी मंडल, राष्ट्रीय महासचिव जीडी यादव, कमल किशोर यादव, मुन्ना यादव सहित तमाम पदाधिकारी गण मौजूद रहे। यदुवंशी महासभा के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष मनीष यादव ने सभी यदुवंशियों से आग्रह किया कि 17 नवंबर दिन रविवार को ज्यादा से ज्यादा संख्या में दिल्ली के जंतर मंतर पर अपने दल बल के साथ पहुंचे।

# छठ पूजा में कुछ ही दिन शेष, मगर सरकार की ओर से कोई सहायता नहीं: विनित कुमार



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** जनहित पूर्वांचल सोसाइटी नरेला व तीर्थ यात्रा विकास समिति दिल्ली सरकार द्वारा पिछले 22 वर्षो से छठ महोत्सव का आयोजन सैक्टर-ए 10 पॉकेट1 डीडीए पार्क नरेला दिल्ली में किया जा रहा है।
उक्त जानकारी जनहित पूर्वांचल सोसाइटी नरेला के महासचिव विनित कुमार ने दी। उन्होंने आगे बताया कि हर वर्ष की भांति छठ महोत्सव का आयोजन इस वर्ष भी होना है। उन्होंने कहा कि आज से केवल 4 दिन ही छठ पूजा में बचे है पर सरकार द्वारा न आज तक तालाब बनाया गया है न कोई टेंट लगना चालू हुआ जबकि पहले दीपावली दिन तक तालाब तैयार कर दिया जाता था पर दीपावली बीते 3 दिन हो गए न तालाब तैयार हुआ है न छठ घाट की सफाई हुई है न अभी तक कोई टेंट ठेकेदार आया है और न ही सरकार द्वारा कुछ बताया जा रहा है कि कब और कितना टेंट का सामान मिलेगा। उन्होंने आगे बताया कि जबकि पिछले साल महज 20 प्रतिशत सामान मिला था बाकी सभी सामान संस्था को अपने पैसे से लगवाना पड़ा था। छठ पूजा के नाम पर राजनीति करने वाले तो सब है परंतु सुध लेने वाला कोई नहीं है।

# भाई दूज पर दो घंटा पहले उपलब्ध होंगी नमो भारत ट्रेन की सेवाएं



**टीम एक्शन इंडिया**

**गाजियाबादः नमो** भारत ट्रेन की सेवाएं भाई दूज के अवसर पर रविवार, 3 नवंबर को नियमित समय से दो घंटे पहले आरंभ की जाएंगी। एनसीआरटीसी ने भाई दूज के मद्देनजर यह निर्णय लिया है, ताकि आने वाले यात्रियों को आवागमन में सुविधा व सहूलियत मिल सके। दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर पर नमो भारत ट्रेन सेवाएं रविवार को सुबह 8:00 बजे के बजाय सुबह 6:00 बजे से संचालित की जाएंगी। यह रात 10:00 बजे तक जारी रहेंगी। आमतौर पर, नमो भारत ट्रेन सोमवार से शनिवार तक सुबह 6 बजे और रविवार को सुबह 8 बजे से संचालित होती है। यात्रियों की अनुमानित संख्या को ध्यान में रखते हुए, आवश्यकता पड़ने पर ट्रेनों के फेरे भी बढ़ाए जा सकते हैं, ताकि सभी के लिए एक सहज और आरामदायक यात्रा का अनुभव सुनिश्चित हो सके। प्रत्येक नमो भारत ट्रेन में सुविधा को ध्यान में रखते हुए एक महिला कोच उपलब्ध है, जो मेरठ की ओर यात्रा करते समय दूसरा कोच है, जबकि दिल्ली की दिशा में दूसरे-से-अंतिम कोच है। इसके अतिरिक्त सुविधा और सुगमता को ध्यान में रखते हुए अन्य कोचों में महिलाओं के लिए आरक्षित सीटें उपलब्ध हैं। सभी नमो भारत ट्रेनें और स्टेशन सार्वभौमिक रूप से सुलभ हैं, जो अलग-अलग जरूरत वाले यात्रियों के लिए एक सहज और समावेशी यात्रा अनुभव सुनिश्चित करते हैं।

दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर पर नमो भारत ट्रेनों ने हाल ही में संचालन का एक वर्ष पूरा किया है। साहिबाबाद से मेरठ साउथ के बीच नौ स्टेशनों को जोड़ने वाले 42 किलोमीटर लंबे सेक्शन पर 40 लाख से अधिक यात्रियों ने अभी तक नमो भारत ट्रेन सेवा का आनंद लिया है।

ये कॉरिडोर जल्द ही साहिबाबाद से न्यू अशोक नगर सेक्शन सेक्शन के जुड़ने के साथ 54 किलोमीटर तक विस्तारित होने वाला है, जिसके लिए वर्तमान में ट्रायल रन जारी हैं। इस विस्तार में आनंद विहार और न्यू अशोक नगर जैसे प्रमुख स्टेशन शामिल हैं, जिससे कनेक्टिविटी और मजबूत होगी और एनसीआर में यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए अधिक सुविधाजनक पारगमन विकल्प उपलब्ध होंगे।

# डेंगू प्रभावित क्षेत्रों का मंत्री ने किया दौरा, एंटीलार्वा के छिड़काव के दिये निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ : नगर** विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने लखनऊ के डेंगू प्रभावित क्षेत्रों जोन-01 के बालूअड्डा और गोमतीनगर के विकासखंड पहुंचकर वहां की साफ सफाई का औचक निरीक्षण किया। डेंगू पीड़ितों से मिलकर उनका हाल-चाल जाना और एंटीलार्वा का छिड़काव कराने व फागिंग कराने के निर्देश दिये। नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा निरीक्षण के लिए पहले बालूअड्डा पहुंचे, वहां पर प्रयाग नारायण रोड के डेंगू पीड़ित ए.के.शर्मा, अजय सिंह और बृजेश सिंह से मुलाकात कर उनका हाल-चाल लिया। बालू अड्डा के संजय गांधी नगर में ओम प्रकाश शर्मा की पुत्री अनुष्का, अजय श्रीवास्तव से मुलाकात की और उनके स्वास्थ्य



का हाल-चाल लिया। मंत्री बालूअड्डा के निवासियों को डेंगू से बचाव के लिए जागरूकता हेतु पैम्फलेट भी वितरित किए और क्षेत्र में साफ सफाई को लेकर जागरूक रहने को कहा। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को भी बेहतर साफ सफाई कराने तथा क्षेत्र में एंटीलार्वा का छिड़काव कराने व फागिंग कराने के निर्देश दिए।

मंत्री ने वहां पर 10 सफाई कर्मियों को स्वच्छता किट देकर स्वच्छता कार्यों को बेहतर तरीके से करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने बालूअड्डा तिराहे पर लगी पानी की टंकी की टोटियों से लगातार बह रहे पानी को रोकने के लिए टोटियों को बदलने का भी निर्देश दिया। मंत्री ने वहां पर 20 सफाई मित्रों को स्वच्छता किट देकर सम्मानित कर सफाई कार्यों के लिए प्रोत्साहित किया।

## संक्षिप्त खबरें

### बिजली करंट से भाई-बहन की मौत, मां की हालत गंभीर

**फतेहपुर**

**जिले** में शनिवार को बिजली का तार टूटकर साइकिल पर गिरने से भाई-बहन की करंट लगने से मौत हो गई। वहीं मां गंभीर रूप से घायल हो गई, जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। थाना चांदपुर क्षेत्र के बीघनपुर गांव निवासी जगत नारायण का पुत्र शिवकार(15)किसी काम से बरामदे में खड़ी साइकिल लेने गया था, तभी बिजली का तार टूट कर साइकिल में छू गया और वह करंट की चपेट में आ गया। अपने भाई को करंट से चिपका देख बड़ी बहन ज्योति (22) उसे बचाने दौड़ी, लेकिन वह भी करंट में फंस गई। इसके बाद मां शिया जानकी (45) भी बच्चों को बचाने के प्रयास में करंट की चपेट में आ गईं। छोटी बहन कशिष (05) ने यह भयावह दृश्य देखकर रोते हुए पड़ोसियों को बताया, पडोसियों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर डंडों की मदद से तीनों को करंट से अलग किया। सभी को जहानाबाद के एक निजी अस्पताल ले गये, जहां डॉक्टरों ने भाई-बहन को मृत घोषित कर दिया। मां की हालत गंभीर बताई जा रही है और उनका इलाज जारी है। थानाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस गांव पहुंच गई है। मृतकों के शव घर में हैं और पिता जगत नरायण, जो नागपुर में एक प्राइवेट फैक्ट्री में कार्यरत है, के आने का इंतजार हो रहा है। उसी की अनुमति के बाद उचित कानूनी कार्यवाही की जायेगी।

### पत्रकार देवेन्द्र राय की सड़क हादसे में मौत

**प्रयागराज**

**झूंसी** निवासी पत्रकार देवेंद्र राय उर्फ लकी (42) सिविल लाइंस में किराए के मकान में रहते थे। शुक्रवार की रात ढाई बजे के लगभग वह बाइक से घर लौट रहे थे। चकिया इलाके के करबला के पास उनकी बाइक असंतुलित होकर डिवाइडर से टकरा गई। इससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में वह गम्भीर रूप से घायल हो गए थे। सिर मे अधिक चोट लगने के कारण खून काफी बह गया था। अस्पताल ले जाने तक उनकी सांसें थम गईं। घटना से परिवार में कोहराम मच गया है। देवेन्द्र राय कई लोकल और नेशनल इलेक्ट्रॉनिक टीवी चैनलों में काम कर चुके थे। वर्तमान में भी एक निजी चैनल से जुड़े थे। उनके निधन पर पत्रकारों में शोक की लहर दौड़ गई। शनिवार की सुबह बड़ी संख्या में लोग सांत्वना व्यक्त करने उनके आवास पहुंचे।

### ट्रेन की चपेट में आकर दो बालकों की मौत

**मीरजापुर**

**नरायनपुर** रेलवे स्टेशन के समीप करहट गांव के सामने शनिवार की सुबह रेलवे ट्रैक पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से दो बालकों की मौत हो गई। चौकी इंचार्ज नरायनपुर प्रदीप सिंह ने बताया कि राम आशीष (10) पुत्र काशी वियार व सत्यम सोनकर (8) पुत्र हीरालाल गोवर्धन पूजा के लिए सामान लेने घर से निकले थे। रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से उनकी मौत हो गई। रेलवे स्टेशन नरायनपुर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने घटनास्थल से मृत बालकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दोनों बच्चों की मौत से गांव में सन्नाटा पसर गया।

### कानपुरः दवा की दुकान में लगी भीषआग, छह लोगों को जिंदा बचाया

**कानपुर**

**बिरहाना** रोड स्थित दवा मार्केट की एक दुकान में शनिवार को भीषण आग लग गई। आग लगने से वहां अफरा-तफरी मच गई। दुकान के दूसरे तल पर आग में छह लोग फंस गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंचे अग्निशमन दल के जांबाज कर्मचारियों ने आग में फंसे लोगों को बाहर निकाला और अथक प्रयास करके आग पर काबू पाने में कामयाब हो गए। मुख्य अग्निशमन अधिकारी दीपक शर्मा ने बताया कि बिरहाना रोड स्थित दवा मार्केट में विकास गुप्ता की दवा की दुकान शिवा फार्मा के नाम से है। शनिवार को उसकी दुकान में अचानक भीषण आग लग गई। आग लगते ही वहां अफरा-तफरी का माहौल हो गया। दुकान के दूसरे तल पर आग की वजह से छह लोग फंस गए। उनकी चीख पुकार सुनकर लोगों ने तत्काल पुलिस एवं अग्निशमन दस्ते को सूचना दी।

## पत्रकार दिलीप सैनी की हत्या के विरोध में प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**

**फतेहपुर : पत्रकार** दिलीप सैनी की हत्या के विरोध में शहर के पत्रकारों ने एकजुट होकर विरोध प्रदर्शन किया। पत्रकारों ने आरोपितों की तुरंत गिरफ्तारी और पीड़ित परिवार को मुआवजा दिए जाने की मांग की। पत्रकारों ने हाथों में दफ्तियां लेकर मार्च निकाला और न्याय की मांग करते सभी आरोपितों की गिरफ्तारी न किये जाने पर नाराजगी जताई। पत्रकारों ने कलक्ट्रेट में प्रदर्शन कर जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। आरोपितों की जल्द गिरफ्तारी और मृतक के परिवार के लिए आर्थिक सहायता की मांग की गई है।

# महाकुंभ : हजारों परिवार को मिलेगा रोजगार

**टीम एक्शन इंडिया**

**प्रयागराज :उत्तर** प्रदेश की योगी सरकार प्रदेश में पारम्परिक भारतीय मूल्यों और ह्लअतिथि देवो भव ह्व की संकल्पना पर पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं और वातावरण प्रदान कर रही है। सरकार के इस भागीरथ प्रयत्न से प्रदेश में पर्यटन सेक्टर का कायाकल्प हो रहा है। महाकुम्भ जैसा विशाल जन समागम इसे बड़ा मंच प्रदान कर रहा है। पर्यटन को गति देने के लिए पूरे प्रयागराज में विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, जिससे महाकुम्भ के दौरान न सिर्फ वेंडर्स और सेवा प्रदाताओं की आय बढ़ेगी, बल्कि 45 हजार से अधिक परिवारों को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार भी मिलेगा। इसके साथ ही समस्त धार्मिक पर्यटन स्थलों के आसपास भी रोजगार के नए स्रोत विकसित होंगे।

**कौशल विकास और प्रबंधन से यूपी में बदल रही पर्यटन की तस्वीरः** उत्तर प्रदेश में वर्ष 2017 से उपेक्षित पड़े पर्यटन सेक्टर को प्रदेश की योगी सरकार ने नया आयाम दिया है। 16 नवम्बर, 2022 को उत्तर प्रदेश की नई पर्यटन नीति-2022 को मंजूरी मिलने के बाद पर्यटन क्षेत्र के विकास का नक्शा बदलना शुरू हुआ। नई पर्यटन नीति से प्रदेश में 20 हजार करोड़ के निवेश और 10 लाख लोगों को रोजगार देने का लक्ष्य रखा गया है। इसमें भी




सबसे पहले पर्यटन सेक्टर से जुड़े सर्विस प्रोवाइडर को कौशल विकास और प्रबंधन से जोड़ना महत्वपूर्ण है। महाकुम्भ इसमें बड़ा मंच साबित हो रहा है। प्रयागराज की क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अपराजिता सिंह का कहना है कि महाकुम्भ में पर्यटकों से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से सम्पर्क में आने वाले सभी सेवा प्रदाताओं को प्रशिक्षित करने का अभियान शुरू किया गया है। नाविकों, टूर गाइड, स्ट्रीट वेंडर्स और स्ट्रीट वेंडर्स जैसे सेवा प्रदाताओं को कौशल विकास और मैनेजमेंट की ट्रेनिंग दी जा रही है।

**नाविकों को मिल रही नई भूमिका, रिवर गाइड होंगे नाविकः** उत्तर प्रदेश में धार्मिक स्थलों में नदियों में नौका संचालन से आजीविका चलाने वाले नाविकों की आय बढ़ाने और क्षमताओं का विकास कर योगी सरकार उन्हें नई भूमिका दे रही है।

पर्यटन विभाग 2000 नाविकों को इसका प्रशिक्षण दे रहा है। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अपराजिता सिंह बताती हैं कि पर्यटन विभाग ने मान्यवर कांशीराम पर्यटन प्रबंधन संस्थान और एक अन्य संस्था के साथ एक एमओयू साइन किया है जिसके अंतर्गत यह ट्रेनिंग चल रही है, जिसमें अभी तक 300 नाविकों को कौशल विकास की ट्रेनिंग दी जा चुकी है। इस प्रशिक्षण से नाविक अब नौकायन से आगे बढ़कर रिवर गाइड की भूमिका का निर्वहन कर सकेंगे। इससे नदियों में धार्मिक स्थलों के किनारे नाव चलाने वाले हजारों नाविकों को रोजगार मिलेगा और पर्यटन स्थलों का वातावरण भी बेहतर होगा।

# ज्ञान का दीप प्रज्वलित होना दीपावलीः समर्पण सागर

**टीम एक्शन इंडिया**

**मुरादाबाद : श्री पार्श्वनाथ** दिगंबर जैन मंदिर रामगंगा विहार में शनिवार को भगवान महावीर का 2551 वां निर्वाण महोत्सव धूमधाम व हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर बाल योगी गिरनार पीठाधीश्वर क्षुल्लक रत्न 105 श्री समर्पण सागर महाराज ने कहा कि जैन समाज में दीपावली पर महावीर स्वामी का निर्वाण दिवस मनाया जाता है। ज्ञान का दीप प्रज्वलित होना दीपावली है। समर्पण सागर महाराज ने आगे कहा कि महावीर स्वामी का निर्वाण कार्तिक कृष्ण चतुर्दशी के अंतिम प्रहर यानि अमावस प्रभात में हुआ था। शाम को गौतम गणधर को केवल ज्ञान मिला। इस कारण अमावस को सुबह भगवान को निर्वाण लड्डू समर्पित किया जाता है। इसके बाद शाम को गौतम गणधर को केवल ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। इसलिए शाम को ज्ञान का दीप जलाया जाता है। अर्थात घर पर दीपक जला कर दीपावली मनाई जाती है। आज से जैन संवत जिसे वीर निर्वाण संवत कहा जाता है वह भी बदल जाता है यानी कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा से संवत बदल कर 2550 के स्थान पर 2551 प्रारम्भ हो गया अर्थात नववर्ष शुरू हो गया। श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में निर्वाण पूजा का प्रारम्भ भगवान के अभिषेक के साथ प्रारम्भ हुआ।

प्रथम अभिषेक एवं शांतिधारा करने का सौभाग्य संदेश जैन जीएसटी कमिश्नर, आर्यन जैन एवं संदीप जैन अध्यक्ष जैन मन्दिर रामगंगा विहार परिवार को प्राप्त हुआ। मुख्य लड्डू समर्पित करने का सौभाग्य मुदित जैन, रुक्मणी जैन परिवार को प्राप्त हुआ।

## नववर्ष में मुरादाबाद रेल मंडल को मिल सकती है दो अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन

**मुरादाबाद : जनवरी** 2025 में रेलवे का नया टाइम टेबल जारी होने पर मुरादाबाद रेल मंडल को तीन नई ट्रेनें मिल सकती हैं। इसके अलावा दिल्ली से बिहार व पंजाब से बिहार के बीच मुरादाबाद होते हुए दो अमृत भारत एक्सप्रेस मिलने का अनुमान है। उत्तर रेलवे के मुरादाबाद रेल मंडल में वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक आदित्य गुप्ता ने शनिवार को बताया कि दिल्ली-दरभंगा और अमृतसर-सहरसा के बीच अमृत भारत ट्रेनें चलाने के लिए जोनल मुख्यालयों से रूट प्लान व समय सारिणी मांगी गई है। इसके बाद बोर्ड इस पर अंतिम मुहर लगाएगा।

# पर्यावरण-जैव विविधता के संरक्षण का संदेश



**टीम एक्शन इंडिया**

**उदयपुर : पूरे देश में** गोवर्धन पूजा का पर्व मनाया जा रहा है। इस अवसर पर आयोजित एक परिचर्चा में पर्यावरणविद् डॉ. अनिल मेहता ने कहा कि द्वापर युग में भगवान श्रीकृष्ण द्वारा बृजवासियों को सुख, समृद्धि, और प्राकृतिक आपदाओं से बचाव के लिए गोवर्धन पर्वत की पूजा का संदेश दिया गया था, जो आज भी प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण का यह संदेश पहाड़ों, पेड़ों, और पशुओं के संरक्षण की आवश्यकता को उजागर करता है। पर्यावरण और जैव विविधता संरक्षण के महत्व को समझाते हुए उन्होंने कहा कि भगवान ने जन-जन को इन प्राकृतिक संसाधनों से जोड़ दिया था। डॉ. मेहता ने कहा कि गोवर्धन पूजा का यह दिन पर्वतों और पहाड़ियों के संरक्षण के संकल्प का प्रतीक है। इस दिन हमें याद रखना चाहिए कि हाइड्रोलॉजी, इकोलॉजी, और बायोडायवर्सिटी की दृष्टि से पहाड़ अत्यंत महत्वपूर्ण हैं और इन्हें बचाकर हम स्वयं को सुरक्षित कर सकते हैं। वर्तमान जलवायु संकट के समय में श्रीकृष्ण के पर्वत संरक्षण के संदेश को अपनाने और उसे व्यवहार में लाने की आवश्यकता है।

**अरावली ग्रीन वॉल परियोजनाः संरक्षण का संकल्प**

विश्व की प्राचीनतम पर्वत श्रृंखला, अरावली, वर्तमान में गंभीर संकट का सामना कर रही है। शहरीकरण, होटल, रिजॉर्ट, और अन्य निमार्णों के कारण इसकी जल प्रवाह व्यवस्था और जैव विविधता पर खतरा मंडरा रहा है, जिससे यह क्षेत्र बाढ़ और मरुस्थलीकरण के संकट की ओर बढ़ सकता है। केंद्र सरकार ने इस संकट को रोकने के लिए अरावली ग्रीन वॉल प्रोजेक्ट शुरू किया है। पोरबंदर से पानीपत तक 1,400 किलोमीटर लंबी और 5 किलोमीटर चौड़ी ग्रीन बेल्ट इस योजना का एक प्रमुख हिस्सा है, जिसका उद्देश्य पश्चिमी रेगिस्तान के विस्तार को रोकना और अरावली की जैव विविधता को पुनर्स्थापित करना है।

# श्री काशी विश्वनाथ दरबार में मना अन्नकूट

**टीम एक्शन इंडिया**

**वाराणसीः दीपावली** पर्व के दूसरे दिन शनिवार को श्री काशी विश्वनाथ धाम में धूमधाम से अन्नकूट महोत्सव मनाया गया। कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि पर प्रतिवर्ष की भांति श्री काशी विश्वनाथ का 14 क्विंटल मिष्ठान से श्रृंगार किया गया। बाबा के गर्भगृह में मध्यान्ह भोग आरती में यह विशिष्ट भोग श्री विश्वेश्वर महादेव को अर्पित किया गया। भोग लगने के उपरांत प्रसाद को श्रद्धालुओं के मध्य वितरित किया गया। श्री काशी विश्वनाथ न्यास के अनुसार अन्नकूट महोत्सव विशेष रूप से भगवान कृष्ण



द्वारा की गई गोवर्धन पूजा की स्मृति के रूप में मनाया जाता है। अन्नकूट का अर्थ प्रचुर खाद्यान्न है। यह पर्व श्रद्धालुओं के समृद्धि एवं अन्न सुरक्षा के लिए सात्विक भक्ति और समर्पण के जरिए की जाने वाली प्रार्थना का प्रतीक है। बताया गया कि इस वर्ष अन्नकूट पर्व के अवसर पर श्री काशी विश्वनाथ महादेव का 14 क्विंटल मिष्ठान से श्रृंगार किया गया। इस श्रृंगार में विभिन्न प्रकार की मिठाइयाँ शामिल हैं। श्री काशी विश्वनाथ धाम में भोग आरती के पश्चात प्रसाद वितरण अन्नकूट पर्व का एक महत्वपूर्ण अंग है। अन्नकूट पर्व केवल एक पारंपरिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह सनातन एकता, सनातन बंधुत्व भाव और दान के महत्व को भी रेखांकित करता है।

इस दिन, भक्तगण एकत्र होकर न केवल श्री काशी विश्वनाथ की आराधना करते हैं, बल्कि एक-दूसरे के साथ मिलकर पर्वोल्लास का आदान-प्रदान भी करते हैं। यह पर्व सनातन धर्मियों में परस्पर एकजुटता और स्नेह द्वारा सनातन समाज में समृद्धि बढ़ाने का भी संदेश देता है। यह पर्व हमें सिखाता है कि सच्ची भक्ति और प्रेम के साथ सभी सनातनधर्मी एक वृहद सनातन परिवार के सदस्य हैं।

# 16, 17 व 18 नवंबर को फिरोजाबाद के सिरसागंज में महर्षि

**टीम एक्शन इंडिया**

**बिजनौरः आर्य** प्रतिनिधि सभा उत्तर प्रदेश लखनऊ के प्रधान देवेंद्र पाल सिंह आर्य ने बताया कि महर्षि दयानंद की 200वीं जयंती के अवसर पर आर्य गुरुकुल महाविद्यालय सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन 16, 17 एवं 18 नवंबर 2024 को किया जा रहा है। जिसमें उत्तर प्रदेश एवं अन्य राज्यों के सन्यासियों,आर्य समाज के विद्वानों एवं राजनेताओं द्वारा कार्यक्रम को संबोधित किया जाएगा। देवेंद्र पाल सिंह आर्य पश्चिमी उत्तर प्रदेश के भ्रमण कार्यक्रम के दौरान मुजफ्फरनगर से होते हुए शुक्रवार की शाम बिजनौर पहुंचे। उन्होंने आर्य समाज के वेद भवन पर एक प्रेस वार्ता करते हुए बताया कि महर्षि दयानंद की 200वीं जयंती पर "ज्ञान ज्योति पर्व एवं स्मरणोत्सव" मनाने हेतु उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में एक कमेटी गठित की गई है। इस कार्यक्रम को भव्य एवं विस्तृत रूप से मनाने के लिए भारत सरकार द्वारा भी प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में एक कमेटी गठित हुई है। इन दोनों ही समितियों में आर्य प्रतिनिधि सभा उत्तर प्रदेश लखनऊ के प्रधान के रूप में उन्हें (देवेंद्र पाल आर्य) विशेष सदस्य बनाया गया है। श्री आर्य ने बताया कि गुरुकुल सिरसा में होने वाला यह भव्य आर्य कार्यक्रम आर्य प्रतिनिधि सभा उत्तर प्रदेश तथा पर्यटन एवं संस्कृति मंत्रालय, उत्तर प्रदेश के सहयोग से मनाया जा रहा है। इस तीन दिवसीय कार्यक्रम के लिए आर्य समाज के अनेक विद्वानों, सन्यासियों तथा भारत एवं उत्तर प्रदेश सरकार के कई मंत्रियों को आमंत्रित किया गया है। आयोजन समिति के निमंत्रण पर केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान के आगमन का कार्यक्रम आ चुका है। गुजरात के राज्यपाल सहित अन्य कई राज्यपालों को भी कार्यक्रम में भागीदारी करने के लिए आमंत्रित किया गया है। श्री आर्य ने यह भी बताया कि उक्त कार्यक्रम की सफलता के लिए 3 नवंबर को वेद प्रचार रथ को उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं सांस्कृतिक मंत्री जयवीर सिंह तथा आर्य प्रतिनिधि सभा उत्तर प्रदेश के प्रधान के रूप में वह स्वयं हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। यह वेद प्रचार रथ उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में आर्य समाज का प्रचार-प्रसार करते हुए लोगों से अधिक से अधिक संख्या में गुरुकुल महाविद्यालय सिरसा में होने वाले इस कार्यक्रम में शामिल होने की अपील करेंगे। उन्होंने जनपद बिजनौर की सभी आर्य समाज इकाइयों के पदाधिकारियों एवं सदस्यों से उक्त कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आह्वान किया। प्रेस वार्ता के दौरान उत्तर प्रदेश आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रदेश उप मंत्री विजेंद्र सिंह आर्य ने जानकारी देते हुए बताया कि इस भव्य कार्यक्रम को उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ विशेष अतिथि के रूप में संबोधित करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता आर्य समाज के प्रधान देवेंद्र पाल सिंह आर्य करेंगे। जनपद बिजनौर से उक्त कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जनपद की विभिन्न आर्य समाज इकाइयों से 10 बसों का प्रबंध किया गया है।

प्रेस वार्ता के बाद आर्य समाज बिजनौर के मंत्री विद्या भूषण बिश्नोई (89 वर्ष) का 30 अक्टूबर, बुधवार को देहांत हो जाने पर दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोक ग्रस्त परिजनों के लिए इस दुखद घड़ी में साहस एवं धैर्य प्रदान करने की परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना की गई।

# स्वर्णमयी अन्नपूर्णा के दरबार में सजी अन्नकूट की झांकी,अन्तिम दिन दर्शन के लिए उमड़े श्रद्धालु

**टीम एक्शन इंडिया**

**वाराणसीः श्री काशी** विश्वनाथ की नगरी में ज्योतिपर्व के दूसरे दिन शनिवार को श्री काशी विश्वनाथ दरबार,माता अन्नपूर्णा मंदिर सहित सभी प्रमुख मंदिरों में उल्लासपूर्ण माहौल में अन्नकूट महोत्सव मनाया गया। स्वर्णमयी अन्नपूर्णेश्वरी मंदिर के गर्भगृह में 511 क्विंटल 56 भोग माता रानी को लगाया गया। महंत शंकरपुरी महाराज ने विधि विधान से माता की आरती उतारी। मां अन्नपूर्णा के गर्भ गृह में लड्डूयों से मंदिर बनाया गया। मध्यान भोग आरती के बाद मंदिर में आये हुए भक्तों में इस प्रसाद को वितरित किया गया। मंदिर में रात 11 बजे स्वर्णमयी माता अन्नपूर्णा की आरती कर माता के स्वर्णमयी विग्रह के कपाट अगले वर्ष धनतेरस तक के लिए मान्यता के अनुरूप बंद कर दिए जायंगे। मंदिर में सिर्फ पुजारी और महंत ही नियमित भोग आरती करेंगे। आम श्रद्धालुओं को माता रानी के स्वर्णमयी विग्रह का एक साल बाद धनतेरस पर्व पर ही दर्शन मिलेगा। मंदिर के अन्नकूट महोत्सव में शामिल होने के लिए श्रद्धालु सुबह से ही पहुंचने लगे। महंत शंकरपुरी ने बताया कि पांच दिवसीय स्वर्णमयी अन्नपूर्णा के दर्शन के बाद अन्नकूट पर्व पर अपराह्न में भोग आरती के बाद प्रसाद पाने के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। गौरतलब हो कि इस बार माता अन्नपूर्णा के अन्नकूट महोत्सव में चढ़ने वाले भोग प्रसाद को केरल से आए इलायची और नेपाल से आए विशेष मसाले से तैयार किया गया। इसे वहां के श्रद्धालुओं ने मंदिर में भेजा था। मंदिर में 105 कारीगर दिन और रात अन्नकूट महोत्सव का 56 भोग प्रसाद तैयार करने में लगे थे। अन्नकूट पर कच्चा और पक्का मिलाकर इस बार 511 क्विंटल भोग तैयार किया गया था।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 03 नवंबर 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

फास्ट न्यूज

## महिला एवं बाल गृहों में दिखी दीपावली की रौनक

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ: दीपावली** का पर्व इस बार प्रदेश के महिला एवं बाल गृहों में एक अलग अंदाज में मनाया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश के कई प्रशासनिक अधिकारियों ने इन गृहों को गोद लेकर बच्चों और महिलाओं के साथ दीपावली का त्योहार मनाया। योगी सरकार की यह अनोखी पहल समाज सेवा की एक नई मिसाल पेश कर रही है, जहाँ अधिकारियों ने अपना व्यक्तिगत समय देकर इन बच्चों के जीवन में खुशियाँ बिखेरीं।

**अधिकारियों ने निभाई समाज सेवा की अनूठी मिसाल**

इस दीपावली, अधिकारियों ने अपने-अपने परिवार के साथ बाल गृहों में पहुँचकर बच्चों के साथ दीप जलाए, मिठाई बाँटी, और उनका हाल-चाल जाना। इस मौके पर इन गृहों में रह रहे बच्चों और महिलाओं के चेहरे पर भी पारिवारिक माहौल की रौनक दिखी। बच्चों ने बताया कि उनके लिए यह अनुभव बेहद खास था क्योंकि उन्होंने पहली बार इतने सारे लोगों के साथ उत्सव मनाया। अधिकारियों ने बच्चों के साथ समय बिताते हुए यह महसूस कराया कि वे भी समाज का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और उनकी खुशियाँ भी उतनी ही कीमती हैं जितनी किसी अन्य व्यक्ति की। बता दें कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने एक शासनादेश जारी कर अधिकारियों को प्रदेश भर में संचालित महिला एवं बाल गृहों को गोद लेकर उनके साथ त्योहार पर समय बिताने का निर्देश दिया था। इसके बाद, इन गृहों में एक नई ऊर्जा और खुशियों का संचार हुआ। बच्चों और महिलाओं को ऐसा लगने लगा कि वे भी किसी परिवार का हिस्सा हैं। अधिकारियों ने इन गृहों में पहुचकर न केवल औपचारिक निरीक्षण किया, बल्कि बच्चों के साथ भावनात्मक रूप से जुड़ने की कोशिश की। इस पहल के चलते दीपावली का पर्व इन बच्चों के लिए एक यादगार अनुभव बन गया।

## चीन के अंतरिक्ष स्टेशन का मिरर प्लेटफॉर्म चालू

**बीजिंग।** चीन के अंतरिक्ष स्टेशन का मिरर प्लेटफॉर्म चालू हो गया है। इस स्टेशन ने 30 अक्टूबर को नए शेनझोउ-19 चालक दल का स्वागत किया। इस मिरर प्लेटफॉर्म ने इसी के साथ ऑपरेशन के चरण में प्रवेश किया। यह प्लेटफॉर्म अंतरिक्ष स्टेशन पर किए गए वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए महत्वपूर्ण है। ग्लोबल टाइम्स की खबर में चीन की विज्ञान अकादमी के राष्ट्रीय अंतरिक्ष विज्ञान केंद्र के हवाले से यह जानकारी दी गई है।

# उत्तर प्रदेश में पर्यटन का महत्वपूर्ण मंच बना महाकुम्भ

### हजारों परिवार को मिलेगा रोजगार, उपेक्षित पर्यटन सेक्टर को योगी सरकार ने दिया नया स्वरूप

कायाकल्प

▸▸ पर्यटन को गति देने के लिए पूरे प्रयागराज में विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं

**टीम एक्शन इंडिया**

**प्रयागराज: उत्तर प्रदेश** की योगी सरकार प्रदेश में पारम्परिक भारतीय मूल्यों और अतिथि देवो भव की संकल्पना पर पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं और वातावरण प्रदान कर रही है। सरकार के इस भागीरथ प्रयत्न से प्रदेश में पर्यटन सेक्टर का कायाकल्प हो रहा है। महाकुम्भ जैसा विशाल जन समागम इसे बड़ा मंच प्रदान कर रहा है। पर्यटन को गति देने के लिए पूरे प्रयागराज में विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, जिससे महाकुम्भ के दौरान न सिर्फ वेंडर्स और सेवा प्रदाताओं की आय बढ़ेगी, बल्कि 45 हजार से अधिक परिवारों को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार भी मिलेगा। इसके साथ ही समस्त धार्मिक पर्यटन स्थलों के आसपास भी रोजगार के नए स्रोत विकसित होंगे।

**कौशल विकास और प्रबंधन से यूपी में बदल रही पर्यटन की तस्वीर:** उत्तर प्रदेश में वर्ष 2017 से उपेक्षित पड़े पर्यटन सेक्टर को प्रदेश की योगी सरकार ने नया आयाम दिया है। 16 नवम्बर, 2022 को उत्तर प्रदेश की नई पर्यटन नीति-2022 को मंजूरी मिलने के बाद पर्यटन क्षेत्र के विकास का नक्शा बदलना शुरू हुआ। नई पर्यटन नीति से प्रदेश में 20 हजार करोड़ के निवेश और 10 लाख लोगों को रोजगार देने का लक्ष्य रखा गया है। इसमें भी सबसे पहले पर्यटन सेक्टर से जुड़े सर्विस प्रोवाइडर को कौशल विकास और प्रबंधन से जोड़ना महत्वपूर्ण है। महाकुम्भ इसमें बड़ा मंच साबित हो रहा है। प्रयागराज की क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अपराजिता सिंह का कहना है कि महाकुम्भ में पर्यटकों से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से सम्पर्क में आने वाले सभी सेवा प्रदाताओं को प्रशिक्षित करने का अभियान शुरू किया गया है। नाविकों, टूर गाइड, स्ट्रीट वेंडर्स और स्ट्रीट वेंडर्स जैसे सेवा प्रदाताओं को कौशल विकास और मैनेजमेंट की ट्रेनिंग दी जा रही है।

**नाविकों को मिल रही नई भूमिका, रिवर गाइड होंगे नाविक:** उत्तर प्रदेश में धार्मिक स्थलों में नदियों में नौका संचालन से आजीविका चलाने वाले नाविकों की आय बढ़ाने और क्षमताओं का विकास कर योगी सरकार उन्हें नई भूमिका दे रही है। पर्यटन विभाग 2000 नाविकों को इसका प्रशिक्षण दे रहा है। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अपराजिता सिंह बताती हैं कि पर्यटन विभाग ने मान्यवर कांशीराम पर्यटन प्रबंधन संस्थान और एक अन्य संस्था के साथ एक एमओयू साइन किया है जिसके अंतर्गत यह ट्रेनिंग चल रही है, जिसमें अभी तक 300 नाविकों को कौशल विकास की ट्रेनिंग दी जा चुकी है।

इस प्रशिक्षण से नाविक अब नौकायन से आगे बढ़कर रिवर गाइड की भूमिका का निर्वहन कर सकेंगे।



### 45 हजार से अधिक परिवारों को मिलेगा रोजगार

**योगी** सरकार की नई पर्यटन नीति पर्यटन क्षेत्र के लिए जहां गेम चेंजर साबित हो रही है वहीं इससे रोजगार की असीमित सम्भावनाएं खुल गई हैं। महाकुम्भ के पूर्व पर्यटन से जुड़े इन सेवा प्रदाताओं स्किल डेवलपमेंट और मैनेजमेंट की ट्रेनिंग देने से बड़ी तादाद में युवाओं को रोजगार मिलेगा। उनकी आमदनी बढ़ेगी। क्षेत्रीय पर्यटक अधिकारी के मुताबिक महाकुम्भ के पहले इस ट्रेनिंग कैम्पेन से 45 हजार से अधिक परिवारों को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा। इसके साथ ही इन धार्मिक पर्यटन स्थलों के आसपास भी रोजगार के नए स्रोत विकसित होंगे।

### स्ट्रीट वेंडर्स-टैक्सी ड्राइवर्स को भी दी जा रही है ट्रेनिंग

**पर्यटकों** को गुणवत्तापूर्ण सेवाओं की डिलीवरी देने के लिए पर्यटन सेक्टर में प्रशिक्षित जनशक्ति पूल का निर्माण करना बड़ी आवश्यकता है। महाकुम्भ में आने वाले पर्यटकों के आतिथ्य में यह जन शक्ति उपयोगी साबित हो सकती है। प्रयागराज की क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी का कहना है कि महाकुम्भ के पूर्व पर्यटन क्षेत्र से जुड़े सभी सेवा प्रदाताओं और जनशक्ति को कुशल बनाने के लिए टूर गाइड और नाविकों के साथ-साथ अब शहर के स्ट्रीट वेंडर्स और टैक्सी ड्राइवर्स को भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। स्ट्रीट वेंडर्स शहरी अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण घटक हैं जो एक तरफ जहां स्थानीय लोगों तक रोजमर्रा की आवश्यक उपयोगी वस्तुओं को पहुंचाते हैं,वहीं बाहर से आने वाले पर्यटकों के साथ भी उनका सम्पर्क होता है। पर्यटकों के साथ व्यवहार के प्रति संवेदनशील बनाने और पर्यटक स्थलों एवं मार्गों पर स्वच्छता की जानकारी देने के लिए इनका प्रशिक्षण भी आवश्यक है। प्रयागराज में 600 स्ट्रीट वेंडर्स और 600 टैक्सी ड्राइवर्स को इसका प्रशिक्षण दिया जाना है। इसके अंतर्गत अभी तक 250 स्ट्रीट वेंडर्स और 120 टैक्सी ड्राइवर्स को ट्रेनिंग दी जा चुकी है।



उत्तराखंड के मुख्यमंत्री ने 2.54 करोड़ की लागत से पूर्णागिरि मंदिर के जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण कार्य का किया शिलान्यास।

## जीतू ने सीएम डॉ. यादव को लिखा पत्र



**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल: मध्य** प्रदेश में शनिवार को गोवर्धन पूजा के कार्यक्रम सरकार द्वारा आयोजित किए जा रहे है। प्रदेश के सभी संभाग, जिले, तहसील व गांवों में गौशालाओं में गोवर्धन पूजा के लिए शासकीय कायक्रमों का आयोजन हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव खुद भोपाल एवं ग्वालियर में गोवर्धन पूजन करेंगे और संस्कृति विरासत और गौ संवर्धन के संदेश देंगे। इस बीच सरकार के इस आयोजन पर विपक्ष ने निशाना साधा है। मप्र कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने मुख्यमंत्री के फैसले पर सवाल उठाते हुए उन्हें पत्र लिखा है, जिसमें उन्होंने सड़कों पर घूम रही गायों की रक्षा की मांग की है। जीतू पटवारी ने अपने पत्र में लिखा कि आज गोवर्धन पूजा का शुभ-पावन प्रसंग है। पशुपालक अपने गोधन का श्रृंगार कर, पूजन और वंदन कर रहे हैं।

## 50 परियोजनाओं पर तेज गति से काम कर रहा पीडीए

**टीम एक्शन इंडिया**

**प्रयागराज: प्रयागराज में** महाकुम्भ की तैयारियों के तहत सड़क चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण के कार्य तेजी से प्रगति पर हैं। प्रयागराज विकास प्राधिकरण (पीडीए) ने इस विशाल आयोजन को सफल बनाने के लिए तैयारियों में कोई कसर नहीं छोड़ी है। महाकुम्भ में श्रद्धालुओं और पर्यटकों के सुगम आवागमन के लिए शहर की प्रमुख सड़कों का चौड़ीकरण और मजबूती का कार्य 30 नवम्बर तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

**31 परियोजनाएं 15 नवम्बर तक पूरी होंगी**

महाकुम्भ आयोजन को सुगम और स्मरणीय बनाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। महाकुम्भ के मद्देनजर पीडीए कुल 50 परियोजनाओं पर कार्य कर रहा है। इनमें से 4 परियोजनाएं पहले ही पूरी की जा चुकी हैं। महाकुम्भ में अभी 70 दिनों से ज्यादा का समय है, जिसे देखते हुए पीडीए का उद्देश्य 31 परियोजनाओं को 15 नवम्बर तक पूर्ण कर लेना है, जिससे जल्द शहर के बुनियादी ढांचे में सुधार लाया जा सके।

बाकी बची 15 परियोजनाओं को 30 नवम्बर तक पूरा करने की योजना है। इनमें सड़कों का चौड़ीकरण, ड्रेनेज सिस्टम, लाइटिंग, और अन्य बुनियादी सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण शामिल है। इससे शहर में यातायात सुगम होगा।




लक्ष्य निर्धारित

▸▸ महाकुम्भ में श्रद्धालुओं के स्वागत को तैयार हो रहा प्रयागराज, चार परियोजनाओं का कार्य हुआ पूर्ण

## 'राष्ट्रीय गंगा उत्सव' का आगाज

नमामि गंगा

▸▸ पूरा देश मनाएगा चार नवम्बर को राष्ट्रीय नदी दिवस, गंगा के संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण का संकल्प भी

**टीम एक्शन इंडिया**

**वाराणसी:** गंगा का संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण और स्वच्छ बनाने के संकल्प के साथ जल शक्ति मंत्रालय राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन नमामि गंगे की ओर से चार नवंबर को पूरे देश में वार्षिक कार्यक्रम " राष्ट्रीय गंगा उत्सव" का आयोजन किया जाएगा।



इसी कड़ी में शनिवार को श्री काशी विश्वनाथ धाम के गंगा द्वार से इसका आगाज किया गया। गंगा किनारे रची-बसी सांस्कृतिक समृद्धि के उल्लास गंगा उत्सव में बढ-चढ़कर भागीदारी निभाने का आह्वान नमामि गंगे की टीम ने किया। नमामि गंगे काशी क्षेत्र के संयोजक राजेश शुक्ला के संयोजन में स्थानीय नागरिकों के साथ ग्रीस देश से काशी आए विदेशी पर्यटकों ने भी राष्ट्रीय नदी गंगा के लिए राष्ट्रध्वज लेकर स्वच्छता की ओर कदम बढ़ाने की अपील लोगों से की। राजेश शुक्ला ने बताया कि नमामि गंगे का प्रयास " गंगा उत्सव" के माध्यम से गंगा की अविरलता और निर्मलता की दिशा में ज्यादा से ज्यादा लोगों, खासकर युवाओं और छात्रों को जोड़ना है।

## तीन घरों में मातम: हादसे ने ली तीन युवकों की जान

**टीम एक्शन इंडिया**

**बिजनौर: बिजनौर** जनपद में सुबह हुए हादसे के बाद तीन घरों में मातम पसर गया। दीपावली पर हुए इस हादसे में तीन घरों के चिराग बुझ गए। भाई दूज से एक दिन पहले हुए इस हादसे में तीन बहनों के भाइयों की मौत हो गई। नजीबाबाद रोड पर अचानक सामने आए सांड को बचाने के लिए अचानक ब्रेक लगाए तो कार अनियंत्रित हो गई जो कि पेड़ से टकराकर जा पलटी।



हादसे में तीन दोस्तों की मौत हो गई जबकि तीन जिंदगी और मौत से जूझ रहे हैं।

बताया गया कि सारांश और एक अन्य दोस्त का जन्मदिन था। जिसके चलते सभी छह दोस्त खाना खाने की तैयारी में थे। इसी बीच अचानक नजीबाबाद रोड की ओर जा रहे थे।

मातम पसरा

▸▸ दीपावली पर हुए इस हादसे में तीन घरों के चिराग बुझ गए। भाई दूज से एक दिन तीन भाइयों की मौत हो गई

## रिहायशी इलाके में आ धमका हाथियों का झुंड

**हरिद्वार:** शहर के आबादी क्षेत्र में हाथियों के आने का सिलसिला लगातार जारी है। हाथियों का एक झुंड शनिवार को कनखल के गणपति धाम फेस तीन के राजा गार्डन में आ धमका। हाथियों का झुंड कॉलोनी की गलियों से होता हुआ गाड़ियों के बीच से जाता हुआ दिखाई दिया। हालांकि हाथियों ने किसी को कोई नुकसान नहीं पहुंचाया और आराम से कॉलोनी की सड़कों से होते हुए वापस जंगल की ओर चले गए, जिसके बाद लोग घरों से बाहर निकले और राहत की सांस ली।

आस्था

### पांच से आठ नवंबर तक चलेगा लोक आस्था का महापर्व छठ

## देवभूमि पर छठ की छटा बिखेरने की तैयारी

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून:** भारतीय संस्कृति, सभ्यता व लोक आस्था पर्व दीपावली-दीपोत्सव के बाद अब सूर्य की साधना का छठ महापर्व पांच नवंबर से शुरू होगा। लोक आस्था का महापर्व हर साल कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को मनाया जाता है। छठ पर्व पर महिलाएं कठिन व्रत रख सायंकाल नदी तालाब या जल से भरे स्थान पर खड़े होकर अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को अर्घ्य देंगी और दीप जला रात्रि जागरण कर गीत, कथा आदि के माध्यम से भगवान सूर्य नारायण की महिमा का बखान करेंगी। लोक आस्था का महापर्व




छठ पांच से आठ नवंबर तक चलेगा। यह व्रत केवल महिलाएं ही नहीं, बल्कि पुरुष भी रखते हैं। वैसे तो छठ महापर्व सात नवंबर को मनाया जाएगा लेकिन इससे जुड़ी तमाम पूजा व परंपरा दो दिन पहले यानी पांच नवंबर को ही नहाय-खाय के साथ प्रारंभ होगी जबकि व्रत का समापन आठ नवंबर को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ होगा। चार दिन तक चलने वाले छठ पर्व पर छठी मैय्या और सूर्यदेव की पूजा होती है। मुख्य पूजा सात नवंबर को होगी। कार्तिक माह के चतुर्थी तिथि यानी पहले दिन नहाय-खाय, दूसरे दिन खरना, तीसरे दिन डूबते सूर्य को अर्घ्य और चौथे दिन उगते सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। इस दिन संतान के स्वास्थ्य, सफलता और दीघार्यु के लिए माताएं पूरे 36 घंटे का निर्जल व्रत रखेंगी।

**भावना, उम्मीदों और खुशियों से जुड़ा है छठ महापर्व**

यूं तो छठ बिहार का महापर्व है। बिहारवासियों के लिए छठ सिर्फ एक महापर्व नहीं, बल्कि लोगों की भावना, उम्मीदों और खुशियों से जुड़ा है। कई लोगों के लिए छठ वर्ष में एक बार पूरे परिवार के साथ रहने का सुनहरा अवसर है तो कई लोगों के लिए यह ठेकुआ और खीर खाने का मौका।

www.actionindialive.com

जब चाहें, जहां चाहें
ताजा खबरों से अपडेट रहें




H.O: Action Balaji House, Majlis Park, Near Rakesh Bhardwaj Chowk, Delhi- 110033

B.O: Shakti Complex, 6/18, Main Gt Road, Samaypur Industrial Area, Delhi -110042

9999889104, 8447314925